आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
09.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.58
सूर्यास्त 05.18


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 6, अंक 254, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये







मा. योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

# बीडीए बरेली को बना रहा ग्रेटर...








मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय



● मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम

बरेली को नाथ नगरी के नाम से जाना जाता है। शहर की चारों दिशाओं में भगवान भोलेनाथ के सात प्राचीन नाथ मंदिर हैं। इन नाथ मंदिरों से लाखों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है, लेकिन अब बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) इसमें एक नया नाम जोड़ने जा रहा है और वह है ग्रेटर बरेली। बीडीए, बरेली शहर को इस प्रकार से विकसित करने को प्रयासरत है कि जल्द ही आस्था, औद्योगिक के क्षेत्र में इसे ग्रेटर बरेली के रूप में नई पहचान मिलेगी। रामगंगा नगर आवासीय योजना, ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के साथ ही अब पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप विकसित होने के साथ ही बरेली को औद्योगिक हब बनाने के लिए बीडीए राहपुरा जागीर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द ही विकसित करने जा रहा है। बीडीए की योजनाओं में बरेली के हर वर्ग की जुबान पर रामायण वाटिका का नाम है। भक्ति और पर्यटन का संगम बनने जा रहे रामायण वाटिका में भगवान श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा को आकर्षक रूप देने के लिए लैंडस्केपिंग, लाइटिंग और सुंदर मूर्तिकला पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका अनावरण करेंगे।

## रूद्रावनम में दिखेगा नाथ नगरी का वैभव

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने ग्रेटर बरेली के सेक्टर सात में रुद्रावनम प्रस्तावित किया है। रुद्रावनम के 23 एकड़ रकबे में से 2 .5 एकड़ रकवे में नाथ म्यूजियम विकसित किया जा रहा है, इसका मॉडल बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया था। अब इसको धरातलीय रूप देने में बीडीए अफसर जुट गए हैं।

## धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

बीडीए अधिकारियों के मुताबिक, रामायण वाटिका को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है कि यह धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र बने। यहां आने वाले लोगों को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों से जुड़ी झलकियां देखने को मिलेंगी। इसके साथ ही वाटिका में पौधों, मूर्तियों और थीम आधारित संरचनाओं के जरिए रामायण काल का वातावरण तैयार किया जा रहा है। हर झांकी में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी के प्रसंग दिखाए जाएंगे।

## अवैध निर्माण पर शिकंजा, इंडस्ट्रियल टाउनशिप से रोजगार की बहार

बरेली के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए रहपुरा जागीर क्षेत्र में 113 हेक्टेयर जमीन पर इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाने को बीडीए ने तैयारी कर ली है। टाउनशिप को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सड़कों से लेकर ऊर्जा आपूर्ति तक, हर व्यवस्था सोलर आधारित होगी ताकि यह परियोजना पर्यावरण के अनुकूल मॉडल बन सके।



● बीडीए का स्काई-वे अपार्टमेंट।

## आवासीय योजनाओं से शहर के विस्तार को लग रहे हैं पंख



किसी भी शहर की मूल आवश्यकताओं में बिजली, पानी, सड़क, सीवर, पार्क, खेलकूद मैदान, बैंक और स्कूल को अहम माना जाता है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की रामगंगा नगर आवासीय योजना में यह सब समाहित है। बीसलपुर-बड़ा बाईपास रोड के किनारे 672 एकड़ व 12 सेक्टर में बसाई जा रही रामगंगा नगर आवासीय योजना में प्रत्येक सेक्टर की अपनी अलग खासियत है। सेक्टर एक में बड़े पार्क के बीच सरोवर-तालाब भी विकसित हो रहा। सेक्टर दो में रामायण वाटिका, बीडीए कार्यालय स्थापित किया गया है। सेक्टर-तीन में आठ हजार वर्गमीटर में एक इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड और राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का कार्यालय, सेक्टर-चार में सीयूजीएल का पेट्रोल पंप व कई अन्य व्यावसायिक गतिविधियां शामिल हैं। सेक्टर-पांच में कई अस्पतालों को विकसित कर ने की योजना है, जिसके लिए भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। सेक्टर छह में एलआईसी ऑफिस समेत कई अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाए जा रहे हैं। सेक्टर सात में वेदांता अस्पताल बनकर तैयार है, जिसका संचालन भी शुरू हो चुका है।



● रास्तों का चौड़ीकरण

# 22 करोड़ की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित

रामगंगानगर में 22 करोड़ रुपये की लागत से 33,000 वर्गमीटर जमीन पर हरित रामायण वाटिका विकसित की जा रही है। इसमें भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनेगी। वाटिकाओं में दिखेगा वनवासी जीवन। बीडीए द्वारा विकसित रामायण वाटिका का 90 परसेंट तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बीडीए वीसी के अनुसार भगवान श्रीराम के वनवासी जीवन को छह अलग-अलग वाटिकाओं के माध्यम से दर्शाया जा रहा है। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम जहां-जहां से गुजरे उससे संबंधित वाटिकाओं का निर्माण किया किया गया है। उस जगह से संबंधित पेड़ों को भी वाटिका में लगाया गया है। इसके जरिए उनके जीवन के अनुभव को दर्शाने की कोशिश की गई है।



**3000** से ज्यादा विजिटर्स रामायण वाटिका की खूबसूरती देखने और शांत माहौल के लिए आते हैं।

**500** से ज्यादा नीम, अशोक, पीपल और आंवला जैसे कई खास और दवा वाले पौधे।

**150** से ज्यादा रंग- बिरंगे पौधों का प्रयोग करके तैयार की गई मूर्तियां और डिजाइन बनाए गए हैं।

## ये हैं बीडीए के प्रमुख प्रोजेक्ट

बीडीए अधिकारियों के अनुसार, शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए कई प्रमुख प्रोजेक्ट को बीडीए की ओर से धरातल पर लाने की तैयारी है। इसमें रामायण वाटिका पूरी तरह से तैयार है इसके साथ ही नाथ म्यूजियम, पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप, साइंस पार्क, रूदावनम और इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी जल्द धरातल पर नजर आएगी।

## बरेली बनेगा इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब का नया केंद्र



लॉजिस्टिक हब शुरू होते ही बरेली ट्रांसपोर्ट और सप्लाई चेन का बड़ा केंद्र बनने की ओर बढ़ेगा। इससे न सिर्फ शहर, बल्कि आसपास के जिलों का औद्योगिक विकास भी तेज़ होगा। बीडीए ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि तकनीकी औपचारिकताएं पूरी होते ही परियोजना शुरू कर दी जाएगी। आने वाले वर्षों में बरेली उत्तर प्रदेश के प्रमुख इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब के रूप में उभर सकता है।

## लाइब्रेरी नहीं, किताबों का संसार कहो



बीडीए की रामगंगा नगर आवासीय योजना में विकसित हो रही लाइब्रेरी को किताबों का संसार कहना गलत नहीं होगा। चार मंजिला इस लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी एरिया, ब्रेल सेक्शन, जनरल रीडिंग, कैंटीन के साथ ही इतिहास, फिजियोलॉजी, जर्नलिज्म, वास्तुशास्त्र समेत ऑडियो-वीडियो विजुअल कक्ष भी शामिल होंगे।



"भविष्य की सभी तैयारियों के साथ अगले 20 से 50 वर्षों के दृष्टिगत हमारा शहर किस दिशा में प्रगति करेगा एवं उस समय तक हमारी क्या-क्या आवश्यकताएं होंगी, उसके दृष्टिगत हम लोग आज से ही अपने शहर को सुनियोजित बनाएंगे, जिससे जन सामान्य की आशाओं, आकांक्षाओं की प्रगति उपलब्ध हो सके। बीडीए सभी योजनाओं को भविष्य की जरूरत के अनुसार धरातल पर लाने का कार्य कर रहा है।

– **भूपेंद्र एस चौधरी**, मंडल आयुक्त बरेली



"शहर को विकास के पथ पर अग्रणी बनाने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। लोगों की जरूरतों के अनुरूप आवासीय योजनाओं को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही पीलीभीत बाईपास रोड पर नई टाउनशिप के साथ ही इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी विकसित की जाएगी जिससे बरेली को इंडस्ट्रियल हब बनाने का प्रयास है। रामायण वाटिका, कन्वेंशन सेंटर, स्काई-वे अपार्टमेंट, लाइब्रेरी समेत लोगों की हर आवश्यकताओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। – **डॉक्टर मनिकंडन ए, उपाध्यक्ष बीडीए**



"बरेली विकास प्राधिकरण निरंतर शहर के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। राम गंगानगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के बाद अब दो अन्य टाउनशिप समेत आम जन के हितकारी तमाम प्रोजेक्ट जल्द धरातल पर नजर आएंगे।

– **वन्दिता श्रीवास्तव**, सचिव बीडीए

## 15 वातानुकूलित कमरों के साथ कन्वेंशन सेंटर में गूंजेगी शहनाई



बीडीए द्वारा विकसित किए जा रहे कन्वेंशन सेंटर में 600 व 200 व्यक्तियों की क्षमता के लिए कांफ्रेंस हाल, 15 वातानुकूलित कमरों के साथ ही विवाह व अन्य आयोजन के लिए एक लॉन भी है। वहीं 300 वाहनों के लिए वृहद पार्किंग स्थल भी शामिल है।


ADVT

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे में युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** हल्दौर थाना क्षेत्र में बिजनौर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार राजपाल (35) की मौत हो गई, जबकि उनके ससुर नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा खासपुरा गांव के पास हुआ, जब राजपाल नूरपुर के मंगोलपुरा स्थित घर से ससुर को पुट्ठा गांव छोड़ने जा रहे थे। वाहन ने उनकी बाइक को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। मां मूर्ति देवी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तीन महीने पहले पत्नी नीतल का बीमारी से निधन हो गया था।



### बाइक की टक्कर से बच्चे की जान गई

**नूरपुर, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला बंजारान निवासी जावेद अली का 6 वर्षीय पुत्र मौहम्मद अली पंजाब नेशनल बैंक के सामने सड़क पार करते हुए एक बाइक की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को धामपुर चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बगैर कानूनी कार्यवाही के शव को घर ले गए।



# पेड़ों की छंटाई कर रहे मजदूर की करंट से मौत

## पेड़ के पास से गुजर रही एचटी लाइन की चपेट में आया इरफान

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र की मानसरोवर कॉलोनी में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। पेड़ों की छंटाई कर रहे एक मजदूर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान इरफान निवासी पाकबड़ा के रूप में हुई है। जो मजदूर था।



मृतक इरफान।

बुधवार सुबह एक व्यक्ति इरफान को पेड़ काटने का काम दिलाने के लिए मानसरोवर कॉलोनी लेकर आया था। कोठी के सामने लगे बड़े पेड़ की छंटाई के दौरान इरफान जैसे ही ऊपर चढ़ा पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। तेज करंट लगने से वह चीख भी नहीं सका और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। करंट लगने के बाद इरफान का शरीर घंटों तक पेड़ पर लटका रहा। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लिया और कड़ी मशक्कत के बाद शव को पेड़ से नीचे उतारकर कब्जे में लिया। भाई फुरकान ने बताया कि इरफान को पेड़ काटने के लिए एक व्यक्ति लेकर आया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार में इरफान की मौत से कोहराम मचा हुआ है।



मजदूर की मौत के बाद घटनास्थल पर जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

- मानसरोवर कॉलोनी की घटना मौके पर जुटी भीड़, घंटों बाद पेड़ से उतारा गया शव

### काशी विश्वनाथ और अवध-असम भी बुधवार को रही कैंसिल

# सर्दी का असर: जनसेवा एक्सप्रेस तीन माह के लिए रद्द

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सर्दी का सितम बढ़ते ही ट्रेनों पर असर दिखने लगना है। लंबे रूटों की ट्रेनें अब रद्द हो रही है। सर्दी बढ़ते ही जनसेवा तीन माह के लिए रद्द हो गई है। काशी विश्वनाथ और अवध-असम भी बुधवार को कैंसिल रही। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एक दिसंबर से अचानक से मौसम ने करवट ली थी।सुबह समय की सर्दी हो रही थी,लेकिन तीन चार दिनों से सुबह को कोहरे के साथ गलन भी शुरू हो गई है। तड़के पांच बजे से लेकर सात बजे तक हाईवे पर गुजरने वाले वाहन चालक अपने वाहनों की लाईटें जलाकर निकलते हैं। जिसका असर अब ट्रेनों पर भी पड़ रहा है।

लंबे रूट की ट्रेनें या तो रद्द हो रही है या फिर निश्चित समय से चार से पांच घंटे देरी से चल रही है। रेलवे के अधिकारियों की माने तो सर्दी बढ़ते ही जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन तीन माह के लिए रद्द कर दी गई है। जबकि काशी विश्वनाथ और अवध-असम भी अधिक लेट होने के कारण बुधवार को कैंसिल रही। वहीं सप्ताह में एक दिन चलने वाली गरीब रथ भी तीन माह के लिए बंद हो गई है। समय से ट्रेनें नहीं मिलने के कारण यात्रियों को परेशानी आ रही है।



रामपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

### बसों और डग्गामार का ले रहे सहारा

कोहरे की वजह से ट्रेनें रद्द होने या देरी से चलने के कारण जाना रामपुर से मुरादाबाद तक अप डाउन करने वाले दैनिक यात्री अब बसों या फिर डग्गामार वाहनों से सफर करने को मजबूर हैं। बहुत से यात्री रन थ्रो जाने वाली ट्रेनों के रामपुर में रुकने पर उसमें र मुरादाबाद तक का सफर तय करते हैं।

### रामपुर सांसद ने सदन में उठाए रेलवे से जुड़े मुद्दे

रामपुर, अमृत विचार : सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने बुधवार को सदन में स्पीकर के सामने रामपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा रखा। कहा कि रामपुर के लोग पंजाब चंडीगढ़ दिल्ली व अन्य शहरों में ट्रेनों से जाते हैं। रेलवे स्टेशन से रोजाना लगभग 70 ट्रेन गुजरती है। रामपुर में कम ही ट्रेनों का ठहराव है।जिससे रामपुर की जनता को काफी परेशानी होती है। लोग मुरादाबाद व अन्य स्टेशनों से ट्रेनों से दूसरे शहर जाते हैं। रेलवे स्टेशन पर कम ट्रेन रुकने से रामपुर की जनता को परेशानी होती है। इसलिए रेलवे स्टेशन पर ज्यादा ट्रेन रूकनी चाहिए। जिससे जनता को परेशानी न हो।सहूलियत मिल सके यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

### सेना पर टिप्पणी मामले में आज आ सकता फैसला

**रामपुर, अमृत विचार:** सपा नेता आजम खां ने सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। इसमें अंतिम बहस पूरी हो चुकी है। मुकदमा भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जून 2017 को सिविल लाइंस कोतवाली में कराया था। तब आजम खां सांसद थे। आजम खां सपा कार्यालय पर अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। वह केंद्र और प्रदेश सरकार के विरोध में बोल रहे थे। अचानक उन्होंने सेना के जवानों को लेकर आपत्तिजनक बयानबाजी कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में पूरी हो चुकी है।इसके अलावा किसानों से जुड़े मामलों में भी सुनवाई हुई।

# रेल कर्मियों के हित में उठाए मुद्दे



मनन सभागार में बैठक करते डीआरएम संग्रह मौर्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीआरएम की अध्यक्षता में कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक

**अमृत विचार :** रेल मंडल कार्यालय के मनन सभागार में मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य की अध्यक्षता में बुधवार को ऑल इंडिया एससी./एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें उनकी मांगों पर विचार कर नियमानुसार पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में रेल कर्मियों के हित एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच चर्चा हुई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को रेल प्रशासन के अधिकारियों के सामने रखा। जिस पर रेल प्रशासन के अधिकारियों ने मांगों को नियमानुसार पूरा करने का आश्वासन दिया।

बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं ऑल इंडिया एससी./एसटी. रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन के मंडल मंत्री विनोद कुमार, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सहित एसोसिएशन के अन्य कई पदाधिकारी और शाखाओं के शाखा अध्यक्ष और शाखा मंत्री मौजूद रहे।

# 125 बीघा जमीन के विवाद में साधुओं और ग्रामीणों में मारपीट, 4 घायल

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** बुधवार को मिलक कोतवाली क्षेत्र के गुलड़िया भाट गांव में स्थित मढ़ी की सवा सौ बीघा जमीन को लेकर जमकर बवाल हो गया। जमीन में खड़ी गेहूं की फसल देखने गए ग्रामीणों और साधुओं में जमकर मारपीट हुई, इसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। अस्पताल में भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मिलक थाने में दोनों पक्षों के लोग भिड़ गए। एएसपी अनुराग सिंह मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराकर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया।

साधुओं का आरोप है कि गांव निवासी धर्मपाल व नारायन दास ने उनके ऊपर जानलेवा हमला किया। जबकि दूसरे पक्ष के धर्मपाल व नारायन दास का आरोप है कि उन्होंने मढ़ी की जमीन ठेके पर ले रखी है। जिसके बदले साधुओं को तय रकम दी जा चुकी है। जमीन में गेहूं की फसल बोई थी। जिसे देखने बुधवार को खेत पर गए थे। इस दौरान साधुओं ने उनसे मारपीट कर धारदार हथियार से घायल कर दिया। दोनों पक्ष मिलक कोतवाली पहुंचे, जहां चारों घायलों को पुलिस ने मेडिकल के लिए मिलक के सरकारी अस्पताल भेजा दिया। साधुओं के साथ मारपीट की खबर सुन हिंदू संगठन के लोग अस्पताल पहुंच गए और नारायन दास व धर्मपाल को घेर लिया। अस्पताल परिसर में ही पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में उनकी धुनाई कर दी। इसके बाद आक्रोशित लोग कोतवाली पहुंचे। कोतवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी मिलीभगत के चलते साधुओं की पिटाई हुई है। दोनों आरोपियों को उनके सुपुर्द करने की मांग पर अड़ गए। जमीन पर बैठकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान आक्रोशितों ने कोतवाल पुष्कर सिंह गंगवार को भी जमीन पर बैठा लिया। साधु नरहरिदास की तहरीर पर विवेक, धर्मपाल, हरद्वारी और ज्ञानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



थाने में धरना देते साधु।



एएसपी अनुराग सिंह से बात करते लोग। ● अमृत विचार



कोतवाल से नोकझोंक करते लोग। ● अमृत विचार

- मिलक थाना और अस्पताल भी बना अखाड़ा

"मामले में एएसपी अनुराग सिंह को तत्काल मौके पर भेज दिया था। मामला शांत कराकर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। पुराना विवाद है। कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। पुलिस टीम तैनात कर दी है।
– **विद्या सागर मिश्र**, पुलिस अधीक्षक रामपुर।

### काफी दिनों से चला आ रहा विवाद

जमीन पर कब्जे को काफी दिनों से चला आ रहा विवाद आखिरकार बुधवार को सड़क आ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने–सामने आ गए। उसके बाद लाठी डंडों से लेकर धारदार हथियार तक चले। जिससे मौके पर अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उसके बाद किसी तरह से मामले को शांत कराया।

### थाने में जमकर चलीं कुर्सियां

दोनों पक्षों के लोग थाने में पहुंच गए थे। उसके बाद वहां पर भी आमने–सामने आ गए थे। उसके बाद थाने में ही कुर्सियां चली थी। माना जा रहा है कि दरोगा और इंस्पेक्टर के भी कुर्सियां लग गई थी। साधुओं का आरोप है कि पुलिस आरोपियों के साथ साठ गांठ करके मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

# बाबर मजहबी रहनुमा नहीं, फिर उसके नाम पर मस्जिद क्यों

कार्यालय संवाददाता,संभल

- मुफ्ती आलम रजा नूरी ने प. बंगाल में मस्जिद बनाने का किया विरोध

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल में 6 दिसंबर को हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने पर धर्मगुरु मुफ्ती आलम रज़ा नूरी ने कहा कि मस्जिद अल्लाह का घर है, इबादत की सबसे पवित्र जगह है,जहां जरूरत हो वहां मस्जिद बननी चाहिए।



मुफ्ती आलम रजा नूरी।

लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि नींव 6 दिसंबर जैसे संवेदनशील दिन पर ही क्यों रखी गई और मस्जिद का नाम बाबर के नाम पर रखने की जरूरत क्यों पड़ी।

मुफ्ती नूरी ने कहा कि बाबर मुसलमानों का मजहबी रहनुमा नहीं बादशाह था। ऐसे व्यक्ति के नाम पर मस्जिद बनाना, और वह भी राज्य में चुनाव से कुछ महीने पहले, यह संकेत देता है कि दाल में कुछ काला है। उन्होंने हमायूं कबीर द्वारा खुद को पश्चिम बंगाल का ओवैसी बताने पर भी आपत्ति जताई। मुफ्ती नूरी ने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी मुसलमानों के सियासी रहनुमा हैं। उनकी दीनी, मजहबी, शैक्षिक और कानूनी समझ बहुत गहरी है। वह संविधान की रोशनी में मुसलमानों के मसले मजबूती से उठाते हैं। हमायूं कबीर का उनसे कोई मुकाबला नहीं। कहा कि मस्जिद को विवाद में डालकर, मुसलमानों की भावनाओं का इस्तेमाल कर राजनीति करना इस्लाम की तालीमात के खिलाफ है। मस्जिद अल्लाह का घर है, उसे चुनावी हथियार नहीं बनाना जाए।

# शादियों में फिजूलखर्ची खत्म करने का फैसला



बैठक में भाग लेते मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोग। ● अमृत विचार

**बिजनौर,अमृत विचार:** मदरसा जामिउल उलूम में दहेज मुक्त समाज और शादियों में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने को बैठक हुई।

वक्ताओं ने कहा कि दहेज ने हजारों परिवारों को कर्ज और परेशानियों में धकेल दिया है। गरीब परिवार बेटी की शादी में सम्मान बनाए रखने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं। बैठक में जोर दिया गया कि ऐसी रस्में जो सिर्फ दिखावे के लिए शुरू हो गई हैं, उन्हें खत्म किया जाना चाहि। दहेज के कलंक को मिटाने के लिए ठोस कदम जरूरी है। संचालन मुफ्ती सईदुर्रहमान ने किया, जबकि कार्यक्रम की सरपरस्ती मौलाना शफीक अहमद क़ासमी और अध्यक्षता मौलाना शौकत अली मजाहिरी ने की।

# डंपर ने रौंदी बाइक, वृद्धा की मौत, दंपती जख्मी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद में डंपरों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी शाहबाद-रामपुर मार्ग पर डंपर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार दंपती और उनकी बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गई।



मृतका मालदेई।

जनपद संभल के थाना कुढ़फतेहगढ़ निवासी मालदेई (70) कोतवाली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा में अपनी धेवती पूजा के यहां आई थी। वहां से वह उसके पति कुंवरपाल व बेटी अमृता के साथ शहजादनगर में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। वहां से वापस आते समय शाहबाद-रामपुर रोड पर सेंट पॉल एकेडमी के निकट तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में मालदेई की मौके पर ही मौत हो गई। कुंवरपाल, पूजा व बेटी अमृता जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव व घायलों को सीएचसी पहुंचाया।पुलिस ने शव के पंचनामे की कार्रवाई की। वहीं, दंपती की हालत नाजुक देख उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### स्कूटी से गिरकर घायल सेवानिवृत्त दारोगा की मौत

**शाहबाद, अमृत विचार :** कई रोज पहले सेवानिवृत्त दरोगा स्कूटी से गिरकर जख्मी हो गए थे। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। कस्बे के मोहल्ला दीवान निवासी रमेश चंद्र शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा के पद से 2001 में सेवानिवृत्त हुए थे। वह कई दिन पहले शाहबाद में स्कूटी से गिरकर जख्मी हो गए थे। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में पिछले कई दिनों से उनका उपचार चल रहा था। बुधवार को रिटायर्ड दारोगा रमेश चंद्र शर्मा ने उपचार के दम तोड़ दिया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।



# गोविंद पांचवीं बार बने राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती टीम के कोच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अहमदाबाद में 11 से 14 दिसंबर तक आयोजित होने वाली पुरुष और महिला राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की सीनियर कुश्ती टीम के कोच के रूप में गोविंद कुमार यादव को नियुक्त किया गया है। यह उनका राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती टीम कोच के रूप में पांचवां मौका है, जो उनकी कुश्ती के प्रति समर्पण और अनुभव को दर्शाता है।



गोविंद कुमार यादव।

गोविंद कुमार यादव वर्तमान में सोनकपुर स्टेडियम में कुश्ती प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अब तक सब जूनियर, खेलो इंडिया, जूनियर और सीनियर स्तर पर प्रदेश और राष्ट्रीय टीमों को कुश्ती के विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित किया है। उनके कुशल प्रशिक्षण की बदौलत उत्तर प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जनपद का मान बढ़ाया है। जिला क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गोविंद ने हमेशा उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता से प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। लगातार पांचवीं बार राष्ट्रीय सीनियर टीम के कोच नियुक्ति से उनकी कुश्ती जगत में प्रतिष्ठा और भी बढ़ी है। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने कहा कि उनकी इस सफलता से स्थानीय कुश्ती खेल के उभरते सितारों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर जिला कुश्ती संघ सचिव पवन कुमार सिसोदिया, रामकृपाल, प्रदीप सक्सेना, अंकित अग्रवाल, सचिन विश्नोई, धीरज कुमार, मोहम्मद आसिफ, ललिता चौहान, निशा ने बधाई दीं।

**निर्णय** | डीएम की अध्यक्षता में निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

# निर्माण की गुणवत्ता डाटा अपडेशन पर दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बोले, अपडेशन से जनपद की रैंकिंग में आता है सुधार
- कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की बैठक में समीक्षा हुई।

डीएम ने अधिकारियों को डाटा अपडेशन पर विशेष ध्यान देते हुए ठीक प्रकार से कार्य करने का निर्देश दिया। कहा कि डाटा अपडेशन से रैंकिंग में सुधार आता है और जनपद की स्थिति अच्छी बनी रहती है। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। निर्माण परियोजनाओं को हैंडओवर करने से पहले ही समस्त कार्य दुरस्त हों, इसे सुनिश्चित किया जाए।

कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र रौण्डा के सुदृढ़ीकरण में भौतिक प्रगति मात्र 53 प्रतिशत होने पर तथा पेड़ों की कटाई की प्रक्रिया धीमी गति पर होने पर डीएम ने नाराजगी जताई। एक सप्ताह में पेड़ कटाई का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजकीय पौधशाला फहेतउल्लागंज निर्माण परियोजना के संबंध में टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच कराने के लिए कहा। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण की भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल निगम ग्रामीण द्वारा रुस्तमनगर सहसपुर में सोलर पैनल एवं मिट्टी भराव का कार्य कैंपस में शेष रहने पर जल्द कार्य पूर्ण करने के लिए कहा। राजकीय निर्माण निगम द्वारा गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र के प्रशासनिक भवन, छात्रावास, आवासीय भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति 75 प्रतिशत होने पर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, अपर नगर आयुक्त, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता विद्युत, जल निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंधक उपस्थित रहे।



समीक्षा करते डीएम अनुज सिंह, साथ में मुख्य विकास अधिकारी व अन्य।

# वित्तीय अनुदानों के धीमे खर्च पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रगति में सुधार न होने पर खंड विकास अधिकारियों को दी कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचार :** जिले में पंचम राज्य वित्त आयोग और 15वें केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के धीमी गति से खर्च होने पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने चिंता और नाराजगी जताई है।

बुधवार को मासिक समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में ऐसी सुस्ती किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय प्रगति रिपोर्ट में बताया गया कि 15वें वित्त आयोग (टाइड फंड) में वर्ष 2025-26 में दिनांक 3 दिसंबर 2025 तक 778.675 लाख रुपये का व्यय हुआ है, जो कि केवल 58.70 प्रतिशत है। 15वें वित्त आयोग (अनटाइड फंड) में 302.096 लाख रुपये का व्यय हुआ, जो कुल धनराशि का मात्र 50.94 प्रतिशत है। पंचम राज्य वित्त आयोग (अनटाइड फंड) में अब तक 1636.637 लाख रुपये का खर्च हुआ है, जो 69.05 प्रतिशत की प्रगति दर्शाता है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार, पारदर्शिता के साथ और समयबद्ध तरीके से उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में देरी सीधे ग्रामीण सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को प्रभावित करती है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा की यदि आगे भी धन का व्यय संतोषजनक नहीं पाया गया, तो संबंधित खंड विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी उन्हीं की होगी।



■ भाजपा ने निचले सदन में बोला- सीईसी समिति को लेकर मोदी पर भरोसा क्यों नहीं - 10



■ केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले- ओमान न्यूजीलैंड से एफटीए पर वार्ता अंतिम दौर में - 10



■ भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी - 11



■ विराट कोहली एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे - 12


आज का मौसम
23.0⁰ अधिकतम तापमान
09.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.58
सूर्यास्त 05.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष सप्तमी, 01:57 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025, वर्ष 6, अंक 254, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कांस्य पदक पर कब्जा



भारत ने नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेले गए प्लेआफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। भारतीय टीम इससे पहले दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) चैंपियन रही है। (विस्तृत खेल पेज पर)

# दीपावली अब दुनिया भर का त्यौहार, यूनेस्को की सूची में हुआ शामिल

- यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा

नई दिल्ली, एजेंसी

दीपावली को बुधवार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया। दिल्ली में लाल किले पर आयोजित यूनेस्को की एक अहम बैठक में यह फैसला लिया गया। यह पहली बार है कि भारत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है।

इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में आठ से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे हवा में गूंज उठे।

विभिन्न पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों ने मुख्य मंच के सामने प्रस्तुति दी और एक बड़ी स्क्रीन पर दीपावली उत्सव के चित्र प्रदर्शित किए गए। आईसीएच के संरक्षण के लिए अंतरसरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान दीपावली के इस सूची में शामिल होने की घोषणा के तुरंत बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने देश की ओर से एक बयान दिया।

यह मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने वाली भारत की 16वीं सांस्कृतिक परंपरा है। भारत की 15 सांस्कृतिक परंपराएं वर्तमान में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हैं, जिनमें कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला - महाकाव्य 'रामायण' का पारंपरिक प्रदर्शन शामिल हैं।



### दुनिया भर में दीपावली की लोकप्रियता : मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने यूनेस्को के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रभु श्रीराम से लोगों का मार्गदर्शन करने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि देश और दुनिया के लोगों में गजब का उत्साह है। दीपावली हमारी संस्कृति और मूल्यों के बेहद करीब है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची का हिस्सा बनने के बाद दीपावली को दुनिया भर में और अधिक लोकप्रियता मिलेगी। मैं उम्मीद करता हूं कि प्रभु श्रीराम के आदर्श हमेशा ऐसे ही हमारा मार्गदर्शन करते रहें।

### दीपावली की वैश्विक मान्यता अयोध्या की सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने को गर्व का पल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उस उत्सव की वैश्विक पहचान है, जो अंधकार पर प्रकाश की विजय और नए आरंभ के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति व परंपरा की महत्ता को विश्वपटल पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है। योगी ने एक्स से विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण से इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए इसलिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अयोध्या श्रीराम की पावन भूमि है। यहीं पर दीपावली की पहली ऐतिहासिक उत्सव परंपरा की शुरुआत हुई थी। उन्होंने कहाकि अयोध्या केवल सांस्कृतिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपराओं की आत्मा है।

## ब्रीफ न्यूज

### जल आपूर्ति डेटा के लिए सुजलाम भारत ऐप की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने मंगलवार को सुजलाम भारत ऐप शुरू किया। इसका उद्देश्य देश की सभी ग्रामीण पेयजल योजनाओं को एक एकीकृत, भौगोलिक रूप से संदर्भित प्रणाली पर लाना और वास्तविक समय में जानकारी प्रदान करना है। भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लीकेशन एंड जीओ इनफॉर्मेटिक्स द्वारा समर्थित यह ऐप आम जनता और संस्थानों को जल स्रोतों, जल गुणवत्ता आदि पर डेटा की जानकारी प्रदान करेगा। इस शुरुआत के साथ ही सुजलाम भारत डेटाबेस का संचालन शुरू हो गया है।

### व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट पहुंचे सलमान

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान ने व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इस याचिका पर बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा सुनवाई करेंगे। सलमान ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर विभिन्न सोशल मीडिया मंचों और ई-कॉमर्स वेबसाइट को उनके नाम, छवियों और व्यक्तित्व के अनधिकृत इस्तेमाल से रोकने तथा उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया है।

# कांग्रेस की हार की वजह मतदाता सूची नहीं, राहुल का नेतृत्व : शाह

## गृह मंत्री ने कहा एसआईआर को लेकर विपक्ष झूठ फैला रहा

- विदेशी नागरिकों को मतदान का अधिकार नहीं दिया जा सकता

नई दिल्ली, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष झूठ फैला रहा है और पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह ईवीएम एवं मतदाता सूची नहीं, बल्कि राहुल गांधी का नेतृत्व है। उन्होंने चुनाव सुधारों पर चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में यह भी कहा कि एक दिन कांग्रेस के कार्यकर्ता हार का हिसाब मांगेंगे।

शाह ने चुनाव सुधारों पर दो दिनों तक हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि दो दिन संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी, लोगों के बीच इस तरह का संदेश देने की कोशिश की गई कि हम चर्चा नहीं करना चाह रहे हैं। भाजपा और राजग के लोग चर्चा से कभी नहीं भागे। विपक्ष एसआईआर की डिटेल में समीक्षा की मांग कर रहा है, जो संभव नहीं है क्योंकि यह चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम चुनाव नहीं करवाते हैं।

उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिकों को भारत में मतदान करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। घुसपैठिए यह तय नहीं कर सकते कि सीएम-पीएम कौन हो। शाह ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 में मतदाता की पात्रता, योग्यता, और मतदाता होने की शर्तें तय की गई है। गृह मंत्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ईवीएम की दलील गले नहीं उतरती तो अब वोट चोरी का मुद्दा लेकर आए। वोट चोरी का मुद्दा लेकर पूरे बिहार में यात्रा निकाली। फिर भी हार गए। हारने का कारण आपका नेतृत्व है, हारने का कारण ईवीएम और मतदाता सूची नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा कई चुनाव हारी, लेकिन कभी किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े नहीं किए।



### अगर मतदाता सूची खराब थी तो शपथ क्यों ली

गृह मंत्री ने कहा कि अनर्गल आरोप लगाकर निर्वाचन आयोग की छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपको ऐसा लगता है कि आप सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं, लेकिन असल में आप पूरी दुनिया में भारत के लोकतंत्र की छवि धूमिल कर रहे हैं। शाह ने कहा कि यह नयी परंपरा शुरू हुई है कि चुनाव नहीं जीते तो निर्वाचन आयोग को बदनाम करो, जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कई चुनावों में विपक्षी दलों की जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर मतदाता सूची खराब थी तो शपथ क्यों ली?

### वोट चोरी से संबंधित चर्चा कराएं शाह : राहुल

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष राहुल ने गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती दी कि वह वोट चोरी से संबंधित उनके तीन संवाददाता सम्मेलनों पर चर्चा कराएं। गृह मंत्री ने राहुल गांधी के तीन संवाददाता सम्मेलनों का उल्लेख करते हुए उनके तथ्यों को असत्य करार दिया था। इन संवाददाता सम्मेलनों के जरिये राहुल ने यह दावा किया था कि कर्नाटक, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में 'वोट चोरी' की गई है। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि मैंने जो विषय उठाये हैं, अमित शाह ने उनका जवाब नहीं दिया।

# उड़ान रद्द के साथ परेशानियों के लिए भी मुआवजा दे इंडिगो : कोर्ट

- इंडिगो संकट पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई
- 5000 का हवाई टिकट 39 हजार तक कैसे पहुंचा, अन्य कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से बुधवार को सवाल किया कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई जिसके कारण इंडिगो की कई उड़ान रद्द करनी पड़ीं। अदालत ने इन हालात को संकट करार दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि फंसे हुए यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा, यह अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने यह सवाल भी किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में अन्य विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं। अदालत ने सवाल किया कि जो टिकट 5,000 रुपये में मिल रहा था, उसका किराया 39,000 रुपये तक कैसे पहुंच गया? यदि यह संकट की स्थिति थी तो अन्य विमानन कंपनियों को इसका लाभ कैसे उठाने दिया गया? अदालत ने विमानन कंपनी को निर्देश दिया कि यात्रियों को न सिर्फ उड़ान रद्द होने के लिए बल्कि अन्य परेशानियों के लिए भी मुआवजा देने की व्यवस्था की जाए।

अन्य विमानन कंपनियों ने शुल्क लेना कैसे शुरू कर दिया? पीठ ने इस मामले पर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक सुनवाई की। पीठ ने कहा कि यदि समिति द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है तो उसकी रिपोर्ट अगली तारीख 22 जनवरी को अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की जाए। अदालत ने कहा कि हमें यह चिंता है कि आखिर ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न होने दी गई, जिसके कारण पूरे देश के हवाई अड्डों पर लाखों यात्री फंसे रहे।

पीठ ने कहा कि यह न सिर्फ यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई। अदालत ने कहा कि किराए में जो अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई थी, उसे अब नियंत्रित और सीमित कर दिया गया है, जो पहले किया जाना चाहिए था। अदालत इंडिगो मामले में एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ को तलब किया

**मुंबई।** डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को उपस्थित होने और हालिया परिचालन व्यवधानों से संबंधित व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। एल्बर्स को बृहस्पतिवार को दोपहर तीन बजे डीजीसीए कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। नियामक के आदेशानुसार, विमानन कंपनी को उड़ानें बहाल करने, पायलटों तथा चालक दल की भर्ती योजना, पायलट व चालक दल की अद्यतन संख्या, रद्द की गई उड़ानों की संख्या और 'रिफंड' आदि से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

### बुधवार को भी 220 उड़ानें रद्द

**मुंबई।** इंडिगो ने बुधवार को दिल्ली और मुंबई सहित तीन प्रमुख हवाई अड्डों पर लगभग 220 उड़ानें रद्द कर दीं, जबकि कंपनी के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दावा किया था कि एयरलाइन का परिचालन फिर से पटरी पर आ गया है। एयरलाइन ने दिल्ली हवाई अड्डे पर 137 और मुंबई हवाई अड्डे पर 21 उड़ाने रद्द कर दीं।

# ड्रग्स के साथ स्मार्टफोन का नशा भी युवाओं के सामने चुनौती : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

- सीएम ने युवाओं को आगाह करते हुए चेताया, किसी न किसी रूप में घुसना चाहता है देश का दुश्मन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज युवाओं के सामने दो चुनौतियां हैं। एक ड्रग्स का नशा व दूसरा मोबाइल या स्मार्टफोन का नशा। इन दोनों ही नशे से बचना होगा। इनसे युवा जितना बच पाएंगे, उतना ही खुद को और देश के भविष्य को भी बचा पाएंगे। नशे से दूर रहकर ही युवा परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 93वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित मुख्य महोत्सव की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं को मोबाइल फोन के नशे से दूर रहने की सलाह दी। एक शिक्षक और अभिभावक के रूप में मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा कि आपको सतर्क रहना होगा। क्योंकि नशा माफिया तेजी के साथ युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में लेने का कुत्सित प्रयास करता है। अकादमिक संस्थाओं को भी इसके प्रति उतना ही अलर्ट रहना पड़ेगा।

### चुनौतियों के लिए खुद को तैयार रखें

समय और तकनीक के साथ चलते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने की सीख देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन और रोबोटिक्स के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि हमें उस मानसिकता से भी उबरना पड़ेगा कि तकनीक आएगी तो रोजगार के अवसर कम करेगी। यह तथ्य सही नहीं है बल्कि तकनीक आएगी रोजगार के नए अवसर अपने आप ही जुड़ जाएंगे।

सीएम योगी ने कहा कि युवाओं को इसके खिलाफ एक नई लड़ाई लड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना पड़ेगा क्योंकि देश का दुश्मन किसी न किसी रूप में आपके बीच में घुसना चाहता है। उसको हम अवसर नहीं दें। योगी ने यह भी कहा कि स्मार्टफोन पर युवाओं का अत्यधिक समय खर्च हो रहा है, इसको कम करना होगा। उन्होंने युवाओं को समझाया, हालांकि एकाएक यह कर पाना कठिन होगा, इसलिए धीरे-धीरे कम करिए।

# पूर्व आईपीएस अमिताभ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ से दिल्ली जाते समय सीतापुर महोली बार्डर पर ट्रेन में किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** फर्जीवाड़े के मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को लखनऊ पुलिस ने मंगलवार देर रात सीतापुर-महोली बार्डर से ट्रेन से जाते समय गिरफ्तार कर लिया। शाहजहांपुर में उन्हें ट्रेन से उतारा और उसके बाद देवरिया कोतवाली लेकर पहुंची। अदालत में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

अमिताभ पर देवरिया एसपी रहते हुए पद के प्रभाव का इस्तेमाल कर अपने व पत्नी के छद्म नाम का इस्तेमाल कर देवरिया में जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक प्लाट बी-2 का आवंटन कराया था। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि 12 सितंबर 2025 को तालकटोरा स्थित आवास विकास कालोनी निवासी संजय शर्मा ने तालकटोरा थाने में अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी नूतन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। तहरीर में बताया था कि वर्ष 1999 में अमिताभ ठाकुर जब एसपी देवरिया थे और उन्होंने अपने प्रभाव का गलत प्रयोग करके अपनी पत्नी नूतन ठाकुर को जिला उद्योग केंद्र से औद्योगिक प्लाट संख्या बी-2 का आवंटन कराया। आरोप है कि आवंटन में नूतन ठाकुर ने अपना नाम नूतन देवी लिखा और पति का नाम अभिजात ठाकुर/अभिताभ ठाकुर दर्शाया, साथ ही पता खैरा, जिला सीतामढ़ी, बिहार दिखाया गया। बाद में उक्त प्रॉपर्टी का विक्रय वास्तविक नाम और पते के आधार पर किया गया।

# कारों की टक्कर के बाद आग, 5 जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसे में मां और 4 बच्चों की हुई मौत

**अमृत विचार :**पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर हाईवे किनारे खड़ी वैगनआर में पीछे से तेज रफ्तार ब्रेजा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर दूर तक घिसटती चली गई। वैगनआर के सीएनजी टैंक में विस्फोट हो गया। दोनों कारें आग के गोले में तब्दील हो गईं। इस भीषण हादसे में आजमगढ़ जिले के एक सिपाही के परिवार के मां व चार मासूम बच्चों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबेहा थाना क्षेत्र के डीहा मजरे कुड़वा गांव के पास हुआ।



हादसे के बाद आग का गोला बनी कार।

पुलिस के अनुसार आजमगढ़ के थाना हरौला में तैनात पुलिसकर्मी जावेद अशरफ की पत्नी गुलफ्शां उर्फ चांदनी (30) अपनी बेटियों समरीन (12), जियान (10), इल्मा (6), इजमा (4) और रिश्तेदार जीशान (24) के साथ वैगनआर से लखनऊ आ रही थीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग से जलती दोनों कारों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में गुलफ्शां और समरीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। तीन अन्य बच्चों को सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायलों में जीशान पुत्र अब्दुल गफ्फार (24), तृप्ति मिश्रा (17), दीप्ति मिश्रा (16), प्रगति (23), दीपांशु मिश्रा (24) सभी निवासी दक्षिणपुरी, नई दिल्ली को लखनऊ रेफर किया गया है।

**पर्यावरण** | पक्षी विशेषज्ञों का मत, पर्यावरण का असर है, जिले में तालाबों व नदियों के किनारे मनमोहक रंग बिखेरती थी

# तराई से लुप्त हुई सर्दियों की शान, 20 साल से नहीं दिखी साइबेरियन क्रेन

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तराई के जनपद लखीमपुर खीरी में कभी सर्दी का मौसम आते ही तालाबों, झीलों और नदियों के किनारे साइबेरियन क्रेन पक्षी अपने मनमोहक रंग बिखेरते नजर आते थे।



साइबेरियन क्रेन।

दूर साइबेरिया से हजारों किलोमीटर की यात्रा तय कर आने वाला यह दुर्लभ प्रवासी पक्षी जिले के लिए प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता का प्रतीक माना जाता था, लेकिन बीते करीब 20 सालों से साइबेरियन क्रेन जिले में नजर नहीं आई है, जो पर्यावरण असंतुलन की एक गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। पक्षी विशेषज्ञ साइबेरियन क्रेन आदि के गायब होने के पीछे अवैध शिकार, प्रवास स्थलों के संकुचित होने और खेतों व तालाबों में रसायनों के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल को बड़ा कारण मान रहे हैं।

साइबेरियन क्रेन सर्दियों का मौसम शुरू होते ही नवंबर के दूसरे पखवाड़े में जिले के तालाबों और नदियों के किनारे आ जाती थी, लेकिन पिछले दो दशक से साइबेरियन क्रेन को नहीं देखा गया है। पक्षी विशेषज्ञ केके मिश्रा का मानना है कि साइबेरियन क्रेन के लापता होने के पीछे अवैध शिकार, प्रवास स्थलों के लगातार सिमटने, जल स्रोतों के प्रदूषण और खेती में रासायनिक खाद व कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल जैसे कई कारण एक साथ जिम्मेदार हैं। पहले जहां जिले के दर्जनों तालाब, झीलें और दलदली क्षेत्र इन पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल हुआ करते थे, वहीं अब अतिक्रमण, जलभराव की कमी और प्रदूषण ने इन्हें अनुपयुक्त बना दिया है।

### कभी हजारों में आती थीं क्रेन

बुजुर्गों और पुराने वन कर्मियों के अनुसार, 1990 के दशक तक सर्दियों के मौसम में साइबेरियन क्रेन के झुंड जिले के कई इलाकों में देखे जाते थे। उनके कलरव से पूरा इलाका जीवंत हो उठता था। शोधकर्ता रामनरेश शाक्य बताते हैं कि अनेक शोधार्थी इनका अध्ययन करने दूर-दूर से आते थे।

### ठहराव स्थल हो रहे खत्म

साइबेरियन क्रेन हजारों किमी का सफर तय कर रूस से भारत आती थीं। जल संरक्षण की कमी और बढ़ता शहरीकरण भी इनके लुप्त होने का बड़ा कारण माना जा रहा है। जिले में सेमरई से रजौरा, राजेपुर, तुसौरा तक 74.7 हे.भूमि पर फैले इस वेटलैंड में प्रवासी पक्षियों के झुंड आते थे।

> किसी भी क्षेत्र से किसी प्रजाति का पूरी तरह गायब हो जाना पारिस्थितिकी तंत्र के बिगड़ने का सबसे बड़ा संकेत होता है। साइबेरियन क्रेन का लुप्त होना एक चेतावनी है, इसलिए उन्होंने दुधवा क्षेत्र के सरोवरों और झीलों में जलस्तर को बनाए रखने की दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। ताकि पक्षियों को संरक्षण मिल सके। इसी तरह अन्य क्षेत्रों के सरोवरों और झीलों में भी जलस्तर बनाए रखना आवश्यक है।
>
> -**डॉ. एच. राजामोहन**, एफडी दुधवा टाइगर रिजर्व

न्यूज ब्रीफ

### भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बने प्रांतीय सदस्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा नेतृत्व ने विधानसभाओं में पार्टी के प्रांतीय कार्य परिषद सदस्य नामित किया है। उन्होंने पार्टी के प्रति और समर्पण व निष्ठा भाव से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडे एवं जिला चुनाव अधिकारी देवेश कोरी द्वारा प्रांतीय परिषद सदस्य नियुक्त किए जिला प्रभारी राजेश यादव एवं जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल के माध्यम से कांठ विधानसभा से जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, ठाकुरद्वारा विधानसभा से जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, कुंदरकी विधानसभा से चंद्रपाल प्रजापति, बिलारी विधानसभा से गीता कोरी व देवराज जाटव को भाजपा प्रांतीय कार्य परिषद का सदस्य बनाया गया। सभी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है।

### रात में चोर खोल ले गए दो लाख कीमत की दो भैंसें, तहरीर दी

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मोड़ा के निवासी इंद्रपाल के घर के पीछे मैदान है जहां उसकी तीन भैंस बंधी थी। जिन्हें मंगलवार रात में चोरों ने किसी समय खोल लिया। एक भैंस चोरों के हाथ से छूटकर वहां से भाग आई। दो को चोर ले गए। स्वामी इंद्रपाल ने सुबह देखा तो भैंस गायब थी। एक भैंस जंगलों में दिखाई दी। जिसे वह घर ले आए। सूचना पुलिस को दे दी। उसके बाद हकीमपुर चौकी पर पहुंचकर उन्होंने तहरीर दे दी है। दो भैंस लगभग 2,00,000 की कीमत की थी।

### सदर तहसील में 17 को होगा पेंशनर्स दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि 17 दिसंबर को तहसील सदर मुरादाबाद के सभागार में दिन में 11:00 बजे से आयोजित होने वाले पेंशनर्स दिवस में पेंशनर्स की समस्याओं एवं शिकायतों को चिन्हित करते हुए उनका समाधान कराया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह भी पेंशनर्स दिवस में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करेंगे। जिससे उनके कार्यालय से सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

# जिला अस्पताल में हल्के कंबलों में ठिठुर रहे मरीज

## कंबल की गुणवत्ता पर उठे सवाल, घर से कंबल मंगाने को मजबूर हो रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिए जा रहे कंबल उन्हें राहत पहुंचाने के लिए नाकाफी हैं। कंबल की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। मरीज और तीमारदारों का कहना है कि अस्पताल में मिल रहे कंबल बहुत हल्के हैं, जिनमें ठंड से आराम नहीं मिलता। यही कारण उन्हें मजबूरन अपने घर से अतिरिक्त कंबल मंगाने पड़ रहे हैं, जिससे वह सर्दियों की ठंड से कुछ हद तक राहत पा सकें।

बुधवार को अमृत विचार की टीम ने जिला अस्पताल में वार्डों की स्थिति जानी। विभिन्न वार्डों के मरीजों व तीमारदारों से बातचीत में इस समस्या का खुलासा हुआ। भर्ती रामदयाल ने बताया कि अस्पताल के कंबल बहुत ही हल्के हैं। उन्होंने कहा, रात को अगर इन्हीं कंबलों पर निर्भर रहे तो ठंड से ठिठुरते रहते है इसलिए घर से कंबल मंगाने पड़े। पुरुष सर्जिकल वार्ड में तीमारदार सोनू ने कहा कि जो कंबल अस्पताल देते हैं, उनकी मोटाई और गर्माहट काफी कम होती है। रात में उन पर निर्भर रहना मुश्किल है, खासकर जो गरीब परिवार से आते हैं उन्हें और अधिक परेशानी होती है। महिला सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीज निशा और शबीना ने भी इसी बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कई बार जो कंबल मिलते हैं, वे फट भी गए हैं, जिससे रोगी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह पाते हैं।

जिला अस्पताल में कई मरीज और तीमारदार निम्न वर्ग से आते हैं और वे इस समस्या से विशेष रूप से प्रभावित हैं, क्योंकि कंबल फटने या हल्के होने पर उन्हें नए कंबल खरीदना या घर से मंगाना कठिन होता है। मरीजों का कहना है कि कंबल का हल्का होना एक महत्त्वपूर्ण समस्या है, क्योंकि रात के समय ठंड अपने चरम पर होती है। कई बार बुजुर्ग और बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं, जिनके लिए अच्छी गुणवत्ता के कंबल उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। कर्मचारी भी मानते हैं कि मौजूदा कंबल अभी मरीजों की आवश्यकताओं के अनुरूप पूरी तरह उपयुक्त नहीं हैं। उनका मानना है कि कंबलों की सामग्रियों और उनकी बनावट पर पुनर्विचार हो ताकि उन्हें अधिक मजबूत और गर्म बनाने के लिए बेहतर विकल्प अपनाए जा सकें।



जिला अस्पताल में घर का कंबल ओढ़े भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

● **बुधवार को अमृत विचार की टीम ने जानी जिला अस्पताल में वार्डों की स्थिति**

### ऐसे रखें अपना ख्याल

- गर्म कपड़े पहनाएं, सिर, पैर और हाथ ढककर रखें, कमरों में गर्माहट रखें।
- खाली पेट न निकलें, अधिक ठंड में बुजुर्गों और गर्भवती को बाहर जाने से बचाएं।
- गर्भवती को नियमित जांच को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क बनाए रखना चाहिए।

### एडवाइजरी जारी, सीएचसी- पीएचसी अलर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में ठंड के बढ़ते प्रकोप और तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। सीएमओ ने भी सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ठंड में शीतलहर से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ जाती है, विशेषकर बुजुर्ग, बच्चे और नवजात जल्दी प्रभावित होते हैं, इसलिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर समुचित तैयारी अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने इमरजेंसी यूनिट में शीतलहर से प्रभावित मरीजों के लिए आरक्षित वार्ड रखने के निर्देश किया है। सभी अस्पतालों की इमरजेंसी यूनिट में एक से दो बेड शीतलहर से प्रभावित मरीजों के लिए आरक्षित रखे जाएं। साथ ही अस्पतालों में हीटर, रेडिएंट वार्मर, कंबल, बेबी कैप, ग्लव्स और अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह कार्यशील रहें। उन्होंने चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पतालों में एंटीबायोटिक, विटामिन, पेनकिलर, सर्दी-जुकाम की दवाएं, सिरप और जरूरी इंजेक्शन का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए, ताकि किसी भी मरीज को दवा न मिलने की स्थिति न बने। वहीं, जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान तेजी से गिरता है, जिससे हाइपोथर्मिया का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को घरों में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

> अस्पताल की ओर से सभी मरीजों को कंबल मुहैया कराए जा रहे हैं। अगर कंबल हल्के हैं तो मरीजों को अतिरिक्त कंबल भी उपलब्ध कराया जाएगा।
> – **डॉ. संगीता गुप्ता,** प्रमुख अधीक्षक एवं अपर निदेशक

### दिन में धूप से राहत शाम होते ही ठंड से सुन्न हो रहा शरीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को दिन के समय तापमान लोगों को राहत देता दिखा। अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस था। जिससे लोगों ने घर की छतों और पार्कों में धूप सेंककर राहत महसूस की। दिन के समय धूप ने ठंडी हवा के बीच सुकून भरा माहौल बनाया, जिससे स्थानीय जनजीवन सुगम हुआ। हालांकि, शाम को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बदलाव ने शरीर को सुन्न जैसा अहसास कराया।

शाम को सर्द हवा के कारण लोग गर्म कपड़ों में लिपटते नजर आए। शाम होते ही पार्कों और खुली जगहों से लोग घरों की ओर लौट गए ताकि ठंड से बचा जा सके। स्टेशन, रोडवेज बस अड्डा, बाजार में दुकानों के बाहर लोग आग जलाकर हाथ तापते हुए नजर आए। वहीं, चिकित्सकों ने सर्दी के बढ़ने के कारण लोगों को सलाह दी है कि वे शाम के समय विशेष रूप से गर्म कपड़े पहनें और शरीर को ठंड से सुरक्षित रखें। बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखने की जरूरत है ताकि वे मौसम की मार से बच सकें।

## बास्केटबॉल चैंपियन बना दयानंद कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में बुधवार को आयोजित अंतरमहाविद्यालयीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की टीम ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से तीन टीमों ने प्रारंभिक ट्रायल मैच खेले। गुरु जम्भेश्वर विवि के सहयोग से प्राचार्या प्रो. सीमा रानी के निर्देशन में महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई।

पांच टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें से तीन महाविद्यालय ट्रायल मैचों के लिए खेलीं। पहले चरण में ट्रायल मैच हुए, जिसके बाद फाइनल मुकाबला हिंदू कॉलेज और दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक प्रदर्शन में दयानंद कॉलेज की टीम ने बेहतरीन पासिंग, सशक्त डिफेंस और प्रभावी स्कोरिंग के दम पर 34–8 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का आरंभ कॉलेज प्रबंधक उमाकांत गुप्ता, संतोष रानी गुप्ता ने किया। विवि की ओर से प्रो. अनिल चौहान ने पर्यवेक्षक के रूप रहे। जिला बास्केटबॉल संघ से मोहित चौधरी और निर्णायक मंडल ने मैच संचालन की जिम्मेदारी निभाई। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन आयोजक सचिव अनीता ने किया, जबकि संयोजिका डॉ. नीतू सिंह ने सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला बास्केटबॉल संघ के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खेल समिति की सदस्या प्रो. संतोष सिंह, डॉ. छाया रानी और डॉ. कंचन सिंह आदि मौजूद रहीं।


दयानंद कॉलेज में रिंग में बास्केटबॉल डालने का प्रयास करतीं छात्राएं।

● **अंतरमहाविद्यालयीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता**

### निमित व किशन लाल भाजपा प्रांतीय परिषद में सदस्य बने

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडे की संस्तुति पर मुरादाबाद महानगर के जिला चुनाव अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने मुरादाबाद महानगर के किशन लाल जाटव को नगर विधानसभा से और निमित जायसवाल एडवोकेट को देहात विधानसभा से प्रांतीय परिषद में सदस्य निर्वाचित किया गया है। दोनों के द्वारा 8 जनवरी को जिला संगठन चुनाव अधिकारी प्रमोद गुप्ता को अपना नामांकन पत्र जमा किया गया था।


निमित जायसवाल।


किशन लाल जाटव।

## क्रिकेट: कमर्शियल ने सीएंडडब्लू और ऑपरेटिंग टीम ने इलेक्ट्रिकल को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बुधवार को पहला मैच कमर्शियल एवं सीएंडडब्लू के बीच खेला गया। जिसमें कमर्शियल ने 72 रन से जीत हासिल की। जबकि दूसरा मैच इलेक्ट्रिकल (जी ) और ऑपरेटिंग शाखा की टीम के बीच खेला गया।

रेलवे स्टेडियम में खेले जा रहे अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बुधवार को पहला मैच कमर्शियल एवं सीएंडडब्लू शाखा के बीच मैच हुआ। सीएंडडब्लू ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निश्चय किया। बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी कमर्शियल शाखा की टीम ने पूरे 20 ओवर खेलते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। जवाब में सीएंडडब्लू की टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 127 रन ही बना सकी। इस प्रकार कमर्शियल शाखा की टीम ने 72 रन से मैच में जीत हासिल की।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि दिन का दूसरा मैच इलेक्ट्रिकल (जी ) एवं ऑपरेटिंग शाखा के मध्य खेला गया। ऑपरेटिंग शाखा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निश्चय किया। पहले बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी इलेक्ट्रिकल (जी ) की टीम 18.5 ओवर में पूरे 10 विकेट गंवाकर 128 रन पर आउट हो गयी। जवाब में ऑपरेटिंग की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 17.5 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 131 बनाकर मैच में विजय प्राप्त की।


टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।

● **रेलवे स्टेडियम में एक दिन में खेले गए दो मैच**

## 22 यार्ड्स ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मार्डन पब्लिक स्कूल में चल रहे मुरादाबाद टेस्ट चैंपियनशिप टूर्नामेंट का फाइनल एमपीएस क्रिकेट अकादमी और 22 यार्ड्स क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। टॉस एमपीएस ने जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। 22 यार्ड्स ने बल्लेबाजी करते हुए 59 ओवरों में 201 रन बनाए।

बुधवार को हुए मैच में कप्तान विशुदीप ने 51 रन की पारी खेली जबकि दिव्यांश और अनंत ने 41 रन बनाए। एमपीएस की ओर से तरुण ने 4 विकेट लेकर टीम को मजबूती दी। मो.अयान और अयान सुधाकर ने भी 3-3 विकेट लेकर विपक्षी को दबाव में रखा। एमपीएस के बल्लेबाजों ने 57.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर मात्र 187 रन बनाए, जो 22 यार्ड्स के स्कोर से 14 रन पीछे रहा। इस पारी में अयान सुधाकर ने शानदार प्रदर्शन कर 84 गेंदों में 84 रन बनाए। विनीत ठाकुर ने ठोस बल्लेबाजी करते हुए 93 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली। 22 यार्ड्स के शानू ने 6 विकेट लिए, जो उनकी टीम के लिए निर्णायक बने। मैन ऑफ द मैच अयान सुधाकर को दिया गया। मार्डन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद शकील, मिर्जा दानिश आलम, रोहित, शरीफ शेख, सलीम, ऋषिका आदि रहे।


अयान को पदक पहनाती ऋषिका।

## चार बाल श्रमिक चिह्नित, नियोजकों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त के नेतृत्व में श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त टीम ने बुधवार को सीतापुरी एवं नेता कॉलोनी, करुला संभल रोड में बाल एवं किशोर श्रमिक चिन्हांकन अभियान चलाया। अभियान के दौरान 3 प्रतिष्ठानों से 3 बाल श्रमिकों और 1 किशोर श्रमिक को चिह्नित किया गया।

चिन्हित 3 बाल श्रमिकों को उनकी आयु परीक्षण के लिए संबंधित श्रम प्रवर्तन अधिकारियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसके बाद उनकी सुपुर्दगी के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रतिष्ठान के नियोजकों द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिशोध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के अधिनियम का उल्लघंन करने के कारण नियोजकों के विरूद्ध अधिनियम के अन्तर्गत निरीक्षण टिप्पणी निर्गत कर मौके पर ही दे दिया गया। मामले में निरीक्षण के बाद अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उप श्रमायुक्त द्वारा नियोजकों को भविष्य में बाल एवं किशोर श्रमिकों से कार्य न लेने के लिए सचेत भी किया गया।


अभियान के दौरान मौजूद श्रम प्रवर्तन अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

● **सीतापुरी एवं नेता कॉलोनी करुला संभल रोड पर चला अभियान**

कार्यक्रम | मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज के दो दिवसीय पीतलनगरी कला महोत्सव का पहला दिन

## उदीयमान प्रतिभाओं को आगे लाना उद्देश्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद सांस्कृतिक समाज (मुसांस) का दो दिवसीय पीतलनगरी कला महोत्सव की शुरुआत बुधवार को रामगंगा विहार स्थित गोल्डेन गेट ग्लोबल स्कूल सभागार में हुई।

सर्वप्रथम डॉ. सचिन घावरी, अभय पांडेय और डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. पंकज दर्पण ने कहा कि मुसांस द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य उदीयमान प्रतिभाओं को आगे लाना है। डॉ. सचिन घावरी ने कहा कि इतने प्रतिष्ठित आयोजन को संपन्न कराने के लिए हर प्रकार का सहयोग उपलब्ध रहेगा। संस्था के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि महानगर के 11 विभिन्न विद्यालयों से एक सौ से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है।

पहले दिन बुधवार को एकल गान, समूह गान और टैलेंट हंट प्रतियोगिताएं हुईं। एसएस चिल्ड्रेन स्कूल कांठ रोड की छात्रा अदिति कौशिक ने एकल गायन में राधा रमणम हरे हरे गीत की मधुर आवाज में प्रस्तुति से सभी की सराहना पाई। इसके बाद एसएस गर्ल्स स्कूल सुनैना प्रजापति ने दमा दम मस्त कलंदर गीत सुनाकर वाहवाही पाई। एकल गान जूनियर ग्रुप में एसएस गर्ल्स स्कूल की वृंदा प्रथम, गांधी नगर पब्लिक स्कूल की पावनी द्वितीय, बोनी ऐनी स्कूल की उपासना कुमारी व एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी कांठ रोड की आरना तृतीय स्थान पर रही। सीनियर ग्रुप में अदिति कौशिक ने प्रथम, ईशानी चौधरी ने द्वितीय, रिया रस्तोगी ने तृतीय और सुनयना प्रजापति को विशेष पुरस्कार मिला।

कार्यक्रम का संयोजन अभय पांडेय ने किया और निर्णायक की भूमिका साध्वी गुप्ता व डॉ. दिशा भटनागर ने निभाई। आयोजन में अरविंद गुप्ता, शशि भाटिया, गोपाल हरि, सुषमा गर्ग, निधि गुप्ता, ऋचा भाटिया, रितिक रस्तोगी तथा गरिमा भटनागर का सहयोग रहा।


सामूहिक गायन प्रतियोगिता भाग लेते छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

● **एकल गान में अदिति कौशिक और वृंदा को मिला प्रथम स्थान**

### समूह गान में गेट ग्लोबल स्कूल प्रथम

समूह गान में गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल प्रथम और गांधी नगर पब्लिक स्कूल द्वितीय रहे। टैलेंट हंट में शनाया प्रथम, अर्जुन राजपूत द्वितीय, सौम्या तृतीय रहे, प्रख्यात ने विशेष पुरस्कार प्राप्त किया। गुरुवार को नृत्य प्रतियोगिता के बाद सम्मान समारोह में सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### खो-खो में विजेता बनी संभल की टीम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय पॉलिटेक्निक के मैदान पर बुधवार को मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि एमएलसी गोपाल अंजान ने फीता काटकर किया। संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण शिक्षु) मुरादाबाद मंडल पीके श्रीवास्तव, क्षेत्रीय ओलंपिक संघ के सचिव संयोजक डॉ. अजय विक्रम पाठक, राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य धीरेंद्र यादव, राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य संजीव कुमार जैन, नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा और प्रधानाचार्य अहमद परवेज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुष्पेंद्र कुमार और आशीष कुमार ने सहयोग किया। प्रतियागिताओं में 100 मीटर दौड़ (पुरुष) में पवन (रामपुर) प्रथम, उमाशंकर (सम्भल) द्वितीय, 100 मीटर दौड़ (महिला) में प्रीति (संभल) प्रथम, पारुल (अमरोहा) द्वितीय और 400 मीटर दौड़ (पुरुष): सचिन

न्यूज डायरी

### यूपी बार काउंसिल चुनाव के लिए संपर्क कर अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट रहे स्वर्गीय ज़फरयाब जिलानी के पुत्र एडवोकेट नजम जिलानी ने बुधवार को मुरादाबाद पहुंचकर यूपी बार काउंसिल के चुनाव प्रत्याशी अधिवक्ता सैयद फैजल रहमान फैजी के लिए संपर्क कर अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा। पहले अधिवक्ता मुरादाबाद कोर्ट पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया। इसके बाद नजम जिलानी ने अपने पिता के मित्र लोकतंत्र रक्षक सेनानी बाबर खान के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। हाईकोर्ट के अधिवक्ता सैयद महफूजुर रहमान फैजी जब बाबर खान के यहां पहुंचे तो बहुत से अधिवक्ता उनसे मिलने पहुंच गए और समर्थन देने का आश्वासन दिया। बाबर खां के भतीजे लेखक फिरोज़ खान ने स्वयं के द्वारा लिखी पुस्तक जानकारी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। स्वर्गीय जफरयाब जिलानी के पुत्र अधिवक्ता नज्म जिलानी ने सभी अधिवक्ताओं से प्रत्याशियों सैय्यद मेहफूज़ूर रहमान को जिताने की अपील की। इस मौके पर जुबेर अली एडवोकेट, इदरीस अहमद एडवोकेट, नैयर आलम, एडवोकेट नौशाद, एडवोकेट काशिफ, सैयद मोहम्मद तंजीम, एडवोकेट सलीम तारिक आदि मौजूद रहे।





### युवा सेना ने देवी-देवताओं के अपमान पर जताई नाराजगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवा सेना के महानगर प्रमुख शिब्बू पांडेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन उनके कार्यालय में सौंपा। देवी-देवताओं का अपमान करने वाले संगठनों के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि शिवसेना द्वारा हरिहर मंदिर मुक्ति आंदोलन लगभग 25 वर्षों से चलाया जा रहा है। जिसे लेकर कुछ असामाजिक तत्व विरोध प्रदर्शन करते है। 6 दिसंबर को शिवसेना द्वारा हरिहर मंदिर मुक्ति आंदोलन को लेकर भगवा दिवस मनाने के कार्यक्रम में एआईएमआईएम के महानगर पदाधिकारी ने विरोध जताते हुए देवी देवताओं पर टिप्पणी व शिवसेना के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में अजय ठाकुर, गौरव सक्सेना, नितेश, उमेश ठाकुर, विशाल सैनी, अनिल कुमार, रोहित कुमार, कैलाश, जीतू प्रजापति आदि शामिल रहे।

### टीईटी अनिवार्यता पर तेज हुआ शिक्षकों का आंदोलन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी अनिवार्यता को लेकर दिए गए आदेश के विरोध में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आंदोलन तेज कर दिया है। जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने से लेकर हस्ताक्षर अभियान के अलावा जिला मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सहित शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजा गया। अगले चरण में 11 दिसंबर को जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन प्रस्तावित है। इस राष्ट्रीय आंदोलन में सभी राज्यों के शिक्षक अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में शामिल होंगे। बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आंदोलन अब निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है, सभी शिक्षक अधिक संख्या में जंतर-मंतर पहुंचकर एकजुटता प्रदर्शित करें। उन्होंने टीईटी अनिवार्यता मुद्दे को संसद में उठाने वाले सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष पंकज दिवाकर, संयुक्त मंत्री संदीप जतराणा, डिलारी ब्लॉक अध्यक्ष रोहित चौधरी, भगतपुर टांडा ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम सिंह, बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल सिंह, चरित्र कुमार, पपीन चौधरी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शैक्षिक यात्रा पर बच्चों ने सीखा ज्ञान का नया आयाम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मिल्लत स्कूल द्वारा आयोजित बरेली शैक्षिक यात्रा छात्रों के लिए ज्ञान, अनुभव और उत्साह से भरी रही। स्कूल प्रबंधन की देखरेख में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने बरेली के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को देखा। यात्रा का नेतृत्व प्रिंसिपल इति बंसल ने किया। व्यवस्था में लेखा विभाग से पुनीत विश्नोई, अज़हर, हरगोविन्द, अलीना, सदफ, तानिया, कनिका चौधरी, प्रिंसी रानी, साद, वजीहा व तरन्नुम की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विद्यार्थियों ने बरेली के प्रमुख स्थलों पर जाकर इतिहास, तकनीक, पर्यावरण व संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। बच्चों ने मॉडल, प्रदर्शनियों और संग्रहालयों को देखा। शिक्षक-छात्रों के बीच बेहतर संवाद और सीखने का वातावरण बना। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि ऐसी गतिविधियां छात्रों में व्यवहारिक ज्ञान, अनुशासन, टीमवर्क और जिज्ञासा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के ग्राम बिचपुरी मंझरा निवासी योगेश पुत्र रघुवीर सिंह के घर पर बनी दुकान में रखे भूसे में आग लग गई थी। पड़ोस में रहने वाले तेजबती, पिंकी आग बुझाने के लिए जैसे ही जागेश के घर पहुंचे तो वहां पर मौजूद चंद्रपाल, जागेश, कृष्ण, शिवानी पत्नी चंद्रपाल चारों ने दोनों महिलाओं पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए उनके साथ मारपीट की और तेजबती व पिंकी के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं और रवि को भी चोट आई। घायलों को लेकर स्वजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया है।

### चकबन्दी कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम वंदेवाली मंडैय्या निवासी महावीर सिंह पुत्र मितान सिंह बाइक से चकबन्दी कार्यार्लय पर गया था। कुछ देर बाद वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उस तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# खेतों की ओर जा रहे चकरोड पर कॉलोनाइजर ने बना दी सड़क

## शिकायत पर प्रशासन ने जेसीबी से सड़क तुड़वाकर रास्ता कराया कब्जा मुक्त


मौके पर जाकर जानकारी लेते राजस्वकर्मी व पुलिस। ● अमृत विचार


सड़क उखाड़ती जेसीबी। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- किसानों का खेतों पर जाने का रास्ता हो गया था बंद
- नायब तहसीलदार ने टीम के साथ जाकर कब्जा हटवाया

**अमृत विचार :** नगर के ताली रोड स्थित ईदगाह के पास किसानों के आवागमन के लिए दर्ज चकरोड पर कॉलोनाइजर ने कब्जा कर पक्की सड़क का निर्माण कर दिया। इससे किसानों के खेतों पर आने-जाने का रास्ता बिल्कुल बंद हो गया। किसानों ने प्लाटिंग करने वालों से रास्ता खोलने की मांग की तो वह दबंगई दिखाते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। नायब तहसीलदार ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी से पक्की सड़क तोड़कर कब्जे को हटवा दिया।

नगर के ताली रोड ईदगाह के निकट कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा किसानों के आने-जाने वाले सरकारी रास्ते पर पक्की सड़क बना दी थी। इससे किसानों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया था। नाराज किसानों ने इसकी शिकायत प्रशासन से की। शिकायतकर्ता किसान शाकिर ने बताया कि उक्त सरकारी चक रोड वर्षों से किसानों के उपयोग में है, लेकिन कॉलोनाइजरों द्वारा जबरन कब्जा कर निर्माण किया गया। विरोध करने पर कॉलोनाइजर गाली-गलौज व रौब दिखाकर धमकाते थे। किसानों की शिकायत पर नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य टीम के साथ पहुंचे और जांच करने के बाद सड़क जेसीबी से उखड़वा दी।

### सीएनएस एकेडमी में स्काउट एंड गाइड्स कैंप का आयोजन

**छजलैट, अमृत विचार:** कुचावली स्थित सीएनएस एकेडमी में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा, साहस, आत्मनिर्भरता और जीवन कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य अतिथि मनोज वर्मा (डिप्टी रेंजर, वन विभाग) ने कहा कि स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और स्काउटिंग से अनुशासन, सेवा, साहस, टीमवर्क एवं चरित्र निर्माण की शिक्षा मिलती है। प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने कहा कि यह कैंप विद्यार्थियों को साहस और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे आवश्यक जीवन कौशलों से परिचित कराता है। चेयरमैन सुंदर सिंह ने कहा कि सच्चा स्काउट एवं गाइड वही है जो हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहे और अपने जीवन में ईमानदारी, अनुशासन व साहस को अपनाए। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समस्याओं को लेकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन


तहसीलदार को ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के गुट के कार्यकर्ता।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की मासिक बैठक

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के तहसील अध्यक्ष बलराम सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने मासिक पंचायत के उपरांत अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

किसान नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि पानुवाला मंडैय्या गांव के राशन डीलर पर धारा 3/7 के अंतर्गत कार्रवाई होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसानों ने क्षेत्र में रात्रि के समय अवैध खनन का गंभीर मुद्दा उठाते हुए बताया कि रात में खनन से जुड़े ट्रैक्टर बेखौफ होकर सड़कों पर चल रहे हैं। इससे कानून-व्यवस्था के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा को भी खतरा बना हुआ है। किसानों ने रात्रिकालीन खनन एवं ट्रैक्टरों की आवाजाही पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आगे आंदोलन करने को मजबूर होगा। अंजुम जहां, सरिता देवी, कमलेश देवी, कुसुम देवी जहांगीर सैफी अनीश सतपाल सिंह इंद्रजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, योगेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# खनन विभाग ने जेसीबी सहित चार वाहन किए सीज

संवाददाता, मूंढापाण्डे

- गांव के धतूरा मेघ नगला के जंगल में खनन कर रहे माफिया

**अमृत विचार :** क्षेत्र में खनन विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही के बाद भी माफियाओं की सक्रियता पर विराम नहीं लग पा रहा है।

मूंढापाण्डे क्षेत्र के गांव के धतूरा मेघ नगला के जंगल में खनन विभाग की टीम ने मंगलवार की आधी रात में छापा मारकर एक जेसीबी और तीन डंपरों को सीज कर दिया। खनन विभाग की इस कार्यवाही से खनन माफियों में खलबली मची हुई है। तीनों डंपर एक जेसीबी को सीज कर पुलिस के सुपर्द कर दिया है। जिला

खनन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि हमारी टीम पूरी तरह से सक्रिय है। एक जेसीबी तीन डंपर सीज किए गए है। खनन माफियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है। अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।


सीज की गई जेसीबी।

# ढाबे पर खाने के बाद बेहोश ट्रक चालक की मौत

**छजलैट,अमृत विचार :** ढाबे पर भोजन कर बेहोश हुए एक ट्रक चालक की प्राथमिक उपचार के बादमौत हो गई। हिमाचल प्रदेश के थाना जूलिया के ग्राम बलवार निवासी ट्रक चालक तिलक राज पुत्र बाबूराम (45) ने थाना छजलैट क्षेत्र के एक एक ढाबे पर मंगलवार की रात भोजन किया। भोजन करने के बाद नूरपुर के पास अपना ट्रक लेकर पहुंच गया जहां उसकी हालत बिगड़ने लगी। हेल्पर की सहायता से वह पुनः ढाबे के पास आ गया। बेसुध देख एक अस्पताल में उसका उपचार कराया गया। उपचार के दौरान उसकी हालत और अधिक बिगड़ गई और कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया और शव लेकर हिमाचल प्रदेश चले गए।

# जंतर-मंतर पर शिक्षकों के धरने की सफलता को बैठक

संवाददाता, छजलैट

- टेट की अनिवार्यता का विरोध कर रहे हैं शिक्षक

**अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट के एक सितंबर 2025 के टीईटी की अनिवार्यता को लेकर दिये गए आदेश के ख़िलाफ़ अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा 11 दिसम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रस्तावित धरने की सफलता को बैठक की।


वीरेंद्र चौधरी।

छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि पिछले तीन महीनों में संगठन द्वारा जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया गया। उसके बाद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। जिला मुख्यालयों पर जिला अधिकारियों के माध्यम से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। अब दिल्ली के जंतर मंतर पर 11 दिसम्बर को एक विशाल धरना प्रदर्शन होगा जिसमें देश भर के सभी राज्यों से शिक्षक अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में शामिल होंगे। बैठक मैं निर्णय लिया गया कि शिक्षक अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुरेंद्र विश्नोई ,मंत्री पंकज दिवाकर उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह , संयुक्त मंत्री सुजाउलहक , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र चोहान आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना लदे वाहनों से हादसों का खतरा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजर रहे गन्ने से लदे भारी व ओवरलोड वाहन आमजन के लिए मुसीबत बने हुए हैं। बुधवार को मुख्य मार्ग पर अचानक कई गन्ना लदे वाहन खड़े हो जाने से भीषण जाम लग गया। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जाम की वजह से स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग, बुजुर्ग और मरीज समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। दुपहिया वाहन चालक किसी तरह संकरे रास्तों से निकलते नजर आए। वहीं, गन्ने से लदे वाहनों से सड़क पर गिरा गन्ना हादसों को दावत देता रहा, जिससे फिसलन की स्थिति बनी रही। लोगों का आरोप है कि गन्ना सीजन में बिना किसी नियंत्रण के दिन-रात भारी वाहन नगर में प्रवेश कर रहे हैं। संकरे मार्गों पर ओवरलोड वाहन न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि आमजन की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन और यातायात पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गन्ना लदे वाहनों के लिए निर्धारित समय व मार्ग तय किए जाएं, ओवरलोडिंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि जाम और हादसों से लोगों को राहत मिल सके।


कदीर तिराहे पर ओवरलोड गन्ना भरे वाहन से लगा जाम। ● अमृत विचार

- मुख्य मार्ग से गुजरते गन्ना भरे वाहनों से लग जाता है जाम

## न्यूज डायरी

### शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान



**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल पैगंबरपुर के छात्र छात्राओं ने आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद, हर्बल पार्क सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक वातावरण, विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं तथा हर्बल पार्क में औषधीय पौधों की जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक और जीवनोपयोगी जानकारी देना है। बच्चों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की।



### ऑटो चालकों को क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने की हिदायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने ऑटो वाहन स्वामियों एवं चालकों को यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जागरूक किया। उन्होंने चालकों को निर्देश दिया कि ऑटो में क्षमता से अधिक सवारी बैठाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। आरटीओ प्रवर्तन ने यह भी चेताया कि हाईवे पर ऑटो चलाना नियम विरुद्ध है और ऐसे संचालन पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने चालकों से अपील की कि वह अपनी तथा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और निर्धारित मार्गों पर ही वाहन का संचालन करें। जागरूकता अभियान के दौरान ऑटो चालकों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश भी उपलब्ध कराकर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।



### परिषदीय विद्यालय में शुरू हुईं अर्धवार्षिक परीक्षाएं

**कांठ, अमृत विचार :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालय में बुधवार से कक्षा एक से आठ के विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हुई। ब्लॉक क्षेत्र में 14281 बच्चे पंजीकृत थे लेकिन पहले दिन 12881 बच्चों ने परीक्षा दी करीब 1400 बच्चे अनुपस्थित रहे। पहले दिन एक से पांच तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा छठवीं से आठवीं में पहली पाली में क्राफ्ट कृषि गृह शिल्प की परीक्षा, वहीं दूसरी पाली में खेल शारीरिक शिक्षा और स्काउटिंग की परीक्षा थी। खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता ने बताया कि आज परीक्षा के पहले दिन करीब 1400 बच्चे अनुपस्थित रहे।

### एटीएम चोर गिरोह को पकड़ने वाली पुलिस टीम सम्मानित



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के कार्यालय पर पहुंचे। यहां पिछले दिनों पीएनबी का एटीएम उखाड़ कर ले जाने वाले गिरोह को पकड़ने पर पुलिस टीम को सम्मानित किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता, सिविल लाइंस कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना, वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अनुज कुमार, विपिन पुंडीर, उप निरीक्षक संजय सिंह और एसओजी प्रभारी विवेक यादव को सम्मानित किया। कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एटीएम चोर गिरोह का पर्दाफाश कार्य सराहनीय है। सम्मानित करने वालों में व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, गौरव अग्रवाल, टोनी सहगल, शिवम गुप्ता, सुरेश श्रीवास्तव, अनुज शर्मा, मुकेश, विपुल भटनागर, पंकज नागपाल, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रतुपूरा रोड पर बस से सामान चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। ताजा मामला रतुपूरा रोड का है, जहां सड़क किनारे खड़ी एक बस से दो बैटरी, एक लोहे की रॉड व दो स्पीकर चोरी कर लिए।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुशाहिद चौधरी की बस ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर संचालित होती है। मंगलवार की शाम बस का अंतिम फेरा समाप्त होने के बाद चालक व परिचालक ने बस को रतुपूरा मार्ग पर सड़क किनारे खड़ा कर दिया और चले गए। इसी दौरान चोरों ने बस में चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। बस स्टाफ के अनुसार बस के बराबर में एक ट्रक आकर खड़ा हो गया था, जिसकी आड़ लेकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

# मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, बिलारी


एसडीएम विनय सिंह को ज्ञापन देते भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी।

- भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने समस्याओं के निस्तारण की मांग की, ज्ञापन दिया

**अमृत विचार :** नगर के अंबेडकर पार्क परिसर में भारतीय किसान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने ठगी पीड़ितों का धन वापस कराने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई।

बुधवार को भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष कासिम पाशा के नेतृत्व में किसानों ने अंबेडकर पार्क धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि विभिन्न कंपनी एवं क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी को धोखाधड़ी के चलते प्रतिबंधित कर दिया गया था। लेकिन अभी तक जमाकर्ताओं के धन की वापसी नहीं हो पाई है। बैंकों पर आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत पात्र युवाओं का लोन पास नहीं कर रहे हैं। पास हो भी जाए तो 8 महीने तक रकम खाते में नहीं भेज रहे हैं। समस्याओं के समाधान की मांग की। प्रदर्शन में मोहम्मद इंतखाब पाशा, फरहत अली खान, मोहम्मद रफी एडवोकेट, मोहम्मद सलीम खान, रिजवानुद्दीन बंजारा, अकबर अली, रियाज़, सिराजुद्दीन खान, आलम, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद निसार, डॉ यासीन, रकाबुल हसन, सिराज पाशा आदि सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाइकों की टक्कर से घायल युवक की मौत, केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गांव सिरसवां गोड़ निवासी महिला की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर बेटे को टक्कर मारने, उपचार के दौरान उसकी मौत होने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में सावित्री देवी पत्नी जसराम ने कहा है कि 22नवंबर को बेटा गुरमीत बाइक से घर से खानपुर की ओर जा रहा था। रास्ते में गांव दादुपुर के निकट सामने से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने बेटे की बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके से भाग गया। बेटे को उपचार के लिए ऋषिकेस स्थित एआईआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार को उपचार के दौरान बेटे की मौत हो गई।

# अवैध खनन करने वालों कर कार्रवाई की मांग


किसानों की मौजूदगी में किया जा रहा खनन। ● अमृत विचार

संवाददाता,कांठ

**अमृत विचार :** किसानों ने अवैध खनन मामले में कार्यवाही की मांग की है।बुधवार को कस्बा कांठ के मान नगर में कुछ खनन माफिया गाटा संख्या 565, 576 में अवैध खनन किया। उक्त गाटा संख्या में सरकारी ट्यूबवेल व पाइप लाइन बिछी है। उत्तर प्रदेश लघु खनिज नियमावली 1963 के नियम 41ई का स्पष्ट आदेश है कि सरकारी भवन एवं सरकारी संपत्ति से 50- 50 मीटर दूरी तक खनन अनुमति नहीं दी जा सकती है। राजस्व विभाग द्वारा अपनी जांच में स्पष्ट लिखा है कि उक्त गाटा संख्या में ट्रांसफार्मर बिजली के पोल एवं सरकारी नलकूप चालू हालत में हैं। इस नलकूप से सैकड़ों बीघा भूमि की सिंचाई की जाती है।

निपेन्द्र सिह ,हरिश कुमार ,राजपाल सिह ,मिश्री सिह ,हेम राज , ओमप्रकाश सिंह आदि किसानों ने कार्रवाई की मांग की।

# सड़क चौड़ीकरण के काम में लगी जेसीबी सीज

संवाददाता, कांठ

- वन विभाग की अनुमति के बिना किया जा रहा था चौड़करण

**अमृत विचार:** कांठ-मुरादाबाद मार्ग पर चौड़ीकरण वन विभाग की अनुमति बिना किया जा रहा था। डिप्टी वन रेंजर ने कार्य को रोकते हुए जेसीबी को सीज कर दिया है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य लगभग पिछले 6 माह से किया जा रहा है। मंगलवार को रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग से वन संरक्षित क्षेत्र में छजलैट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य वन विभाग की अनुमति के बिना शुरू कर दिया, जिसकी सूचना पर वन रेंजर ने अपने उच्च अधिकारियों कोदी। बुधवार की प्रातः डिप्टी वन रेंजर अपनी टीम के साथ रसूलपुर नहर के समीप पहुंच गए। उन्होंने अवैध रूप से नहर के समीप लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को रुकवा दिया और कार्य करते हुए रंगे हाथों जेसीबी को सीज कर दिया। डिप्टी वन डेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि डीएफओ मुरादाबाद लखनऊ मीटिंग में गए हुए हैं, उनके लौटने पर कार्यवाही उनके निर्देशानुसार की जाएगी।


कार्य करती जेसीबी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग SAFEENA TABASSUM है जो कि सही व सत्य है। भविष्य में मेरा नाम SAFEENA TABASSUM पत्नी शमशाद खाँ निवासी इमली झूले वाल तह. सदर जिला रामपुर के नामसे जाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAMAD KHAN से बदलकर ABDUL SAMAD KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे ABDUL SAMAD KHAN नाम से जाना जाये। ABDUL SAMAD KHAN पुत्र मौहम्मद मुर्तजा निवासी कूंचा सैकलग्रान, कन्या इंटर कालेज, चाह शौर रामपुर।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### समस्याओं को लेकर 15 को धरना प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** सेवा निर्वत्त कर्मचारी एवं पेंशन एसोसिएशन की बुधवार को आंबेडकर पार्क में बैठक हुई। जिला अध्यक्ष एनपी सिंह ने बताया कि प्रांत से प्राप्त कार्यक्रम के आह्वान पर 15 दिसंबर को वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाने, केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन के बारे में जानकारी दी। सर्व सम्मति से तय किया कि 15 दिसंबर को आंबेडकर पार्क में प्रात: 11 बजे से धरना प्रदर्शन करते हुए 4 बजे प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को बनाने भगवनदास, परवेज अहम खां, हरद्वारी लाल, जसराज सिंह सागर, नरेश कुमार, जोगेंद्र पाल, मनोहर लाल, कृष्णपाल, राजेंद्र प्रकाश सक्सेना आदि ने विचार व्यक्त किए।

### किसानों की पंचायत आज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ( भानू) की पंचायत गुरुवार को बिलासपुर तहसील परिसर स्थित पार्क में होगी। पंचायत का नेतृत्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी करेंगे। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर संबंधित विभागों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### अफसर देंगे शिशु सदन के बच्चों की फीस

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में महिला एवं विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय बाल गृह शिशु में संरक्षित बच्चे जो किसी कारणवश अपने माता-पिता से अलग हो चुके हैं। उनका पालन पोषण किया जाता है। बाल गृह के बच्चों को सेंट पॉल स्कूल में प्रवेश कराया गया है। उनकी फीस देने का जिम्मा जिले के अधिकारियों ने उठाया है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी,परियोजना निदेशक सहित कई अधिकारी शामिल है।

### पेंशनर दिवस 17 को

**रामपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ कोषाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पेंशनर दिवस का आयोजन 17 दिसंबर को विकास भवन सभागार में प्रात: 11 बजे से किया जाएगा। बताया कि जनपद से पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर निर्धारित तिथि एवं समय पर सम्मिलित होकर समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

# तालाब की भूमि कब्जामुक्त करा सीमांकन कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- तालाब की खोदाई कार्यों का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी गुलाबचंद्र ने ग्राम पंचायत खेड़ा, विकास खंड शाहबाद में मनरेगा के तहत कराए जा रहे तालाबों की खोदाई कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान तालाब गाटा संख्या 361, 381 एवं 139 का अवलोकन किया गया। तालाब गाटा संख्या 361 पर कार्यरत श्रमिकों की उपस्थिति जांची व कार्यस्थल पर संधारित मस्टर रोल एवं एमएमएस मोबाइल एप के माध्यम से की जा रही प्रविष्टियों की जानकारी रोजगार सेवक से ली। रोजगार सेवक ने बताया कि तालाब के चारों ओर काश्तकारों द्वारा अवैध कब्जा किया। कार्य को बाधित करने के उद्देश्य से तालाब में पानी भर दिया गया है। उपजिलाधिकारी शाहबाद को तालाब की भूमि कब्जामुक्त कराते हुए सीमांकन कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ग्राम खेड़ा का तालाब उपयोग में न लाए जाने की स्थिति पर ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए तालाब को मछली पालकों को पट्टे पर देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में रामपुर पुलिस का लगातार शानदार प्रदर्शन

# शिकायतों के निस्तारण में रामपुर पुलिस 16वीं बार रही प्रथम

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- 50 बिंदुओं पर कार्यवाही के माध्यम से तय होती है जनपदों की रैंकिंग

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र पर्यवेक्षण में जनपद ने सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में नवंबर की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जिला 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त यह उपलब्धि हासिल की है।

इससे पूर्व में जुलाई 2024 से अब तक जनपद रामपुर सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 16वीं बार प्रथम स्थान पर कायम रहा। जून 2025 में द्वितीय स्थान पर रहा। सीएम डैशबोर्ड में 50 बिंदुओं पर कार्यवाही के माध्यम से जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है। जिसमें अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध (कुल अपराध), हत्या आबकारी अधिनियम के तहत करीब 50 बिंदुओं पर जानकारी दी जाती है। इसके अलावा नवंबर वर्ष 2025 में परियोजना यूपी-112 पोर्टल के रैंकिंग सिस्टम में उत्तर प्रदेश में 92.14 अंक प्राप्त कर जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परियोजना यूपी 112 जनपद उत्तर प्रदेश में लगातार 15वीं बार प्रथम स्थान पर रहा है। नवंबर वर्ष 2025 में जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती पत्रों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर जिले की पुलिस को प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

### विकास व राजस्व कार्यों में जिले को मिला 7वां स्थान

**रामपुर, अमृत विचार :** शासन द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से प्रत्येक माह विकास कार्यों, राजस्व कार्यों तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा कर जनपदवार रैंकिंग जारी की गई है। नवंबर 2025 तक के कार्यों के आधार पर राजस्व एवं विकास कार्यों की सम्मिलित रैंकिंग में जनपद ने प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया है। विकास कार्यों की श्रेणी में जनपद 9वें स्थान पर तथा राजस्व कार्यों में प्रदेश में 8वें स्थान प्राप्त किया है। उपलब्धि डीएम अजय कुमार द्विवेदी के कुशल निर्देशन, सतत अनुश्रवण एवं प्रशासनिक टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। सितंबर 2025 में जनपद राजस्व रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर 75वें स्थान पर था, जो माह अक्टूबर 2025 में सुधरकर 54वें स्थान पर पहुंचा। नवंबर 2025 में प्रगति करते हुए 7वां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार ओवरऑल रैंकिंग में भी जिले ने निरंतर सुधार किया है। सितंबर में जनपद 68 वें स्थान, अक्टूबर में 31वें स्थान पर रहा। नवंबर में जनपद ने ऊंची छलांग लगाते हुए प्रदेश में 7वां स्थान प्राप्त किया है। मुरादाबाद मंडल के तहत आने वाले सभी जनपदों में रामपुर प्रथम स्थान पर रहा है, जो जनपद के लिए गर्व का विषय है।

# तीन लाख वोट कटने की आशंका

# 79.63 प्रतिशत हुआ डिजिटाइजेशन

## सभी विधानसभाओं में 99 प्रतिशत से ऊपर हो चुका एसआईआर का कार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



एसआईआर का काम करते बीएलओ और सहायक। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** रामपुर जिले में 99 प्रतिशत से ऊपर एसआईआर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें आज गुरुवार एसआईआर का अंतिम दिन है। ऐसे में जिले में मतदाताओं की स्थिति लगभग सामने आ गई है। रामपुर जिले में तीन लाख वोटर मतदाता सूची से बाहर होने का अनुमान है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप वर्मा ने बताया कि बुधवार तक जिले में 99 प्रतिशत से ऊपर एसआईआर का कार्य हो चुका है। इसमें 79.63 प्रतिशत मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। जबकि 20 प्रतिशत वोटर मृत्यु या बाहर जाने के कारण सूची से हटाए जाएंगे। 20 प्रतिशत मतदाताओं का चिह्नीकरण कर लिया गया है। जबकि बहुत कम संख्या में ऐसे मतदाता भी हैं जिनका डाटा नहीं मिल पाया है। वो भी सूची से हटाए जाएंगे, लेकिन उनके पते पर जाकर उनका भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा। जिले में 17 लाख 57 हजार 741 मतदाता हैं, इनमें करीब तीन लाख वोट कटेंगे। इसके बाद संख्या साढ़े 14 लाख पहुंच जाएगी। हालांकि एसआईआर का काम पूरा होने के बाद नए मतदाताओं की प्रक्रिया शुरू होगी। उसमें युवा वोटर या ऐसे वोटर जिनका किसी कारण वश 2025 की मतदाता सूची में नाम नहीं आया है। वो फॉर्म -6 भरेंगे। उसके लिए दिसंबर माह में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। हालांकि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान रामपुर में दुबई में बैठे दो बेटों और 80 वर्षीय मां पर मुकदमा भी हुआ, जो प्रदेश और देश में चर्चा का विषय रहा। इस विवाद के बाद विदेशों में रहने वाले रामपुर के लोगों में भ्रम जरूर फैला, लेकिन जिला निर्वाचन अधिकारियों ने मामले में चुनाव आयोग की गाइडलाइन जारी कर भ्रम को कम किया। इसके बाद विदेश में रहने वाले भारतीयों को प्रवासी भारतीयों के तौर पर मतदाता बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद रामपुर में यह एसआईआर प्रक्रिया जारी है।

- 20 प्रतिशत मतदाता सूची से हटेंगे, रामपुर छोड़ने वाले और मृत्यु बना कारण

> रामपुर जिले में एसआईआर प्रक्रिया अंतिम दौर में है। पारदर्शिता के साथ जिले में कार्य हुआ है। आज अंतिम दिन है। इसके बाद जल्द नए मतदाता बनाने के लिए जो भी चुनाव आयोग के निर्देश होंगे, उसका पालन किया जाएगा। – **अजय कुमार द्विवेदी**, डीएम रामपुर

### स्वार में सबसे ज्यादा हुआ डिजिटाइजेशन

स्वार विधानसभा में सबसे ज्यादा 83 .35 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ है, जबकि चमरौआ में 80 .26 प्रतिशत, बिलासपुर में 83 .02, रामपुर शहर में 69 .85, मिलक में 81 .40 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ है।

# एसआईआर: मुकदमे पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- वृद्धा पर दर्ज मुकदमा निरस्त कराने की मांग



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने ज्वालानगर निवासी नूरजहां( 80 ) के खिलाफ एसआईआर मामले में दर्ज मुकदमे को निरस्त कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम अजय कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि ज्वालानगर निवासी नूरजहां के दो पुत्र कुवैत में नौकरी करते हैं। नूरजहां ने दोनों पुत्रों आमिर और दानिश के एसआईआर फार्म भर दिए हैं। जिसको लेकर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। कहा गया है कि विदेश में निवास करने से भारतीय नागरिकता समाप्त नहीं होती है। जब तक कोई व्यक्ति स्वेच्छा से किसी देश की नागरिकता स्वीकार न करे, तब तक वह पूर्णतः भारतीय नागरिक माना जाता है। मतदाता स्वयं अथवा उसका कोई निकट संबंधी आवश्यक विवरण प्रस्तुत कर सकता है।

मां द्वारा अपने पुत्रों की अनुपस्थिति में उनके लिए प्रपत्र भरना पूरी तरह विधिसम्मत है। यह कोई अपराध नहीं है। कहा गया है कि लगभग 90 लाख भारतीय खाड़ी देशो में व्यापार अथवा नौकरी करते हैं। मांग है कि नूरजहां के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। ज्ञापन पर पूर्व विधायक संजय कपूर, जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित, बाकर अली खां, साहिर रजा खां, ताहिर अंजुम, शारिब अली खां, नोमान मुमताज खां, राजेश कुमार लोधी, यासिर शाह खां,चितरंजन प्रसाद, जमील मियां आदि के हस्ताक्षर हैं।

### एसडीएम ने निरीक्षण कर की एसआईआर की समीक्षा





**सैफनी, अमृत विचार :** बुधवार को एसडीएम आशुतोष कुमार ने चेयरमैन फैजान खान को साथ लेकर नगर में एसआईआर को लेकर सभी बीएलओ की समीक्षा की। नगर में भ्रमण करते हुए लोगों से भेंट कर फॉर्म भरने में आ रही परेशानियों या किसी अन्य दिक्कतों को लेकर बातचीत की। साथ ही उनका समाधान करने को भी कहा। इस दौरान बीएलओ उर्मिला देवी, अंजली देवी, नौशीन,शबाना, विमला देवी,अनीस अहमद आदि साथ रहे।

# जेल डिस्पेंसरी में पूरी मिलीं जीवन रक्षक दवाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिला कारागार का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर अधिकारियों ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश कुलदीप सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी तथा जिला कारागार के अधिकारियों ने जिला कारागार का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जेल डिस्पेंसरी में जीवन रक्षक दवाएं एवं उपकरण पूर्ण रूप से उपलब्ध मिले। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद उस्मान तथा फार्मासिस्ट ड्यूटी पर उपस्थित मिले। ओपीडी में 30 बंदियों का उपचार किया जा चुका था। इसके अलावा 20 नए बंदी अपनी नियमित चिकित्सा जांच और उपचार के लिए उपस्थित हुए।चिकित्सालय वार्ड में 14 बंदी रोगी भर्ती मिले। डॉ. मो.उस्मान ने बताया कि प्रत्येक बंदी की एचआईवी, वीडीआरएल सहित सभी नियमित जांचें की जाती हैं। वर्तमान में 15 एचआईवी संक्रमित बंदियों का उपचार किया जा रहा है। टीबी के 5 रोगी चिन्हित हैं, जिनका समुचित उपचार किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि बंदी रोगियों के साथ संवेदनशील व्यवहार तय करें। तथा शीतलहर के दौरान उत्पन्न होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता बनाए रखें, ताकि बंदियों के स्वास्थ्य की प्रभावी सुरक्षा की जा सके।

### साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली

महिला बैरक के निरीक्षण में दो महिला बंदी मालती ( 3 माह गर्भवती) एवं सुहानी ( 6 माह गर्भवती) मिली। दोनों की जिला महिला चिकित्सालय में सभी जांचें एवं टीकाकरण पूर्ण हो चुके हैं। बताया कि भोजन नियमित रूप से उपलब्ध हो रहा है। महिला बंदियों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए सप्ताह में दो बार महिला चिकित्साधिकारी डॉ. हुमा परवीन द्वारा नियमित जांच एवं उपचार किया जाता है। जेल चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई।

# बिना सूचना गैरहाजिर रहने पर मुख्य आरक्षी निलंबित

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने शासनादेशों एवं पुलिस बल की अनुशासनिक परंपरा के अनुरूप कर्तव्य में लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने वाले मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस कावेन्द्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस कावेन्द्र सिंह को यातायात में व्यावहारिक प्रशिक्षण दौरान 25 अक्टूबर 2025 से 3 दिवस का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया गया था, किंतु अवकाश समाप्ति के बाद 28 को कर्तव्य पर उपस्थित न होने पर निलंबन की कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक पुलिसकर्मी से अपेक्षा की जाती है कि वह पूर्ण निष्ठा से काम करे।

## न्यूज डायरी



### डीएम से शिकायत की तो बना महिला का आयुष्मान कार्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी द्वारा जनसामान्य से सीधे संवाद स्थापित करने की अनूठी पहल के तहत जनसुनवाई कक्ष में समस्याएं सुनी जा रही हैं। गांव इच्छाराम मिलक महिला नीरज ने आयुष्मान कार्ड न बनने की समस्या बताई। इस पर तत्काल डीएम ने समस्या का समाधान कराते हुए उनका आयुष्मान कार्ड जारी कराया। कलेक्ट्रेट परिसर में ही उन्हें अपने हाथों से सौंपा। इसके अतिरिक्त, कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित दिव्यांग वीरपाल को शीतलहर से बचाव के लिए कंबल वितरित किया।

### आंदोलन तेज, भत्ता वृद्धि को साइकिल से निकले ग्राम सचिव



**मिलक , अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने, गैर विभागीय कार्यों के विरोध और साइकिल भत्ता बढ़ाने की मांग को लेकर चलाया जा रहा आंदोलन और तेज हो गया है। बुधवार सुबह से ही विकासखंड मिलक के ग्राम सचिव साइकिल से ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने सरकार के फैसलों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने प्रति महीने 200 रुपये साइकिल भत्ते को बढ़ाने की मांग को लेकर समाधान तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के बाद कर्मचारी मोटरसाइकिल व अन्य वाहन इत्यादि निजी वाहनों को छोड़कर साइकिल से ही अपने-अपने क्षेत्रों में फील्ड वर्क के लिए रवाना हुए। कर्मचारियों के अनुसार बढ़ती महंगाई के बावजूद साइकिल भत्ता दिया जा रहा है जिससे फील्ड में लगातार भ्रमण करने वाले अधिकारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार किया



**स्वार, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा है। कोतवाली के एक गांव निवासी युवती ने 21 नवंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अभिषेक निवासी भूवरा मसवासी ने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। परिजनों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक को पूर्व में ही गिरफ्तार कर भेज दिया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान में प्रदीप उर्फ पिलदीप का नाम प्रकाश आने पर जांच के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस सक्रिय हो गई थी। बुधवार को कोतवाल प्रदीप मलिक को सूचना मिली कि आरोपी भागने की फिराक में सवारी के इंतजार में मुंशीगंज तिराहा पर खड़ा है। आरोपी पुलिस को देख घबरा गया और भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने पीछा कर आरोपी प्रदीप को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा है।

### खंभे पर वाहन ने मारी टक्कर, 4 घंटे बाधित रही बिजली



**मसवासी, अमृत विचार :** टांडा बाजपुर मार्ग पर बुधवार सुबह आठ बजे अज्ञात वाहन ने मुंशीगंज के निकट कोसी ढाबे पर हाईटेंशन लाइन के खंभे में टक्कर मार दी। खंभा तिरछा हो गया और एचटी लाइन में फॉल्ट हो गया। जिससे मसवासी, चाउपुरा, भूवरा, बिजारखाता सीतारामपुर, मोतीपुरा, खौद, हसनपुर उत्तरी, पट्टीकला, अलीगंज, कुंदनपुर, मुकुंदपुर, सेमरा लाडपुर, खुशहालपुर, मंसूरपुर धर्मपुर, उत्तरी किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर, बब्बरपुरी, लोहार, इनायत गंज, मानपुर उत्तरी, खानपुर उत्तरी आदि गांव की बिजली 4 घंटे बाधित रही। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 4 घंटे बाद फिर इसी मार्ग के किनारे स्थित खंभे में किसी वाहन ने टक्कर मार दी तोखंभा टूट गया। बिजली कर्मियों ने लटकी हुई लाइन को किसी तरह दुरुस्त किया।



### एसपी ने अजीमनगर थाने का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर ने मंगलवार देर रात अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ थाना अजीमनगर का निरीक्षण किया। उसके बाद थाना क्षेत्र में पैदल गश्त की। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध, त्यौहार, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर को चेक किया। फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख-रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चेक किया। साथ ही कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सेल आदि की साफ-सफाई का जायजा लेकर निर्देश दिए। उसके बाद एसपी ने मुख्य मार्गों एवं बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शाहबाद हर्षिता सिंह उपस्थित रहीं।

# मस्जिद की गुल्लक तोड़कर नगदी चोरी दूसरी बार हुई घटना

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर के शाहबाद बिलारी रोड पर स्थित मुस्तफा मस्जिद की गुल्लक का ताला तोड़कर अज्ञात चोर रुपए निकालकर फरार हो गया। इसी मस्जिद में 8 माह पहले भी वारदात हुई थी।

मस्जिद के मोअज्जिन बाबू अली और नूर नबी ने बताया कि नगर में शाहबाद-बिलारी रोड स्थित मुस्तफा मस्जिद में चंदा जमा करने को गुल्लक रखी हुई है। बताया कि बुधवार को असर की नमाज पढ़ने वह जब मस्जिद में पहुंचे तो गुल्लक का ताला टूटा था। हजारों रुपये चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया कि 24 मई की सुबह नमाज पढ़ने नमाजियों को तीन साल से बंद गुल्लक का ताला टूटा मिला था। जिसके बाद मस्जिद के मुतवल्ली द्वारा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी तहरीर नहीं दी गई है।

**तैयारी** | जिला पंचायत परिसर में किराये की बिल्डिंग में हो रहा संचालन

# नए साल में होमगार्ड कार्यालय अपने भवन में होगा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



निर्माण कार्य को देखते अधिकारी। ● अमृत विचार

- 2.94 करोड़ का बजट स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य जारी

**अमृत विचार :** सालों से जिला पंचायत परिसर में किराये की बिल्डिंग में संचालित होमगार्ड कार्यालय नए साल 2026 में अपने भवन में शिफ्ट होगा। सिविल लाइंस के गांव फैजनगर में तेजी के साथ निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें 2.94 करोड़ रुपये की लागत आएगी। 2026 में अपने भवन में कर्मचारी काम करेंगे, करीब तीन बीघा जमीन में चिन्हित हुई थी।

होमगार्डों को उत्तर प्रदेश की पुलिस की तरह सक्रिय भूमिका में लाने के लिए सरकार गंभीर है। जिले में 600 से ज्यादा होमगार्ड तैनात हैं। पुलिसकर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले होमगार्डों को किराए की बिल्डिंग से जल्द छुटकारा मिल जाएगा। जिसमें जिला कमांडेंट से लेकर बाबू और दरोगा तक किराये की बिल्डिंग में काम करते हैं। करीब दो साल पहले अधिकारियों ने कुछ स्थानों की जमीन पर कार्यालय बनाने के लिए चिन्हित कर उच्च अधिकारियों को भेजा गया था। जिसमें सिविल लाइंस के फैजनगर में तीन बीघा जमीन फाइनल की गई। निर्माण के लिए आने वाले खर्च के लिए बजट बनाकर भेजा गया। जिसमें दो करोड़ 94 लाख रुपये का बजट पास हुआ था। होमगार्ड कार्यालय के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। जिला कमांडेंट कमलेश चौहान ने बताया कि फैजनगर में ऑफिस का निर्माण कार्य चल रहा है।

भवन का निर्माण कार्य 2026 में पूरा हो जाएगा। उसके बाद कार्यालय शिफ्टिंग किया जाएगा।

### जल्द विभाग को मिलेंगे नए होमगार्ड

कई सालों से जिला कार्यालय होमगार्ड की कमी से जूझ रहा है। पिछले दिनों शासन की ओर से पूरे प्रदेश में भर्ती निकाली गई है। जिसमें रामपुर का नाम भी शामिल है। करीब 300 होमगार्ड कम है। फार्म आने के बाद से युवक और युवतियां फार्म भर रही है। जल्द ही शासन की ओर से परीक्षा तिथि घोषित की जाएगी। उम्मीद लगाई जा रही है कि 2026 में विभाग को नए होमगार्ड मिलेंगे।

न्यूज ब्रीफ

### जातिसूचक शब्दों से अपमानित, चार पर रिपोर्ट

सैफनी, अमृत विचार : नगर स्थित मदरसा मार्ग पर मंसूर अली की मार्केट में किराए पर दुकान चलाने वाली महिला नीलम का कहना है कि 5 दिसंबर शाम करीब चार बजे दुकान के बाहर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप कि इस दौरान मंसूर अली की पत्नी फूल जहां बेटा उस्मान और उनकी दो पुत्रियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। मारपीट कर धमकी भी दी। शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों ने बीच बचाव किया। बुधवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिलाओं को दिए कंबल

रामपुर, अमृत विचार : मिशन शक्ति- 5 अभियान के तहत गरीब एवं विधवा महिलाओं को कंबल वितरित किये गए। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। थाना गंज क्षेत्र के ग्राम काशीपुर में विशेष महिला सुरक्षा दल, थाना गंज द्वारा मिशन शक्ति- 5 अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं, महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला सिपाही रीना शर्मा द्वारा गरीब एवं विधवाओं को कंबल दिए।

# व्योमकेश आवासीय कॉलोनी में प्लॉट तैयार, लोग नहीं ले रहे रुचि

## आरडीए रामपुर में पहली बार लाई है गेट बंद कॉलानी की योजना, पंजीकरण जारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः 18 साल पहले स्थापित रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने पहली बार में रामपुर के लोगों को गेट बंद आवासीय कॉलोनी दी है। इसका नाम व्योमकेश आवासीय योजना दिया गया है। कॉलोनी में 1289 प्लॉट आवंटित किए जाएंगे, जिसमें हर वर्ग के हिसाब से छोटे-बड़े प्लॉटों का आवंटन होगा। लेकिन अभी रामपुरवासियों को आवंटन का इंतजार है।

आरडीए की यह कॉलोनी 170 एकड़ में विकसित हो रही है। जो पहाड़ी, भमरौआ, बढ़पुरा शर्की और ताशका गांवों की भूमि पर बनाई जा रही है। यह एक गेट बंद आवासीय कॉलोनी होगी, जिसमें बेहतर ड्रेनेज सिस्टम, भूमिगत विद्युत लाइनें, सीसीटीवी, स्ट्रीट लाइटें और हाई-मास्ट भी होंगे।



आरडीए कार्यालय।

"एसआईआर कार्य लगभग पूर्ण होने को है, 11 दिसंबर के बाद आरडीए की आवासीय कॉलोनी में भूखंडों के आवंटन का काम तेजी से किया जाएगा। इसमें अभी आवेदन बढ़ेंगे, जनता एसआईआर कार्य करा चुकी है। इसके प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

– संदीप वर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व और आरडीए सचिव।

सरकार से 100 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय मंजूरी मिल गई थी लेकिन रामपुरवासियों ने अभी पंजीकरण में रुचि नहीं दिखाई है, जिससे योजना को पंख लग सकें। 1289 भूखंडों के मुकाबले अभी तक 500 के करीब ही आवेदन आए हैं, जबकि 20 ग्राहकों ने ही राशि जमा की है। ऐसे में आरडीए अधिकारी योजना का प्रचार प्रसार करने की तैयारी में हैं। एसआईआर का कार्य 11 दिसंबर को पूर्ण

**व्योमकेश आवासीय कॉलोनी के भूखंडों का विवरण**

| | |
|---|---|
| 72 वर्ग मी | टाइप-एच के 63 भूखंड। |
| 112 .5 वर्ग मी | टाइप-जी के 256 भूखंड। |
| 162 वर्ग मी | टाइप-एफ के 584 भूखंड। |
| 200 वर्ग मी | टाइप-इ के 218 भूखंड। |
| 288 वर्ग मी | टाइप-डी के 90 भूखंड। |
| 450 वर्ग मी | टाइप-सी के 61 भूखंड। |
| 800 वर्ग मी | टाइप-बी के 10 भूखंड। |
| 1000 वर्ग मी | टाइप-ए के 7 भूखंड। |
| कुल | 1289 भूखंड |

- 100 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दे चुकी सरकार

हो जाएगा, इसके बाद कॉलोनी में भूखंडों के आवंटन कार्य में तेजी का अनुमान है। आरडीए ने भूखंडों के एकमुश्त भुगतान जमा कराने का भी योजना बना रही है। आरडीए के अधिकारियों ने बताया कि अगले 10 से 15 दिन में भूखंड आवंटन को ड्रा करने की तैयारी है। इसमें एकमुश्त भुगतान करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। अभी तक जिन लोगों ने आवेदन किया है। उनके द्वारा 10 प्रतिशत का भुगतान किया गया है। उनसे माह में 20 की धनराशि और जमा कराई जाएगी। यदि कोई किस्तों में चाहता है तो उसे 12 प्रतिशत ब्याज के साथ दो साल में पूरी धनराशि जमा करनी होगी। एकमुश्त भुगतान करने वालों को छह माह का समय दिया जाएगा।

### लक्ष्य निर्धारित कर उसका पीछे करें

रामपुर, अमृत विचार : गांधी समाधि के निकट स्थित श्रीहरि इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन किया। कहा कि बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसका पीछा करें। तरक्की की राहों पर आगे बढ़ें।

प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने आख्या प्रस्तुत की। 2024-25 के हाईस्कूल के मेधावी कशिश गुप्ता को जिले में सप्तम तथा इंटर की मेधावी दीपाली पाल को द्वितीय आने पर पुरस्कृत किया गया। कक्षा 6 के छात्र शौर्य सैनी, दिव्या, मानवी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संगीत निर्देशक नीतू त्यागी को सम्मानित किया गया। इससे पहले विद्यालय अध्यक्ष नितिन गुप्ता और प्रबंधक मनोज गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर सुनीता गौड़, वंदना सक्सेना, सदफ लईक, राजीव सक्सेना, प्रकाश किष्टवाल, आदित्य प्रकाश, पातीराम, ज्ञानेंद्र कुमार, सुमित सक्सेना, उमेश शाह, राजीव गुप्ता, विकास पांडेय, सुषमा, प्रिया श्रीवास्तव गीता का सहयोग रहा। संचालन सतेश कुमार सिंह ने किया।

# परिषदीय स्कूलों में 1.20 लाख बच्चों ने दी अर्द्धवार्षिक परीक्षा



परीक्षाएं देते छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचारः बुधवार से जिले के 1596 सरकारी स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। जिसमें कक्षा एक से पांच तक की मौखिक और कक्षा 6 से आठ के बच्चों ने लिखित परीक्षाएं दी। परीक्षा में लगभग 1 लाख 20 हजार बच्चे शामिल हुए।

कुछ दिन पहले शासन की ओर से परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया था। उसके बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने आदेश जारी करके परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने को कहा था। जिसके चलते बुधवार से परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन कक्षा एक से लेकर

- कक्षा-1 से 5 तक मौखिक और 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं की हुई लिखित परीक्षा

कक्षा पांच तक के छात्र-छात्राओं ने मौखिक परीक्षा दी। जबकि कक्षा 6 से लेकर 8 तक के छात्र-छात्राओं ने एग्रीकल्चर और होम साइंस की परीक्षा दी। जिसमें करीब 1596 स्कूलों में एक लाख बीस हजार बच्चों ने परीक्षा दी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली 9:30 से लेकर 11:30 तक रही। दूसरी पाली 12:30 से लेकर 2:30 तक रही। बीएसए कल्पना देवी ने बताया कि बुधवार से अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई है।

# खनन माफिया गिरफ्तार, हाइड्रा पकड़ी

संवाददाता,स्वार

अमृत विचारः कोसी नदी में अवैध खनन पर रोक लगाने की प्रशासनिक कार्रवाई एक बार फिर फेल साबित हुई है। तीन दिन पूर्व धनपुर शाहदरा और रुस्तम नगर स्थित कोसी नदी के घाट पर छापेमारी के दौरान अवैध खनन का पकड़ा गया था, कार्रवाई के बाद भी खनन माफिया प्रशासन की नाक के नीचे से फंसी हुई हाइड्रा मशीन को रातों-रात निकाल ले गए।



आरोपी अशफाफ।

राजस्व टीम ने पुलिस के साथ खनन माफिया को गिरफ्तार कर हाइड्रा मशीन बरामद कर सीज की है। तीन दिन पूर्व गांव धनपुर शाहदरा एवं रुस्तम नगर स्थित कोसी में अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार सचिन कुमार व लोकेश कुमार ने राजस्व टीम के साथ छापामारा था। तब



हाइड्रा मशीन को ले जाती राजस्व टीम। • अमृत विचार

- दो दिन पूर्व कार्रवाई के बाद टीम छोड़ आई थी हाइड्रा

खनन माफिया जेसीबी मशीन और डंपर लेकर फरार हो गए थे। एक हाइड्रा मशीन दलदल में धंस गई थी। राजस्व टीम भारी अवैध खनन देखने के बावजूद फंसी मशीन को मौके पर छोड़कर वापस आ गई थी। लेकिन प्रशासन के हटते ही खनन माफिया रात में हाइड्रा मशीन को निकाल ले गए। बुधवार को घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद हाइड्रा की बरामदगी और खनन माफियाओं की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिशें दी गई। पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर धनपुर शाहदरा निवासी खनन माफिया अशफाक हुसैन को गिरफ्तार कर हाइड्रा मशीन को बरामद कर सीज किया है।

**कार्रवाई के दौरान दलदल में फंस गई थी हाइड्रा**

एसडीएम अमन देओल ने बताया कि छापामार कार्रवाई के दौरान एक हाइड्रा मशीन कोसी नदी की दलदल में फस गई थी। जिसे खनन माफिया निकाल कर ले गए थे। खनन माफिया का शांति भंग में चालान कर दिया।

# बेसिक के दिव्यांग बच्चों को कराया शैक्षिक भ्रमण

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचारः समेकित शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित खंड शिक्षा अधिकारी सैदनगर सुनील कुमार सक्सेना बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिसमे 156 बच्चों ने गांधी समाधि, रजा लाइब्रेरी, पक्षी विहार एवं किला में बच्चों ने खूब आनंद लिया। सभी चीजों को समझने का प्रयास किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना,

- 156 बच्चों ने गांधी समाधि, रजा लाइब्रेरी, पक्षी विहार एवं किला देखा

जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सत्येंद्र कुमार शर्मा, सुनील कुमार श्रीवास्तव, जानिसार अख्तर, रफत खान, अंकित सक्सेना तथा सभी स्पेशल एजुकेटर विजय प्रताप मिश्रा, लक्ष्मण प्रसाद, नरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, कपिल कुमार, आशीष कुमार, अमरनाथ यादव, सुशील कुमार पांडे, लाल सिंह, सुशील सिंह, योगराज, भूरे सिंह, रामकिशोर, दिनेश बरनवाल, सत्य प्रकाश चौबे, फिजियोथैरेपिस्ट मोहम्मद रिजवान आदि मौजूद रहे।



भ्रमण के दौरान मौजूद बच्चे। • अमृत विचार

# सकारात्मक सोच से प्राप्त करें लक्ष्य



संबोधित करते कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन।



मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में बुधवार को मौलाना मोहम्मद अली जौहर का 147वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि आपने जैसा सोचा है, वैसे ही आप बन जाते हैं, इसलिए हमेशा सकारात्मक सोचें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें।

समारोह की शुरुआत मोहम्मद रियाज ने तिलावते कुरआन मजीद से की। कुरआन मजीद की आयतों का अनुवाद छात्रा बुशरा ने किया। उसके बाद रवासिया ने हम्द और छात्र मो. अनस ने नात पेश की।

- विश्वविद्यालय में मनाया गया मोहम्मद अली जौहर का 147वां मनाया जन्मदिन

डॉ. गुलरेज निजामी ने कहा कि मोहम्मद अली जौहर एक सैनानी, पत्रकार, शिक्षाविद और कवि थे। डॉ. मोहम्मद अब्बास ने कहा कि मौलाना जौहर की जिंदगी और विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं। डॉ. एसएन सलाम ने कहा कि उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विवि का विस्तार करने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसे मुहम्मदान एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के नाम से जाना जाता था। 1920 में जामिया मिलिया इस्लामिया के सह-संस्थापकों में से एक थे। मोहम्मद साजिद ने गजल पेश की। फार्मेसी के अस्सिटेंट प्रोफेसर नदीम अहमद ने गीत प्रस्तुत किया। डॉ. राजेश यादव, आरए कुरैशी, मोहम्मद आरिफ, डॉ. मोहम्मद कलीम, डॉ. स्वाति सिंह राणा, डॉ. फरहा, डॉ. तनवीर इरशाद, आलमगीर खान, डॉ. गुलफ्शा, डॉ. मोबीन, डॉ. रेखा, साजिद, डॉ. इरम, डॉ. उनाइजा, अमित सिंह, मोहम्मद इस्लाम, आएशा बी, ब्रजकिशोर यादव, दीपक कुमार, अकरम, रेशमा परवीन, हाला, खुशबू गर्ग, प्रशांत गुप्ता, नदीम अहमद, मोहम्मद आसिफ, रमित यादव, जीशान आदि मौजूद रहे।

# खनन में 40 पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः जिले में अवैध उप खनिज की ओवरलोडिंग को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 9 दिसंबर को स्वार के ग्राम समोदिया में अवैध खनन की शिकायत पर नायब तहसीलदार को टीम सहित तत्काल मौके पर भेजा गया।

निरीक्षण के दौरान तहसील स्वार के ग्राम रुस्तमनगर छप्परा स्थित गाटा संख्या 109, 113 एवं 114 पर अवैध मिट्टी खनन मिला। जिसमें गाटा संख्या- 109 दर्ज सहखातेदार, संक्रमणीय भूमिधर रामौतार, राम सिंह, झुन्नी सिंह व धर्म सिंह, मोहन देई, मनोज व अर्जुन, भगवान देई,रमेश, झम्मन सिंह,मदन लाल, राकेश, नन्हें, भगवान देई, धर्मवती, लालमन, राजाराम, तेजराम, खलील

- स्वार थाना क्षेत्र में की थी अधिकारियों ने छापेमारी

अहमद, भूकन लाल, लक्ष्मी, शिव कुमार, चरन सिंह, महीपाल, राजवती, गाटा संख्या-113 लाखन सिंह एवं लाल सिंह सह खातेदार के रूप में दर्ज हैं। इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। गाटा संख्या 114 के किशनलाल,वीरपाल व जितेन्द्र,कमला देवी,जयदेव, चन्द्र प्रकाश व सोमपाल, हुलासो, चन्दा, राकेश एवं शेर सिंह, भूप सिंह, वृजकिशोर, प्रदीप कुमार, चन्द्रपाल, मिथुन, भानु प्रताप, शिवम व नितिन, प्रियंका, कमला, नेमवती, शिवतार, विक्की, अजय मौर्य, गौरव कुमार, शिवानी सभी के विरुद्ध अर्थदंड आरोपित किए जाने की कार्रवाई पूर्ण की जा रही है।

# प्रत्येक नागरिक को मिले समानता का अधिकार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचारः अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू बुधवार को सिविल लाइंस स्थित कॉफी कॉर्नर रेस्टोरेंट में पहुंचे। जहां उनका पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू प्रेसवार्ता में कहा कि देश में समानता का अधिकार जब हर नागरिक को प्राप्त है, तो एससी-एसटी एक्ट जैसे काले कानून को देश हित में तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह ऐसा काला कानून है, जिसमें बिना जांच के गिरफ्तारी हो जाती है। जिस कारण एक शोषण का पर्याय बन चुका है, दुनिया में किसी देश में ऐसा कानून



होटल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। • अमृत विचार

नहीं है। यदि यह काला कानून शीघ्र समाप्त नहीं हुआ तो देश भर में क्षत्रिय महासभा आंदोलन करेगी। प्रतिभाओं को दूसरे देश में जाने से रोकने के लिए आरक्षण समाप्त होना चाहिए, क्योंकि जो आरक्षण कुछ वर्षों के लिए आया था। उसे अपने लाभ के लिए राजनैतिक पार्टी उसे समाप्त नहीं होने देना चाहती। न्यूज चैनल पर डिबेट में आने वाले प्रवक्ताओं और न्यूज चैनल पर सख्ती होनी चाहिए कि कोई भी अभिव्यक्ति के नाम पर किसी भी धर्म, जाती या व्यक्ति पर अभद्र टिप्पणी या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग न करें। प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम देवेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, युवा जिला

- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू का स्वागत

अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, राकेश सिंह, ओमवीर सिंह वैदिक, उमेश पाल सिंह, सचिन चौहान,रुद्रपाल सिंह, अजय राठौर, अजय सिंह, नर्मदेश्वर राव, संजय सिंह, योगेश सिंह, रंजीत सिंह, पृथ्वी भान सिंह, बार के कौशलेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विजेंदर सिंह, एनपी सिंह, देवेंद्र फौजी, यतेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, जयवीर सिंह, अर्जुन सिंह राठौर, जसवंत सिंह आदि उपस्थित रहे। उसके बाद राघवेंद्र सिंह राजू कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ महिला टीम की जिलाध्यक्ष स्नेहलता राठौर के नेतृत्व में कृष्णा विहार में स्वागत किया।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत, दो जख्मी

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : शाहबाद में हुए अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से शव और घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करैथी निवासी मलखान सिंह (40) किसी काम से घर से बाहर निकला था। रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मलखान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र के गांव चकरपुर भूड़



मृतक मलखान।



मृतक तौफीक।

निवासी सोहेल (20), रियासत खां का बेटा तौफीक (15), शौकत खां का बेटा मोहम्मद फैज (14) बाइक पर सवार होकर टांडा जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तौफीक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठे मोहम्मद फैज के पैर में फ्रैक्चर हो गया और सोहेल गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# स्टेडियम आने वाले खिलाड़ी का हो पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी बरेली और मुरादाबाद मंडल चंचल मिश्रा बुधवार को रामपुर पहुंची और खेल मैदानों का निरीक्षण किया। हॉकी एस्ट्रोटर्फ कॉम्पलेक्स सींगनखेड़ा, शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी और नवाब जुल्फिकार अली खां हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पनवड़िया एवं आवासीय बालक हॉकी छात्रावास के छात्रों से मुलाकात की। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने स्टेडियम पर आने वाले खिलाड़ियों का पंजीकरण कराए जाने पर जोर दिया।

बरेली-मुरादाबाद मंडल की क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी बुधवार को शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित कार्यालय पर पहुंची और अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। इसके बाद वह प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार एवं




छात्रावास के छात्रों के साथ क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा। • अमृत विचार

- क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने स्टेडियमों का किया निरीक्षण

अन्य कर्मचारियों के संग सींगनखेड़ा स्थित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, नवाब जुल्फिकार अली खां एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम पहुंची। उन्होंने स्टेडियम की साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। स्टेडियम पर आने वाले प्रशिक्षुओं और शौकिया खिलाड़ियों का पंजीकरण करने के बाद उन्हें सूचना देने के लिए कहा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि स्टेडियम में प्रशिक्षण शिविरों का संचालन कर रहे प्रशिक्षकों की प्रातः काल एवं सांयकाल बायोमेट्रिक द्वारा उपस्थिति दर्ज की जानी चाहिए। जिले में होने वाली प्रतियोगिताओं एवं चयन-ट्रायल्स का प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने छात्रावास में रहने वाले छात्रों से मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# स्वस्थ शरीर ही आत्मबल एवं आत्मनिर्भरता की नींव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को भौतिकी विभाग के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर लगा। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अदीबा अकबर और उनकी टीम ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

स्वास्थ्य शिविर में छात्र-छात्राओं के अलावा प्राध्यापकों तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर का उद्घाटन करने के बाद प्राचार्य डॉ. जागृति मदान ढींगड़ा ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही आत्मबल एवं आत्मनिर्भरता की नींव है। छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण,



छात्रा का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं टीम।

- रजा डिग्री कॉलेज में छात्राओं, प्राध्यापकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कराई जांच

बीपी, शुगर जांच, बीएमआई मापन, नेत्र परीक्षण, तथा महिला स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श प्रदान किया। एनीमिया रोकथाम, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जागरुकता सत्र भी आयोजित किया गया। प्रो. सीमा तेवतिया, डॉ. सुमन लता, डॉ. राजू, डॉ. राहुल, डॉ. कुसुम लता और प्रो. मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

अनदेखी — सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं का बन रहे सबब

# 12 गोशालाएं, फिर भी सड़कों पर पशु

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः जिले में 12 गोशालाएं होने के बावजूद शहर की सड़कों पर छुट्टा पशुओं के घूम रहे हैं। जबकि छुट्टा पशुओं के कारण लगातार सड़कों पर हादसे हो रहे हैं।

शहर में यह समस्या नवाब गेट, गांधी समाधि, कचहरी रोड, शाहबाद गेट, पहाड़ी गेट के अलावा नवाब रेलवे स्टेशन और रोडवेज पर है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि पशुओं के कारण सड़क पर जाम लग जाता है। आए दिन चालक सड़कों पर इनकी चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। संभावित दुर्घटनाओं के मद्देनजर नगर पालिका प्रशासन द्वारा छुट्टा पशुओं पर अंकुश लगाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। जबकि जिले में 3 स्थायी और 9 अस्थायी गोशालाएं



नवाब रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे पर जाता छुट्टा गो वंश। • अमृत विचार

- जिले में तीन स्थायी और 9 गोशालाएं बनवाई गई हैं अस्थायी

बनाई गई हैं। सुबह से लेकर रात तक छुट्टा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी कचहरी रोड, शाहबाद गेट, गांधी समाधि पर देखने को मिल रही है।

**पशुओं को सड़कों पर छोड़ देते हैं पशु पालक :** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि पशु पालक पशुओं के दूध नहीं देने पर उन्हें घरों से निकाल देते हैं।

जोकि सड़कों पर घूमते हैं उन्होंने इस बात से इंकार किया कि दूसरे जिलों से गोवंश को रामपुर जनपद की ओर हांक दिया जाता है। उन्होंने बताया कि फिलहाल गो आश्रय स्थलों पर लगभग 2600 पशु हैं। जिले में 3 स्थायी और 9 अस्थायी गो आश्रय स्थल हैं। जिनके लिए अलाव और सर्द हवा से बचाने के लिए तिरपाल लगवा दिए गए हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

### पहले दिन सुनाई धुंधकारी की कथा

**मनोटा,अमृत विचार :** श्री जी चैरिटेबल आई हास्पिटल के उदघाटन के अवसर पर ग्राम भटपुरा श्रीमद्भागवत के पहले दिन धुंधकारी की कथा सुनाई गई। पडित त्रिशान्त कृष्ण महाराज ने बताया कि प्राचीन समय में धुंधकारी अपने कुकर्मों के कारण प्रेत योनि को प्राप्त हुआ तो उसके भाई गोकर्ण ने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया। धुंधकारी ने बांस की गाँठ पर बैठकर यह कथा सुनी। जिसे सुनकर धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली थी। इस अवसर पर डा. विमल कुमार, ममता देवी एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग से लगी आग

**संभल/कुढफतेहगढ़,अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव बिचैटा में बुधवार की शाम साढ़े छह बजे गांव के बाहर लगे ट्रांसफार्मर में विद्युत स्पार्किंग होने से आग लग गई तथा ट्रांसफार्मर से हाई वोल्टेज विद्युत तार टूट कर जमीन पर गिर गया। तार के गिरते ही पास में पड़े घूरे में भी आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीण एकत्र हो गए और बिजलीघर को फ़ोन पर सूचना देकर विधुत आपूर्ति बंद कराई। उसके बाद ग्रामीणों ने आग बुझाई।

# दिल्ली में श्री पीर रतन नाथ मंदिर में तोड़फोड़ के विरोध में सड़क पर उतरा पंजाबी समाज

## पंजाबी समाज के लोगों ने राज्यमंत्री गुलाब देवी के घर में कीर्तन कर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

संवाददाता,चंदौसी



राज्यमंत्री गुलाब देवी को ज्ञापन सौंपते पंजाबी समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** दिल्ली के झंडेवालान स्थित दरगाह मंदिर बाबा श्री पीर रतन नाथ मंदिर में डीडीए एवं एमसीडी द्वारा की गई कथित तोड़फोड़ के विरोध में बुधवार को चंदौसी में पंजाबी समाज के लोगों ने सड़क पर उतर पड़े। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राज्य मंत्री के घर में कीर्तन भी किया।

बुधवार को पंजाबी समाज के लोग हाथ में बैनर पोस्टर व झंडे लेकर पैदल मार्च करते हुए राज्य मंत्री गुलाब देवी के घर पहुंचे। दिल्ली में कार्रवाई के विरोध में अपने गुस्से का इजहार किया। कहा कि परम सिद्ध बाबा गोरखनाथ की आज्ञा पर उनके शिष्य परम सिद्ध सतगुरु बाबा श्री पीर रतन नाथ ने राजसी जीवन त्याग कर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने गजनी, काबुल, जलालाबाद, पेशावर सहित कई स्थानों पर बाबा गोरखनाथ के स्थल स्थापित किए और धर्मांतरण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेपाल के दांग प्रदेश के पूर्व राजकुमार रहे बाबा पीर रतन नाथ के देशभर में सवा करोड़ से अधिक अनुयायी हैं।

समाज ने आरोप लगाया कि डीडीए व एमसीडी ने दिल्ली झंडेवालान के पूरे क्षेत्र को छावनी में बदलकर मंदिर परिसर में तोड़फोड़ की। इससे लंगर स्थल और तुलसी वाटिका क्षतिग्रस्त हो गई तथा प्रतिदिन होने वाला भोग भी नहीं लग पाया। श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक देने से भक्तों में आक्रोश है। समाज ने सरकार से हस्तक्षेप कर मंदिर परिसर को पूर्व स्थिति में बहाल कराने और धार्मिक गतिविधियां दोबारा प्रारंभ कराने की मांग की है। अपनी इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन राज्य मंत्री को सौंपकर कहा कि मुख्यमंत्री उनकी भावनाओं को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का काम करें। ज्ञापन सौंपने वालों में अरविंद अरोड़ा,सुधीर मल्होत्रा, बुद्धिश छाबड़ा, संजय मदान, सत्यनारायण अरोरा, सतीश अरोरा, अशोक शर्मा मग्गो, सचिन मग्गो, विजय अरोरा, मोनू अदलक्खा, संजू, राजू कालड़ा, गगन अरोरा, यश मदान, सावन शर्मा, आशु खुराना, सागर साहनी, अनमोल कंचन, जौली सूरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

● सरकार से मंदिर परिसर को पूर्व स्थिति में बहाल कराने की मांग

**राज्य मंत्री के सामने जताया गुस्सा**

पंजाबी समाज के लोगों ने राज्य मंत्री गुलाब देवी के सामने अपने गुस्से का इजहार करते हुए कहा कि वह उनकी भावनाओं से प्रदेश व केंद्र की सरकार को अवगत करायें। ज्ञापन सौंपने के बाद राज्यमंत्री ने पंजाबी समाज के महिला पुरुषों का सत्कार करते हुए उन्हें अपने घर में बैठाया। पंजाबी समाज के लोग राज्यमंत्री के घर में बैठे और वहीं कीर्तन शुरू कर दिया। राज्यमंत्री गुलाब देवी की पंजाबी समाज के महिला पुरुषों द्वारा गाये जा रहे भजन गुनगुनाती रहीं।

## मानवाधिकारों की रक्षा का लिया संकल्प



विश्व मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,संभल/असमोली

**अमृत विचार:** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ग्राम असमोली में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में वक्ताओं ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवाधिकार केवल कानूनी अधिकार नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्रता से जुड़ा मूल अधिकार है। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को समान अधिकार और न्याय दिलाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षात्मक भ्रष्टाचार निवारण संगठन के महासचिव प्रमोद कुमार यादव, जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार त्यागी, प्रांत उपाध्यक्ष गौरव कुमार यादव, जिला सचिव समय सिंह, महामंत्री ओमवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार, जिला कानूनी सलाहकार चंद्रभान सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# मेगा मार्ट में छात्राओं से अभद्रता, अश्लीलता

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** चंदौसी में एक मेगा मार्ट में खरीदारी करने गईं दो छात्राओं के साथ अभद्रता, गलत तरीके से सर्चिंग और मारपीट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। छात्रा के परिजनों ने तहरीर देकर स्टोर मैनेजर सहित कई कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए। मार्ट पहुंचे लोगों ने घटना के विरोध में हंगामा किया।

8 दिसंबर को छात्रा और उसकी सहेली शॉपिंग करने के लिए मेगा मार्ट पहुंची थीं। दोनों ने कुछ गारमेंट्स पसंद किए, लेकिन बाद में मन बदलने पर सामान वापस रखने की बात कही। इसी बात पर स्टोर स्टाफ नाराज़ हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर स्टोर मैनेजर समेत कुछ कर्मचारियों ने दोनों छात्राओं को जबरन ड्रेसिंग रूम में ले जाकर सर्चिंग के नाम पर अभद्रता तथा अश्लील हरकतें कीं। छात्राओं ने विरोध किया तो कर्मचारियों ने उन्हें कैमरे के सामने खड़ा कर अपमानित किया और धमकियां भी दीं। घटना की जानकारी मिलने पर 10 दिसंबर को परिजन स्टोर पहुंचे तो स्टाफ ने उनके साथ भी मारपीट और बदसलूकी की। आरोप है कि स्टोर कर्मचारियों ने माइक से घोषणा कराई कि कस्टमर मारपीट कर रहे हैं, इन्हें बाहर निकालो। छात्रा के पिता ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस सहायता ली तब किसी तरह सुरक्षित कोतवाली पहुंचे। परिजनों ने स्टोर मैनेजर सहित कई कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को तहरीर दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं मार्ट के प्रबंधन का कहना है कि आरोप झूठे हैं।



दोनों पक्षों की बात सुनती पुलिस। ● अमृत विचार

● लोगों ने किया हंगामा, परिजनों ने दी स्टाफ के खिलाफ तहरीर

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, साथी गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद दूसरी बाइक पर सवार तीन लोग मौके से फरार हो गए।



मृतक अजय।

घटना बुधवार शाम लगभग 5:30 बजे संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर मुनज्जबता से मंडी किशन दास सराय को जाने वाले धोबी घाट रोड पर हुई। मृतक युवक की पहचान अजय (20 वर्ष) पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम मंडलाई, थाना रायसत्ती के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक लाभ सिंह (25 वर्ष) पुत्र रामकिशन निवासी गांव बसला, थाना कैलादेवी बताया गया है। हादसे के बाद उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति ने दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। अस्पताल में जांच के दौरान अजय को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि लाभ सिंह का इलाज किया जा रहा है। दोनों युवक कृषि संबंधी दवाइयों का प्रचार-प्रसार करते थे। बताया गया कि दोनों की एक-दूसरे से पहचान कुछ दिन पहले ही हुई थी। पुलिस हादसे वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है ताकि फरार हुए तीनों युवकों की पहचान की जा सके। इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



जिला अस्पताल में मृतक के परिजन व पुलिस। ● अमृत विचार

● कृषि संबंधी दवाइयों का काम करता था अजय

### बाइक सवार व्यापारी की दुर्घटना में मौत

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में गांव बेरनी के पास बुधवार दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यापारी को टक्कर मार दी। व्यापारी घंटों खंदक में पड़ा तड़पता रहा। राहगीरों ने जब देखा तो उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। परिजन चंदौसी सीएचसी लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर की गणेश कॉलोनी निवासी सचिन सक्सेना की एमजी कॉम्प्लेक्स में मोबाइल पार्ट्स की दुकान है। सचिन बुधवार सुबह करीब आठ बजे शाहाबाद कस्बे में एक दुकानदार को माल दे ने गए थे। लौटते समय गांव बेरनी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। सचिन काफी देर तक खंदक में पड़ा रहा। दोपहर को राहगीरों ने व्यापार को पड़ा देखा तो शिनाख्त कराने के लिए उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की। फोटो देखने के बाद उसके भाई मिंटू और हिमांशु मौके पर पहुंचे और सचिन को सीएचसी ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। परिजन आश्वस्त न होने पर उसे अन्य चिकित्सकों के पास भी ले गए। डाक्टरों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। सचिन की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक सचिन अपने पीछे मां सरला देवी, पत्नी अंजु और बच्चे कृष्णा, आरव व सांगवी को रोता-बिलखता छोड़ गया।



मृतक सचिन।

● खंदक में पड़ा मिला शव, एक दुकानदार को माल देने गए थे

# महिला सम्मेलन में छात्राओं ने प्रस्तुत कीं मनमोहक झांकी




सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्रा व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता,असमोली

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विद्या भारती के महिला शक्ति जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को रुक्मिणी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान असमोली डोली देवी ने की। उ

मुख्य अतिथि डॉ. अनामिका यादव ने कुटुंब प्रबोधन विषय पर विचार प्रस्तुत किए। हितेश शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। शेफाली यादव ने नारी अधिकारों और उत्पीड़न से संबंधित विषयों पर अपना वक्तव्य दिया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बनीं। सहायक आचार्य अंजू, मेघना बहन ने सहयोग किया। शहीद कर्मवीर सिंह फौजी की माता का सम्मान किया गया। विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# भुवनेश्वर तीर्थ पर कथित नागा साधु गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** रायसत्ती थाना क्षेत्र के गांव खानपुर खुम्मार स्थित भुवनेश्वर तीर्थ पर रह रहे कथित नागा साधु उमाशंकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर जूना अखाड़ा का नाम लेने, पहचान छुपाने, तीर्थ भूमि के निजीकरण के प्रयास और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर अधिकारियों को धमकाने जैसे आरोप हैं।

संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय स्थित क्षेमनाथ मंदिर के महंत बालयोगी दीनानाथ साधु-संतों के साथ भुवनेश्वर तीर्थ पहुंचे थे। उन्होंने तीर्थ पर नागा साधु के रूप में रह रहे उमाशंकर से शास्त्र आधारित चर्चा की। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर संदेह हुआ तो अधिकारियों से शिकायत की। महंत बालयोगी दीनानाथ ने कहा कि वह वास्तव में जूना अखाड़े से होता तो अपने नाम के साथ गिरी या पुरी का संप्रदाय सूचक संकेत अवश्य जोड़ता। वह जूना अखाड़ा का नाम लेकर तीर्थ की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। यह भी आरोप लगाया कि खानपुर खुम्मार में तीर्थ की भूमि का उपयोग हिंदू समुदाय नहीं कर रहा, बल्कि इसका लाभ दूसरे समुदाय के व्यक्तियों तक सीमित है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भूमि किसके द्वारा उपयोग की जा रही है, इसकी विस्तृत जांच कराते हुए सार्वजनिक भूमि का निजीकरण रोकने की कार्रवाई की जाए। वह आजमगढ़ का निवासी है और दो- तीन माह पूर्व भुवनेश्वर तीर्थ पर रहने आया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उमाशंकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद उसे शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया गया।




पुलिस की गिरफ्त में बाबा उमाशंकर।

● खुद को नागा सम्प्रदाय का संत बताने व संदिग्ध गतिविधियों पर की गई शिकायत

# ग्राम पंचायत सचिवों ने तेज किया विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,संभल/मनोटा /रजपुरा

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सचिवों ने गैर-विभागीय कार्यों और ऑनलाइन उपस्थिति के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। सचिवों ने काली पट्टी बांधकर कार्यालयों में काम करने के साथ ही सरकार द्वारा दिए जाने वाले साइकिल भत्ते के विरोध में इंजन चालित वाहनों का उपयोग पूरी तरह बंद कर दिया। विरोधस्वरूप सभी सचिव साइकिल से ही अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में निकले।

जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि सरकार को पहले ही अवगत करा दिया गया था कि 10 दिसंबर के बाद ग्राम पंचायत सचिव इंजन चालित वाहनों से कार्य करना बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि सचिवों पर गैर-विभागीय कार्यों का अत्यधिक बोझ डाल दिया गया है, ऊपर से ऑनलाइन उपस्थिति की बाध्यता ने कार्य व्यवस्था को और जटिल बना दिया है।

ऐसी परिस्थितियों में सरकार का सिर्फ साइकिल भत्ता देना तर्कसंगत नहीं है, जबकि सचिवों को क्षेत्र में लगातार दौड़-भाग करनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, विरोध इसी प्रकार जारी रहेगा।

गैर-विभागीय कार्यों से मुक्त करने, ऑनलाइन उपस्थिति की बाध्यता समाप्त करने व परिवहन भत्ते में बढ़ोतरी कर उचित व्यवस्था करने के बाद ही आंदोलन खत्म होगा। बताया कि आगामी चरण में विरोध और तीव्र किया जाएगा। 15 दिसंबर को सभी सचिव अपने-अपने डोंगल विकासखंड कार्यालय पर जमा कर देंगे। इसके बाद बड़े आंदोलन की रणनीति भी तैयार की जा रही है। सचिवों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो कार्य प्रभावित होने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

सचिवों के सामूहिक आंदोलन से ग्रामीण क्षेत्रों के कई कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

● वाहन छोड़कर साइकिलों से काम पर निकले ग्राम पंचायत सचिव

● मांगें नहीं पूरी हुईं तो डोंगल भी जमा करा देने की चेतावनी



रजपुरा ब्लॉक कार्यालय से साइकिलों से निकलते ग्राम पंचायत सचिव।

## बरात में युवक को पीटा, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बहजोई, अमृत विचार:** बारात में गये युवक को तीन युवकों ने बे पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बहजोई के मोहल्ला मुराव टोला निवासी मोहित कुमार ने तहरीर दी कि तीन दिसंबर की रात वह एक बरात में सादुल्लागंज, थाना जनपद बदायूं गया था। वहां शिवम कश्यप, अतुल कश्यप और दो अज्ञात व्यक्तियों ने बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने लाठी, डंडे और हाथ में पहने कड़े से हमला कर पीटकर घायल कर दिया । पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार ने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच के बाद यह मामला दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**न्यूज डायरी**

### लोकतांत्रिक देशों में ही मानवाधिकारों की सुरक्षा संभव



**चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस एवं भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की जयंती मनाई गई। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि लोकतांत्रिक देशों में ही मानवाधिकारों की वास्तविक सुरक्षा संभव है, जबकि तानाशाही शासन में बोलने तक की आजादी नहीं होती। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी और प्रथम गवर्नर जनरल भारत रत्न चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और योगदान का भी विस्तृत उल्लेख किया। दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार-प्रसार में उनका बड़ा योगदान रहा। अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने , संचालन डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। आयोजन की जिम्मेदारी पंडित सुरेश चंद्र शर्मा ने निभाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित बार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, अनमोल मिश्रा, प्रशांत अग्रवाल, ओम ठाकुर मौजूद रहे। हिमांशु यादव, बंटू बघेल, विकास मौर्य, विकास यादव, सपना ठाकुर, शिव कुमार आदि का सहयोग रहा।

### कहासुनी के बाद मारपीट,पिता- पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

**कैला देवी,अमृत विचार :** ग्राम सौधन मोहम्मदपुर में मामूली कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के साथ मारपीट की नौबत आ गई। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव सौधन मोहम्मदपुर निवासी सरवन ने आरोप लगाया कि बुधवार को किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जिसके बाद सामने वाले पक्ष ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर पिता-पुत्र ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हुए तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। थाना प्रभारी सौरभ कुमार त्यागी ने बताया कि पीड़ित महिला सरवन की तहरीर के आधार पर गांव सौधन मोहम्मदपुर निवासी जीतेंद्र और अजीत के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### संभल-बहजोई मुख्य मार्ग पर चला सफाई अभियान

**संभल,अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी संभल के निर्देश पर ग्राम मुजफ्फरपुर स्थित संभल-बहजोई मुख्य मार्ग पर पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। सड़क किनारे जमा मिट्टी एवं पटरियों की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवासा, अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि विकास खंड पंवासा के 25 कर्मचारियों की टीम लगातार अभियान में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि पंवासा विकास खंड क्षेत्र में मुख्य मार्ग को पूरी तरह साफ-सुथरा और बाधारहित बनाए रखने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारी के अनुसार, अभियान का मकसद मार्ग को सुचारू, स्वच्छ और सुरक्षित बनाना है, जिससे आवागमन में कोई समस्या न हो और क्षेत्र का वातावरण स्वच्छ बना रहे।

### दुकान में मारपीट का वीडियो वायरल

**रजपुरा,अमृत विचार :** कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित एक रेडीमेड दुकान में बेल्टों से मारपीट का वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो में कुछ किशोर हाथ में बेल्ट लिए दुकान से बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। गांव पबसरा के निवासी राजकुमार के अनुसार वह अपनी दुकान पर बैठा था। तभी अलग-अलग गांवों के चार किशोर आए और अचानक बेल्टों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाया। जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद चारों किशोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मानवाधिकारों का संरक्षण समाज एवं शासन की जिम्मेदारी



**चंदौसी, अमृत विचार :** राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मानवाधिकार एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि मानवाधिकार वह मूल अधिकार हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से प्राप्त होते हैं और उनका संरक्षण समाज एवं शासन दोनों की साझा जिम्मेदारी है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में असमानता, भेदभाव, हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में वृद्धि चिंताजनक है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है ताकि वह अन्याय और अत्याचार का विरोध कर सके। विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन, नि:शुल्क सहायता और उपलब्ध कानूनी सेवाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार, प्रधानाचार्य भोपाल सिंह शास्त्री सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# लोगों की जान ले रहे हाईवे किनारे खड़े होने वाले बड़े वाहन

## चालान तक सीमित है अधिकारियों की कार्रवाई, रात और सुबह के समय होते हैं हादसे, कोहरे में दृश्यता कम होने पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** नेशनल हाईवे व जिले के स्टेट हाईवों के किनारे खड़े वाहन हादसों का कारण बन रहे हैं। इनकी वजह से कई लोगों की जान जा चुकी है। बावजूद जिम्मेदार हाईवे किनारे ट्रक, डीसीएम और टैंकर सहित अन्य वाहन खड़ा करने वालों पर पुलिस और परिवहन विभाग अंकुश नहीं लगा पा रहा है। कार्रवाई के बाद रोजाना फिर वही नजारा देखने को मिलता है।

बुधवार को अमृत विचार की टीम ने नेशनल हाईवे पर जायजा लिया। जहां जोया से लेकर चौधरपुर तक करीब 20 से अधिक ट्रक, बस, कंटेनर आदि भारी वाहन नेशनल हाईवे किनारे खड़े मिले। कई वाहन जर्जर हालत में थे। जोया से निकलते ही मुरादाबाद दिशा की ओर कई ट्रक खड़े सड़क किनारे खड़े मिले। डिडौली ओवरब्रिज कॉस करते ही टैंकर खड़े थे। किसी वाहन में चालक बैठे थे तो किसी में चालक गायब था। इस तरह 24 घंटे सड़क के दोनों और ट्रक व भारी वाहनों खड़े रहते हैं। सड़क किनारे चालक रात के समय अपने वाहन बेतरतीब खड़ा कर देते हैं जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इससे आए दिन हादसे भी हो रहे हैं


गांव हरियाना में नेशनल हाईवे किनारे खड़े कंटेनर। ● अमृत विचार

जिनमें लोगों की जान भी बड़ी संख्या में जा रही है। पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहन खड़े वाहन में टकरा जाते हैं। ऐसी कई घटनाएं हो चुकीं लेकिन लापरवाह वाहन चालकों की मनमानी पर आज तक लगाम नहीं लग सकी।

कहने को तो संबंधित थानों के सिपाहियों को रात व दिन में हाईवे पर गश्त पर रहने के निर्देश हैं लेकिन वह कभी कभार ही दिखाई देते हैं। दुर्घटनाएं अक्सर ढाबों, सर्विस रोड के आसपास होती हैं। बुधवार को भी हाईवे समेत जिलेभर की अन्य सड़कों पर वाहन खड़े दिखाई दिए। अब सवाल ये है कि लोग इन सड़कों पर सुरक्षित सफर कैसे करें। वहीं अगर जिम्मेदार इस ओर कोई ठोस कदम उठाए तो शायद हादसों पर रोक लगा सकती है।

### सबसे अधिक बड़े वाहन ढाबों के पास नजर आते हैं

जिले में सबसे ज्यादा बड़े वाहन नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबों पर खड़े नजर आते हैं। रात व दिन में यहां वाहन एक के पीछे एक खड़े रहते हैं। रात के समय तो आलम और भी भयंकर होता है, यहां से निकलने में भी डर बना रहता है। नियमित चेकिंग न होने और चालान न होने की वजह से यहां हादसे का डर बना रहता है।

### यातायात माह में लाखों रुपये खर्च करते हैं पुलिस व परिवहन विभाग, नतीजा शून्य

नियमों को समझाने व दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नवंबर में यातायात माह के तहत पुलिस और परिवहन विभाग नेलोगों व वाहन चालों को को पाठ पढ़ाया। लेकिन व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। प्रचार प्रसार में लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा के नियम निर्देश कहीं भी धरातल पर देखने को नहीं मिलते हैं। गोष्ठियों और सेमिनारों में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया जा जाता है लेकिन हाईवे ट्रक, डीसीएम, कंटेनर या अन्य वाहन चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है। वह हाईवे किनारे कहीं भी अपने वाहन खड़ा करके सो जाते हैं, या ढाबों पर खाना खाने चले जाते है। जिससे हादसे बढ़ते जा रहे हैं।


डिडौली ओवरब्रिज पार करते ही खड़ा ट्रक।

### उत्तराखंड के सिंगर पवनदीप हो गए थे घायल

गजरौला में हाईवे पर खड़ी डीसीएम में उत्तराखंड के गायक पवनदीप की कार खड़े कैंटर में घुस गई थी। वह पांच मई की रात को घर से दिल्ली जा रहे थे। रात करीब ढाई बजे उनकी कार गजरौला क्षेत्र में चौपला चौराहा ओवरब्रिज से नीचे उतरी तो हाईवे किनारे सीओ ऑफिस के सामने खड़े कैंटर में घुस गई थी। हादसा चालक राहुल को झपकी आने के कारण हुआ था। हादसे में पवनदीप, उनके साथी अजय व चालक राहुल घायल हो गए थे। हादसे में गायक पवनदीप आईसीयू में भर्ती हुए थे।

### कोहरे में हादसे रोकने के सड़कों पर नहीं इंतजाम

दिसंबर का महीना चल रहा है। सड़कों पर सुबह के समय कोहरा रहता है। हादसों को रोकने के लिए मुख्य मार्गों और हाईवे पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। हाईवे को छोड़कर अधिकतर सड़कों पर रिफ्लेक्टर, मोड़ पर संकेतांक, सफेद पट्टियां नहीं हैं। हाईवे पर बने अवैध कट हादसे को न्योता दे रहे हैं। कई जगहों पर सर्विस लेन अधूरी हैं। कुछ जगहों की स्ट्रीट लाइटें भी बंद हैं। अब कोहरा पड़ना शुरू हो गया है जिससे हादसे बढ़ सकते हैं।

### अतरासी में चार डाक्टरों की हुई थी मौत

करीब एक सप्ताह पहले बुधवार की रात को रजबपुर थानाक्षेत्र में अतरासी हाईवे पर हादसे में श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी के चार डॉक्टरों की जान चली गई थी। उनकी कार सर्विस रोड पर डीसीएम में पीछे से घुस गई थी। सप्तऋषि दास निवासी जिला वेस्ट त्रिपुरा, आयुष शर्मा निवासी द्वारका साउथ वेस्ट दिल्ली, अर्नव चक्रवर्ती निवासी पश्चिमी बंगाल तथा श्रेयस पंचोली निवासी राजस्थान एसबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर यूनिवर्सिटी के हॉस्पिटल से इंटर्नशिप कर रहे थे। हादसे के दिन बाद पुलिस ने नेशनल हाईवे पर अभियान चलाकर सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई की थी। लेकिन एक सप्ताह बाद स्थिति फिर वही है।

### कार्रवाई के बाद भी हाईवे पर अवैध पार्किंग

यातायात पुलिस इन वाहनों पर कार्रवाई तो करती है लेकिन उसके बावजूद भी वाहन चालक नियम तोड़ने से पीछे नहीं हट रहे। पुलिस ने करीब 18 हाईवे वाहनों का चालान काटा। जो नियमों का उल्लंघर कर नेशनल हाईवे पर खड़े थे। लेकिन बड़ी बात ही है कि लगातार कार्रवाई के बाद भी जोया, डिडौली पूरा हाईवे अवैध पार्किंग का अड्डा बना हुआ है जो हर रोज हादसों का कारण बनते हैं।

● बृजघाट से चौधरपुर तक बड़ी संख्या में बड़े वाहन हर समय हाईवे किनारे खड़े रहते हैं

"नियमों का उल्लंघन करने वाले वालों पर कार्रवाई की जाती है। पिछले दो दिनों हाईवे पर सड़क किनारे खड़े करीब 18 बड़े वाहनों पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई कर चालान किए गए है। इसके अलावा अभियान चलाकर हाईवे किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। रात में हाईवे पर गश्त भी बढ़ाई जाएगी। ताकि हादसों को रोका जा सके।

– **अनुज मलिक**, टीएसआई


जोया के पास हाईवे पर खड़ा ट्रक।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। शहर की एमडीए कालोनी निवासी विकास व नितिन बाइक से मंगलवार शाम किसी काम से जोया गए थे। नेशनल हाईवे पर गांव सलारपुर के पास पीछे से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पर उनके परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान के घर में लगी आग, लाखों का माल राख

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना नौगावां क्षेत्र के गुलड़िया गांव में शॉर्ट सर्किट से एक किसान के घर में आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया तब तक घर के कमरे में रखा सामान जलकर राख हो गया। यह घटना क्षेत्र के गांव गुलड़िया में बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे की है। दरअसल यहां पर किसान राजेंद्र सिंह पुत्र जगराम सिंह का परिवार रहता है। बुधवार की दोपहर परिवार के लोग खेत पर काम करने गए थे। घर पर कोई नहीं था। अचानक शॉर्ट सर्किट से घर के कमरे आग लग गई। आग की चपेट में आने से डबल बेड, रजाई, गद्दे, ड्रेसिंग टेबल, फ्रिज और इनवर्टर सहित अन्य घरेलू सामान जल गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# करंट से मृत राजमिस्त्री के परिवार वाले मुआवजे की मांग पर अड़े

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** करंट से राजमिस्त्री की मौत के बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। परिजन मुआवजा मिलने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़ गए। थाना प्रभारी सहित अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आश्वासन दिया जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के बाकीपुर गांव निवासी राजमिस्त्री बलबीर उर्फ बब्लू की मंगलवार को करंट लगने से मौत हो गई थी। यह घटना तखतपुर गांव में एक मकान के निर्माण कार्य के


राजमिस्त्री की मौत पर रोती-बिलखतीं परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

● अधिकारियों के आश्वासन देने के बाद किया अंतिम संस्कार

दौरान हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को परिजन शव को घर ले आए और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने मांग की है कि जब तक मुआवजा नहीं मिलता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बातचीत की और स्थिति को शांत करने का प्रयास करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए ले गए।

# मंदिर के पास की जमीन पर निर्माण रुकवाने की मांग


प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

**अमरोहा, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला शास्त्री नगर बाईपास स्थित वासुदेव के निवासियों ने खाली पड़ी जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की है। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा गया।

बुधवार को मोहल्ला शास्त्री के लोग कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। बताया कि नौगावां रोड पर एक प्राचीन शिव मंदिर है। इस मंदिर के पश्चिमी ओर खाली जमीन पड़ी है, जहां केले के पेड़ लगे हैं और पानी भरा रहता है। आरोप है कि जिला उद्योग केंद्र इस जमीन पर निर्माण कार्य कर रहा है। यह पूरी जमीन मंदिर का प्रांगण है। उन्होंने प्रशासन से इस निर्माण कार्य को तुरंत रुकवाने की मांग की। अनीता, गीता, आशीष, रंजीत कुमार, संजीव कुमार, संजात कुमार, आदर्श, केशव कुमार, उमेश सिंह और मनीष सहित कई लोग शामिल रहे।

## न्यूज डायरी

### भाजपा पदाधिकारियों ने भरवाए गणना प्रपत्र

**सैदनगली, अमृत विचार :** बूथ दिवस पर हसनपुर विधानसभा के उझारी मंडल में भाजपा कार्यकताओं ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने विभिन्न बूथों पर फार्म भरवाए। दयानंद इंटर कॉलेज स्थित कई बूथों पर बैठकर मतदाताओं को फार्म भरवाए। उन्होंने कहा किअभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पारदर्शी, विश्वसनीय और मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम है।





### हिजाब चौधरी को एमपीटी में मिला सिल्वर मेडल

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मुजाहिद चौधरी तथा शिक्षा मित्र लुबना खान की पुत्री हिजाब चौधरी ने एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में फिजियोथेरेपी की स्नाकोत्तर परीक्षा (एमपीटी) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वाइस चांसलर प्रो. बलविंदर कौर शुक्ला तथा विभाग अध्यक्ष प्रो. जसवंत सेठी ने हिजाब चौधरी को सिल्वर मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा डिग्री प्रदान की गई। हिजाब चौधरी ने अपनी इस उपलब्धि को अपने माता-पिता तथा अपने दादा बाबूजी मुनाजिर हुसैन को दिया। मुजाहिद चौधरी और लुबना खान ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व है।

### दिन में धूप से राहत, शाम होते ही सर्द हवा कर रही बेहाल

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। सुबह और शाम की ठिठुरन के बीच दिन भर की धूप राहम दे रही है। ऐसा रोजाना हो रहा है। बुधवार को भी दिन में धूप राहत लेकर आई। लोग सुबह सोकर उठे तो ठंड में झुरझुराते रहे। हल्की सर्दी के बीच बाजारों में सामान्य गतिविधियां शुरू हुईं। लोग गर्म कपड़ों में घरों से निकले, लेकिन नौ बजे के बाद जैसे ही धूप खिलकर निकली, माहौल में गर्माहट घुलने लगी। दुकानदारों ने बाहर बैठकर आराम से कामकाज निपटाया और राहगीरों ने भी धूप का पूरा फायदा उठाया। दोपहर तक धूप तेज बनी रही, जिससे लोगों को ठंड से काफी राहत मिली। शहर में दोपहर बाद मौसम ने दोबारा करवट ले ली। जैसे ही सूर्य ढलने लगा, दिन में चल रहीं हल्की सर्द हवाएं अचानक तेज हो गईं और ठंडक हवा में घुलने लगी। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पहुंच गया। जिससे लोगों को ठंड का तेजी से एहसास होने लगा। बाजारों में जहां दोपहर तक भीड़ बनी रही, वहीं शाम होते-होते दुकानों के बाहर लोगों की संख्या कम होने लगी। कई लोग घरों को लौटने लगे ताकि बढ़ती ठंड से बचा जा सके। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलते फिलहाल तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। अगले कुछ दिनों में सुबह और शाम और ज्यादा ठंडी हो सकती हैं।

### राज्य विधि परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल का किया स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधि परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य प्रशांत सिंह अटल का बुधवार को तहसील आगमन पर अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया। अधिवक्ता सम्पर्क संवाद में अटल ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा पर ज़ोर दिया और कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य बनेगा। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं को प्रत्येक वर्ष पांच हजार रुपए की पुस्तक उपलब्ध कराने की परिषद की योजना की भी जानकारी दी। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नंदराम सिंह एडवोकेट एवं उनकी कार्यकारिणीके अलावा भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं बार एसोसिएशन के निवर्तमान महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट, ऋषि पाल सिंह चौहान, दिनेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, श्योराज सिंह राणा, नरेश पाल सिंह एडवोकेट, गंगासरन, आफताब आलम, डॉ. इसरार खान, विनोद कुमार त्यागी, फतेह सिंह, संजय चौहान, राजवीर पोसवाल, संजीव कुमार, चतुरसेन, शिवकुमार राणा अन्य अधिवक्तामौजूद रहे।

# घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी पुलिस के व्यवहार से नाराजगी


पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करता पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा चोरी हो गई। पीड़ित ने नामजद तहरीर दी। वहीं पुलिस के व्यवहार से नाराज होकर प्रदर्शन किया।

नगर के संभल मार्ग स्थित काशीराम कॉलोनी में गोपाल पुत्र गंगासरन अपने परिवार के साथ रहता है और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। कुछ माह पूर्व उसने ई रिक्शा फाइनेंस पर खरीदी थी। मंगलवार की रात घर के बाहर ई रिक्शा खड़ी थी। बुधवार की सुबह को उठा तो ई-रिक्शा गायब थी। पीड़ित गोपाल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और कॉलोनी निवासी कुछ लोगों पर शक जाहिर करते हुए नामजद तहरीर दी। गोपाल का कहना है कि कोतवाली पुलिस का व्यवहार सही नहीं था। नाराज होकर गोपाल व उसके परिजनों ने कोतवाली पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया।

# सफाई के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार:** गंगेश्वरी ब्लाक के ग्राम पंचायत चचौरा के मजरा भोगपुरा में तैनात सफाई कर्मी तीन माह से सफाई कार्य नहीं करने नहीं आ रहा। जिससे गंदगी सड़कों पर जमा हो गई है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने कहा कि चचौरा ग्राम पंचायत में दो सफाई कर्मी हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों से साठगांठ करके घर बैठे वेतन प्राप्त कर रहे हैं। गांव में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं तथा नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। निकलने में परेशानी हो रही है। वहीं गांव मच्छरों का प्रकोप होने से बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन कर सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए शीघ्र


प्रदर्शन करते गांव भोगपुरा के ग्रामीण। ● अमृत विचार

● तीन माह से नहीं पहुंचा सफाई कर्मी, नालियां उफनाईं

सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि एडीओ पंचायत को सम्बन्धित शिकायत पर जांच सौंपी गई है। जांच के बाद अगर ग्रामीणों के आरोप सही पाए गए तो सफाई कर्मियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों में सूरज राणा, मोहित शर्मा, नवनीत राणा, ईश्वर राणा, देवा राणा, रामजीमल, मुनेश कुमार, अनिल राणा, राम राणा, अमरीश कुमार, अवधेश कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# सिंकरौली मिलक में रात में खनन कर रहे माफिया

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिंकरौली मिलक में अवैध मिट्टी, बालू खनन का कारोबार चरम पर है। खनन माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बड़े पैमाने पर तालाब से खोदाई कर रहे हैं।

इसे लेकर वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह धड़ल्ले से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से खनन किया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बावजूद अधिकारियों का कोई बयान सामने नहीं आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग आंखें मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया।

# 4 वर्षीया बच्ची से दो बच्चों के पिता ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, रहरा (अमरोहा)

**अमृत विचार :** 4 वर्ष की एक बच्ची के साथ घर में घुसकर दो बच्चों के पिता ने दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पाक्सो व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी किसान अपनी पत्नी व भाई के साथ गंगा किनारे लगी पालेज में झोपड़ी डालने गया था। घर पर दो बेटियां व एक बेटे को छोड़ गया था। इनमें एक बच्ची साल की है। पड़ोस में एक वैवाहिक कार्यक्रम में दावत चल रही थी। दोनों बहन भाई छोटी बहन को घर छोड़कर दावत खाने

● पुलिस ने पाक्सो में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया

चले गए। इसी दौरान नशे में धुत गांव निवासी युवक घर में घुस आया और बच्ची को अकेजा देख कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। इतने में ही किसान व उसके भाई घर आ गए। उन्होंने आरोपी को घर से भागते देखा। कमरे में बच्ची के रोने की आवाज सुनकर वे कमरे में गए तो बच्ची खून से लथपथ थी। पिता ने पुलिस को तहरीर दी। थाना अध्यक्ष अतवीर सिंह सिंह चौहान ने बताया कि बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया और दुष्कर्म के आरोपी बंटी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी युवक दो बच्चों का बाप है।

# गन्ना वैरायटी पर मिलों की मनमानी रोकने की मांग

**बिजनौर, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष बलजीत सिंह ने कहा कि चीनी मिलों द्वारा गन्ना वैरायटी के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा हैए। उन्होंने क्षेत्र में बिगड़ती बिजली व्यवस्था पर नाराज़गी जताते हुए सुचारू विद्युत आपूर्ति और जर्जर तारों को बदलने की मांग रखी। पशुओं और बंदरों को कपड़ने की मांग की। संचालन राहुल ने और अध्यक्षता चौधरी बलजीत सिंह ने की।

राम भजन सिंह, मूलचंद, महेंद्र, राजीव चौहान, जसराम सिंह, नसरुल हसन, प्रमोद कुमार, ध्यान सिंह, पूरन सिंह, अमित कुमार, शाहिद, मुर्तजा, पवन, सचिन, ओमप्रकाश, विनोद कुमार, इमरान और भूपेंद्र सहित कई किसान मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार ट्रांसपोर्टर की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** अज्ञात वाहन ने बाइक सवार ट्रांसपोर्टर को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह बाइक से मुरादाबाद से अपने घर लौट रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक अफसर।

यह हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में जोया कस्बे में चौधरी पेट्रोल पंप के पास हुआ। दरअसल बुधवार की दोपहर क्षेत्र के गांव सिहाली जहांगीर गांव निवासी ट्रांसपोर्टर अफसर पुत्र अजीज अहमद अपनी बाइक से किसी से मुरादाबाद गए थे। मुरादाबाद से अपने घर लौट रहे अफसर को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अफसर के मोबाइल फोन से उनके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पिता अजीज अहमद बेहाल हो गए। मृतक के परिवार में पत्नी कासमा और तीन बच्चे हैं। डिडौली प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मृतक के पिता अजीज अहमद की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिसर, मुरादाबाद**

(खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0)

**प्रवेश सूचना**

खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिसर, डिप्टी गंज, मुरादाबाद में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण स्वरोजगार योजना अन्तर्गत एक मासीय कुकरी (पाककला)/बेकरी प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है उक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | कार्य का नाम |
|---|---|
| राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, मुरादाबाद | कुल-30 सीट |

आरक्षण- चयन हेतु प्रदेश सरकार की आरक्षण निति का पालन किया जायेगा।
शैक्षिक योग्यता- साक्षर होना आवश्यक है।
आयु सीमा- आयु कम से कम 18 वर्ष अनिवार्य है।
चयन प्रक्रिया- प्रवेश हेतु अधिक संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में चयन मैरिट/लिखित चयन परीक्षा के आधार पर किया जायेगा।
प्रशिक्षण शुल्क- निःशुल्क।
-प्रवेश फार्म प्राप्त करने एवं जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक-23.12.2025 तथा अधिक जानकारी हेतु कार्यालय में कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें। सम्पर्क हेतु सम्पर्क सूत्र-9410498306

प्रधानाचार्य
राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र
जिला पंचायत परिसर
मुरादाबाद

UP-242126 दिनांक 09.12.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अमृत विचार

गुरुवार, 11 दिसंबर 2025



कलियुग में रहना है या सतयुग में, यह तो स्वयं चुनो, तुम्हारा युग तुम्हारे पास है।
-विनोबा भावे, संत

# जनापेक्षा की अभिव्यक्ति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कथन कि 'व्यवस्था को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए'- दरअसल आम नागरिक की अपेक्षाओं की सच्ची अभिव्यक्ति है। सुधारों की गति तेज तो हुई है, परंतु कई सुधारों ने नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ और असुविधा भी थोपी है। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह स्वीकारोक्ति शासन की संवेदनशीलता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का साफ संकेत है। सिस्टम में सुधार के नाम पर जनता को परेशान नहीं करना, एक व्यवहारिक दृष्टिकोण है, पर इसे लागू करना आसान नहीं है।

भारतीय प्रशासनिक ढांचा अभी भी जटिल प्रक्रियाओं, फाइल संस्कृति और 'अनावश्यक अनुपालन' से आबद्ध है। इस कथन को लागू करने के लिए सबसे पहले सरकारी मशीनरी की मानसिकता बदलनी होगी, जहां सुधार का अर्थ सिर्फ सख्ती नहीं, बल्कि दक्षता, पारदर्शिता और सहूलियत के रूप में समझा जाए। प्रधानमंत्री की चाहत है 'पेनलेस सर्जरी।' यानी विसंगतियों से राहत बिना दर्द के, पर वास्तविकता यह है कि प्रशासनिक सुधार अक्सर दो स्तरों पर दर्द पैदा करते हैं- एक, नागरिकों के लिए प्रक्रियागत बोझ, दूसरा सरकारी तंत्र के लिए पुरानी आदतें बदलने की चुनौती। यदि सरकार इन दोनों मोर्चों पर समन्वय बिठा सके, तभी यह 'दर्द रहित' शल्य चिकित्सा संभव होगी। कानून का उद्देश्य भय पैदा करना नहीं, नागरिकों को सुरक्षा देना है। यदि इसी भावना के साथ बिना राजनीतिक पक्षपात और बिना जन-दुःख के नियम कानून लागू हों, तो निश्चित ही यह टिप्पणी व्यवस्था को अधिक मानवीय बनाने की दिशा में संकेत देती है। प्रधानमंत्री ने बार-बार डेटा जमा करने की बाध्यता को खत्म करने की बात कही है। डिजिटल भारत के इस दौर में यह पूर्णतः संभव है, क्योंकि आधार, पैन, बैंक केवाईसी और विभिन्न सरकारी डेटाबेस पहले से ही नागरिकों की अधिकांश जानकारी को केंद्रीकृत रूप से उपलब्ध कराते हैं। फिर भी एसआईआर जैसे सरकारी उपक्रमों में बार-बार वही कागज़ात मांगे जाना बताता है कि डिजिटल ढांचा भले विकसित हो गया हो, पर सरकारी तंत्र की प्रक्रियाएं अभी डिजिटल सोच को आत्मसात नहीं कर पाई हैं। इस संस्कृति में सुधार के बिना इन घोषणाओं का असर सीमित रहेगा। सरकार द्वारा सेल्फ-सर्टिफिकेशन को स्वीकार करने के बावजूद कई विभाग अब भी कागजी सत्यापन और अनावश्यक औपचारिकताएं जारी रखे हैं। इससे साफ है कि जमीनी स्तर पर अनुपालन तंत्र अभी मानसिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं।

ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और ईज ऑफ लिविंग के क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति जरूर हुई है। ऑनलाइन सेवाएं बढ़ीं, पासपोर्ट-ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सेवाएं सरल हुईं, कई अनुमतियों को स्वचालित किया गया, लेकिन नागरिकों को आज भी टैक्स, नगर निकाय, राजस्व विभाग, पुलिस सत्यापन और कल्याण योजनाओं में अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री की यह घोषणा तभी सार्थक होगी जब सभी विभागों में 'वन-टाइम डेटा सबमिशन' प्रणाली लागू हो। कागजी फाइलों की जगह डिजिटल फार्म लें और कानून प्रवर्तन पारदर्शी तथा मानवीय हो।

## प्रसंगवश

# राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है वंदेमातरम

'वंदे मातरम' भारत की भारतीयता और राष्ट्रीय पहचान का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जो मातृभूमि के प्रति भक्ति, एकता, स्वतंत्रता संग्राम की भावना और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। यह एक ऐतिहासिक गीत है और यह हर भारतीय के दिल में राष्ट्र प्रेम का गहरा भाव जगाता है, जो भारत के स्वर्णिम भविष्य का आह्वान भी करता है। 'वंदे मातरम्' भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद का सार है, जो मातृभूमि के प्रति असीम प्रेम, सांस्कृतिक गौरव और एकता की भावना को दर्शाता है, जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने रचा और यह स्वतंत्रता आंदोलन का एक शक्तिशाली मंत्र बन गया, जो हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति का 'रस' भरता है। यह गीत भारत की भूमि, उसकी सुंदरता (सुजलां सुफलां) और शक्ति का वर्णन करता है, जिसे राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' के समान सम्मान प्राप्त है और यह भारत की आत्मा का प्रतीक है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आम्बेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

यह सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहली उद्‌घोषणा है, जिसने भारत को एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया। इसने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया और आज भी 'विकसित भारत' के संकल्प में प्रेरणा देता है। यह मातृभूमि को शक्ति, दिव्यता और समृद्धि का प्रतीक मानता है, जिसमें चंदन सी शीतलता और सुस्वादु फल है। यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है, जो हर भारतीय में गर्व और समर्पण का भाव जगाता है।

इस गीत ने प्रतिरोध की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन दो शब्दों के उच्चारण मात्र से ही असंख्य भारतीयों के हृदय में हलचल मच गई, जिससे लाखों लोग राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने और हज़ारों लोगों को अपने प्राणों की आहुति देने के लिए प्रेरित हुए। यद्यपि 'जन गण मन' राष्ट्रगान है, फिर भी 'वंदे मातरम' ने लोगों के हृदय में अधिक गहराई से जगह बनाई। 'वंदे मातरम' केवल मातृभूमि के प्रति अभिवादन का प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्र के प्रति त्याग, साहस और सर्वोच्च प्रेम की भावना का भी प्रतीक है। इसके अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए, 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा दिया। अलगाववादियों ने इसे बंगाल का गीत बताया, जबकि बंकिमचंद्र ने खुद स्पष्ट किया था कि माता बंगाल नहीं, भारत है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1882 में आनंदमठ का दूसरा संस्करण प्रकाशित करते समय प्रस्तावना में लिखा, 'यह समस्त भारतवर्ष की माता के लिए लिखा गया है।' (स्रोतः आनंदमठ, 1882 संस्करण, पृष्ठ 4-5)

बंकिम ने 'सप्तकोटि' काव्य अलंकार के लिए लिखा, जैसे वेदों में सहस्रशीर्ष लिखा जाता है, न कि सटीक गिनती के लिए)। श्री अरविंद ने 1907 में लिखा था, 'बंकिम ने बंगाल को भारत का प्रतीक बनाया है। जिस तरह गीता में कृष्ण अर्जुन के माध्यम से समस्त मानवता को उपदेश देते हैं, उसी तरह बंकिम ने बंगाल के माध्यम से समस्त भारत को जागृत किया।' (वंदे मातरम् अखबार, 11 अप्रैल 1907)। रवींद्रनाथ ने 1917 में Nationalism पुस्तक में लिखा, 'बंकिम की माता बंगाल की नहीं, संपूर्ण भारत की माता हैं। वह हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैली हुई है।' नेताजी ने 1943 में सिंगापुर में आजाद हिंद सरकार बनाई और पूरे छह छंद वाले मूल 'वंदे मातरम' को ही राष्ट्रगान घोषित किया। वहां बंगाली, तमिल, पंजाबी, मराठी, मलयाली सब सैनिक एक साथ पूरे गीत को गाते थे।

# पश्चिम बंगाल में नई सियासत की आहट!





शक्ति प्रकाश श्रीवास्तव
स्वतंत्र पत्रकार

पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने सियासी गलियारे में हलचल मचा दी है। पहला आयोजन छः दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के रूप में हुआ, जबकि दूसरा आयोजन अगले ही दिन ऐतिहासिक ब्रिगेड मैदान में रिकार्ड तोड़ जमावड़े के बीच सामूहिक गीता पाठ के रूप में हुआ। अब इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।

मसलन पश्चिम बंगाल में अगले साल के मध्य में विधानसभा का चुनाव है। कुछ दशकों से वहां तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। केंद्र में सत्तासीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए की लगातार कोशिश है कि वहां की सत्ता उसे मिल जाए, लेकिन ऐसा पिछले चुनावों में संभव नहीं हो सका है। ऐसे में जब शांत चल रहे प्रदेश में अचानक इस तरह की दो बड़ी गतिविधियां हों, तो उसके पीछे सियासी समीकरण होने का शक लाजिमी है।

पहला आयोजन अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस की तिथि यानी छः दिसंबर को हुआ। इसका आयोजन तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित किए गए विधायक हुमायूं कबीर ने किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी के नाम से मस्जिद की नींव रखी। तिथि का भी चयन ऐसा किया, जिस दिन अयोध्या में गिराए गए विवादित ढांचे को 33 साल पूरे हुए थे। अयोध्या के उस विवादित ढांचे को मुस्लिम समुदाय बाबरी मस्जिद बताता रहा है, हालांकि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कबीर की मंशा जो भी हो, लेकिन देश के मुस्लिम समाज ने इसे उचित नहीं माना है।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास ने मस्जिद की नींव रखे जाने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा है कि बाबर के नाम पर मस्जिद बनाकर भारत में नए विवाद को जन्म दिया जा रहा है। बाबरी मस्जिद विवाद पर मौलाना ने कहा कि यह दुख की बात है कि बाबरी मस्जिद के नाम पर देश में नया बवाल खड़ा किया जा रहा है। चाहे पश्चिम बंगाल हो, उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, पंजाब हो या कश्मीर, किसी भी राज्य में बाबर के नाम पर मस्जिद बर्दाश्त नहीं है।

उनके मुताबिक मस्जिदों का नाम अल्लाह, पैगंबर या इमामों के नाम पर होना चाहिए न कि बाबर, अकबर या औरंगजेब के नाम पर। इस तरह मस्जिद का नामकरण करना गलत है। उन्होंने मांग उठाई कि हुमायूं कबीर के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि इस तरह देश को दोबारा फसाद की आग में झोंकना सही नहीं है।

इस आयोजन से इतर दूसरे ही दिन, बंगाल के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक भव्य सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था द्वारा इस ऐतिहासिक मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग पांच लाख लोगों ने सस्वर गीता पाठ किया। आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाने की नीयत से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना हर तरफ हो रही है।

ऐसा नहीं है कि यह आयोजन पहली बार हुआ है। इसकी शुरुआत 2022 में ही हुई थी। तब पहली बार लगभग पांच हजार लोगों ने गीता पाठ किया था। अलबत्ता ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसंबर 2023 को पहली बार हुआ था। तब इस आयोजन में लगभग एक लाख लोग सहभागी रहे थे।

इस बार के कार्यक्रम में देश के कई चर्चित संतों ने भी हिस्सा लिया। इन संतों ने उपस्थित धर्मावलंबियों को संबोधित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए देशवासियों से अपील की।

उन्होंने कहा कि हिंदू अगर एक हो जाएं तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी कहा कि ये देश बाबर का नहीं, रघुवर का है। हिंदुओं को एक होकर गांव-गांव में भगवा लहराना होगा। हम बहुत जल्दी कथा करने बंगाल आएंगे। अपनी विशिष्ट शैली में उन्होंने कहा कि अगली बार बंगाल में कथा के दौरान धर्म विरोधियों की ठठरी बांध देंगे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत बांग्ला भाषा में की।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा और बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मौजूद रहे। अतिविशिष्ट अतिथियों में बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी सहित बीजेपी के कई सांसद, विधायक आदि उपस्थित रहे।

बेशक इन दोनों ही आयोजनों से सीधे तौर पर किसी सियासी समीकरण का जुड़ाव होना प्रमाणित नहीं हो रहा है, लेकिन अचानक से तीन दशक बाद एक चर्चित मुद्दे से संबंधित आयोजन का होना और अगले ही दिन दूसरे धर्म विशेष से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन सियासी कड़ियां जोड़ने को मजबूर करता है। संभव है कि वास्तव में ऐसा कुछ भी न हो, लेकिन स्थान-काल-पात्र ऐसा सोचने-समझने को बाध्य करता है, क्योंकि पहले आयोजन के कर्ता-धर्ता का सियासी जुड़ाव होना और दूसरे आयोजन में सियासी हस्तियों की मौजूदगी, इसका एहसास करा रही हैं।

पश्चिम बंगाल में बीते दो दिनों में हुए दो आयोजनों ने हलचल मचा दी है। इन आयोजनों को लेकर सियासत होने की उठी चर्चा के भी अपने वाजिब कारण हैं।

## आमने सामने



देखिए, प्याज बागबानी का मामला है। फिर भी कृषि मंत्री होने के नाते मैं कह रहा हूं कि प्याज की सप्लाई अच्छी रही है, इसलिए वे फेंक रहे हैं। कांग्रेस शासन के दौरान प्याज नहीं था। किसानों को पानी नहीं मिलता था, इसलिए प्याज ज्यादा नहीं होता था।
-एदल सिंह कंषाना
कृषि मंत्री, मध्य प्रदेश

कंषाना का यह बयान किसानों के साथ धोखा है। यह किसानों का अपमान है। सरकार की गलत नीतियों के कारण उन्हें प्याज फेंकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। सत्ताधारी भाजपा के नेताओं की कथित जिद और घमंड पार्टी को खत्म कर देगा और किसान सही समय पर उन्हें सबक सिखाएंगे। -जीतू पटवारी
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, मप्र



# धर्मांतरण बाद आरक्षण लाभ संवैधानिक धोखा



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
स्वतंत्र पत्रकार

हिंदू से ईसाई बनने पर आरक्षण प्रदत्त सुविधा से वंचित रहना पड़ सकता है। हिंदू समाज जाति आधारित विभेद से प्रभावित था। इस विभेद को समाप्त करने व आर्थिक-सामाजिक उन्नयन के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 बना। इधर देश में सक्रिय ईसाई मिशनरियों ने विभिन्न प्रलोभनों के साथ ही यह बताकर धर्मांतरण का खेल शुरू किया कि उनके मत/धर्म में जाति आधारित व्यवस्था न होने के कारण कोई जातिगत विभेद नही है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे, फिर भी छुटपुट धर्मांतरण की आहट मिलती रहती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कई निर्णयों में पहले ही कहा है कि ईसाई धर्म स्वीकार करने वाले अनुसूचित जाति के सदस्य कोई सुविधा नही ले सकते हैं। जितेंद्र साहनी मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया फैसले ने इस विषय पर एक विधिक विमर्श की शुरुआत कर दी है, हालांकि यह कोई नया निर्णय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय पिछले वर्ष ही इसे 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' बता चुका है। संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश-1950 के प्रस्तर 3 में स्पष्टतया कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से अलग धर्म मानता है, उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता।

सर्वोच्च न्यायालय ने सी सेल्वारानी बनाम स्पेशल सेक्रेट्री-कम-जिला कलेक्टर व अन्य (2024 एससीसी ऑनलाइन एससी 3470) 930 में अभिनिर्धारित कर चुका है कि ईसाई धर्म अपनाने पर कोई भी व्यक्ति अपनी मूल जाति का नहीं रहता है। इसी निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि सिर्फ लाभ लेने के उद्देश्य से धर्म बदलना संविधान के साथ धोखा है और आरक्षण नीति के सिद्धांतों के खिलाफ है।

सी सेल्वारानी (पूर्वोक्त) निर्णय के पैरा-15 का मूलपाठ इस तरह है '15-... भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रत्येक नागरिक को अपनी पसंद के धर्म का पालन करने और उसे मानने का अधिकार है। कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म में तभी धर्मांतरित होता है, जब वह उसके सिद्धांतों और आध्यात्मिक विचारों से वास्तव में प्रेरित होता है, यदि धर्मांतरण का उद्देश्य मुख्यतः आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है, लेकिन दूसरे धर्म में कोई वास्तविक विश्वास नहीं है, तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसे गुप्त उद्देश्य वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देना आरक्षण नीति के सामाजिक मूल्यों को ही नष्ट करेगा। इस मामले में, प्रस्तुत साक्ष्य स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म को मानती है और नियमित रूप से चर्च जाकर इस धर्म का सक्रिय रूप से पालन करती है। इसके बावजूद, वह हिंदू होने का दावा करती है और रोजगार के उद्देश्य से अनुसूचित जाति समुदाय का प्रमाण पत्र चाहती है। उसका ऐसा दोहरा दावा अस्वीकार्य है और वह बपतिस्मा के बाद भी स्वयं को हिंदू के रूप में पहचान जारी नहीं रख सकती। इसलिए, अपीलकर्ता को अनुसूचित जाति का सांप्रदायिक दर्जा प्रदान करना, जो धर्म से ईसाई है, लेकिन रोजगार में आरक्षण का लाभ उठाने के उद्देश्य से अभी भी हिंदू धर्म अपनाने का दावा करती है, आरक्षण के मूल उद्देश्य के खिलाफ होगा और संविधान के साथ धोखाधड़ी होगी।'

ऐसा नहीं है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार 26 नवंबर 2025 को पूर्वोक्त मामले में इस विषय पर अपना मत व्यक्त किया है। सर्वोच्च न्यायालय सुसाइ व अन्य बनाम यूनियन ऑफ़ इंडिया व अन्य (एआईआर 1986 एससी 733) और केपी मनु बनाम चेयरमैन स्क्रूटिनी कमेटी (2015) 4 एससीसी-1 मामले में भी अभिनिर्धारित कर चुका है कि अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए संविधान में प्रदत्त सुविधाओं का लाभ इस जाति के वह सदस्य नहीं ले सकते, जिन्होंने धर्मांतरण कर हिंदू धर्म से ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया है।

प्रश्नगत निर्णय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरी ने सर्वोच्च न्यायालय के सी सेल्वारानी व अन्य निर्णयों (पूर्वोक्त) का आधार लिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संपूर्ण प्रशासनिक मशीनरी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में ईसाई बने लोग अनुसूचित जातियों का लाभ लेना जारी न रखें। धर्मांतरण के बाद अनुसूचित जाति का स्टेटस बनाए रखना 'संविधान के साथ धोखाधड़ी' है। उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिला मजिस्ट्रेट को विधिसम्मत तरीके से ऐसे मामलों की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चार माह की कड़ी समय सीमा (डेडलाइन) तय की है।

उच्च न्यायालय ने मंत्रिमंडल सचिव (कैबिनेट सेक्रेटरी) भारत सरकार, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/अपर प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण और अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण उत्तर प्रदेश को भी निर्देशित किया है कि इस निर्णय के आलोक में विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे कानून का पालन हो सके। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गिरी ने निर्णय में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अक्काला रामी रेड्डी बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (2025 एससीसी ऑनलाइन एपी 1685) मामले में दिए गए निर्णय का भी उल्लेख किया है।

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ने भी स्पष्ट कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से इतर धर्म के अनुयायी अनुसूचित जाति के सदस्य नहीं रहेंगे।

## सोशल फोरम

# महिलाओं की जिंदगी को मेरी ने कराया आसान





लक्ष्य
संगीतकार

मेरी (May) मैगी, डबलिन की वह महिला जिसने 1973 में सुप्रीम कोर्ट में ऐतिहासिक केस जीतकर शादीशुदा दंपतियों को गर्भनिरोधक (contraceptives) इस्तेमाल करने का अधिकार दिलाया था, उनका 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। इस दंपत्ति का केस आयरलैंड में चर्च और सरकार के अलग-अलग होने की दिशा में एक बड़ा मोड़ माना जाता है।

मेरी मैगी की गर्भावस्था के दौरान उनकी सेहत बहुत खराब रहती थी। उनके डॉक्टर ने उन्हें डायफ्राम (एक तरह का गर्भनिरोधक) इस्तेमाल करने की सलाह दी। इसके लिए इंग्लैंड से एक खास किस्म की जेल मंगानी पड़ती थी, लेकिन 1935 के कानून के कारण, जो गर्भनिरोधक पर प्रतिबंध लगाता था, कस्टम अधिकारियों ने वह सामान जब्त कर लिया। अगर वे दोबारा विदेश से ऐसा सामान मंगाते, तो उन पर जुर्माना या जेल हो सकती थी।

1972 में, डॉक्टर लॉग्रन और अपने वकील की मदद से, मैगी दंपति ने इस कानून के खिलाफ हाईकोर्ट में केस दायर किया, लेकिन वहां केस हार गए, लेकिन 1973 में सुप्रीम कोर्ट में अपील के दौरान पांच में से चार जजों ने उनके पक्ष में फैसला दिया। कोर्ट ने कहा कि गर्भनिरोधक का इस्तेमाल करना शादीशुदा दंपतियों का निजी निर्णय है, जिसमें सरकार दखल नहीं दे सकती।

कैथोलिक चर्च के मजबूत प्रभाव के कारण, इस फैसले के बाद भी गर्भनिरोधक को पूरी तरह वैध बनने में समय लगा। छह साल बाद, married couples के लिए डॉक्टर की पर्ची पर गर्भनिरोधक उपलब्ध हुए और 1985 में 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को बिना पर्ची के इन्हें खरीदने की अनुमति मिल गई।

## सामयिकी

# पॉक्सो के बढ़ते लंबित मामले व पीड़ितों का दर्द

नाबालिगों के खिलाफ अपराधों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और उससे भी बड़ी चिंता का विषय यह है कि इन मामलों का निपटारा वर्षों तक अधर में लटका रहता है। पॉक्सो यानी लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके ठीक विपरीत तस्वीर पेश करती है। आंकड़े बताते हैं कि देश में पॉक्सो के 35 हजार से अधिक मामले वर्षों से लंबित चल रहे हैं और न्याय की प्रक्रिया पीड़ितों व उनके परिवारों के लिए एक असहनीय इंतजार बन गई है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

2023 तक लंबित मामलों का जो विवरण सामने आया है, वह किसी भी समाज और शासन के लिए चिंता का गंभीर संकेत है। उत्तर प्रदेश में 10,556 मामले लंबित हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। महाराष्ट्र 7,962 लंबित मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। तमिलनाडु में 1,910, मध्य प्रदेश में 1,736, छत्तीसगढ़ में 375 और राजस्थान में 224 मामले अभी भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं। बिहार मंल 1,079, झारखंड में 415, पंजाब में 152, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश दोनों में 101, चंडीगढ़ में 16 और उत्तराखंड में 374 मामलों की लंबितता भी यही सिद्ध करती है कि न्यायिक प्रक्रिया के बोझ ने पीड़ितों के लिए न्याय की राह लंबी और कठिन बना दी है। यह स्थिति बताती है कि देश में पॉक्सो कानून का उद्देश्य जितनी तेजी से पूरा होना चाहिए था, उससे बहुत दूर है।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन लाल मेघवाल ने बताया है कि देश में कुल 773 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं, जिनमें से 400 कोर्ट विशेष रूप से पॉक्सो मामलों के लिए बनाए गए हैं। इन अदालतों ने अब तक 3.5 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है, जो निश्चित रूप से एक उपलब्धि है, लेकिन उसके बावजूद हजारों मामले अभी भी अधूरे पड़े हैं। यह दर्शाता है कि केवल अदालतों की संख्या बढ़ा देना समाधान नहीं है। न्याय प्रक्रिया में पुलिस, अभियोजन, मेडिकल रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच, गवाही और साक्ष्य संकलन जैसे कई चरण होते हैं, और इनमें होने वाली देरी पॉक्सो मामलों की लंबितता को बढ़ाती रहती है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार देश में हर तीन मिनट में एक बच्चा अपराध का शिकार बनता है और हर आठ मिनट में एक पॉक्सो का मामला दर्ज होता है। इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों के भीतर ही तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, जो सामाजिक व प्रशासनिक दोनों स्तरों पर चेतावनी का इशारा है। 2021 से 2025 के बीच कुल 1,31,692 पॉक्सो मामले दर्ज किए गए। वहीं सबसे कम मामले मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख और अंडमान निकोबार जैसे क्षेत्रों में सामने आए हैं।

एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि कई मामलों में अपराध की प्रकृति इतनी संवेदनशील होती है कि बच्चे मानसिक रूप से टूट जाते हैं। लंबित मामलों का सबसे बड़ा कारण पुलिस जांच की धीमी गति, मेडिकल व फोरेंसिक रिपोर्ट में देर, गवाहों का न मिल पाना, पीड़ित परिवारों का दबाव में आ जाना और अदालतों में पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या और अधिक गंभीर होती है, जहां पीड़ितों को न्याय पाने के लिए सामाजिक प्रताड़ना भी सहनी पड़ती है। यह चुनौती केवल कानून और अदालतों तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक समस्या भी बन चुकी है। भारत जैसा देश, जहां माता पिता अपने बच्चों को संस्कारों और नैतिकता की शिक्षा देने पर जोर देते हैं, वहां बच्चों के साथ यौन अपराधों की बढ़ती घटनाएं एक गहरी सामाजिक विडंबना को दर्शाती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान का दर्पण है। यह भाषा हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है, अभिव्यक्ति को सशक्त बनाती है और सोच में गहराई लाती है। समय के साथ हिन्दी का दायरा लगातार बढ़ा है। आज यह सिर्फ साहित्य या बोलचाल की भाषा नहीं रही, बल्कि आधुनिक करियर की दुनिया में एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है। यदि आपने हिन्दी साहित्य का अध्ययन किया है या हिन्दी भाषा के प्रति गहरा लगाव रखते हैं, तो आपके लिए रोजगार के ऐसे अनेक अवसर मौजूद हैं, जो आपको एक बेहतरीन और स्थिर भविष्य दे सकते हैं। आइए जानें वे प्रमुख करियर विकल्प, जिनमें आपकी मजबूत हिन्दी आपकी पहचान बना सकती है।

-फीचर डेस्क




# हिन्दी : भाषा से आगे करियर के नए आयाम



## पत्रकारिता: बढ़ते अवसर

आज हिन्दी न केवल भारत की सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। टीवी न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया, रेडियो और डिजिटल पोर्टल्स में हिन्दी पत्रकारों की भारी मांग है। यदि आपको खबरों की समझ है, भाषा पर पकड़ मजबूत है और आप अभिव्यक्ति में निपुण हैं, तो आप रिपोर्टर, एंकर, न्यूज एडिटर या डिजिटल कंटेंट क्रिएटर के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। फ्रीलांस पत्रकारिता भी आज अच्छा विकल्प बन चुका है, जहां आप अपनी सुविधानुसार काम करते हुए अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## अनुवाद : भाषा का सेतु

ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में हर संस्था चाहे वह सरकारी हो या निजी, विभिन्न भाषाओं में सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है। ऐसे में हिन्दी अनुवादकों की भूमिकाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। अनुवादक अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन या अन्य भाषाओं की सामग्री को हिन्दी में बदलते हैं और यह कार्य घर बैठे भी किया जा सकता है। कई कंपनियां पार्ट-टाइम या फ्रीलांस अनुवादकों को प्राथमिकता देती हैं, जिससे यह क्षेत्र नए प्रतिभाशाली युवाओं के लिए बेहद अनुकूल बन चुका है।



## इंटरप्रिटेशन: मौखिक अनुवाद का करियर

इंटरप्रेटर का कार्य ट्रांसलेटर से अलग होता है। जहां ट्रांसलेटर लिखित सामग्री का अनुवाद करता है, वहीं इंटरप्रेटर बोले गए शब्दों का तत्काल अनुवाद करता है। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, विदेशी मेहमानों की बैठकों, विश्वविद्यालयों और दूतावासों में इंटरप्रेटर्स की मांग हमेशा बनी रहती है। यदि आपकी हिन्दी और दूसरी भाषा पर अच्छी पकड़ है, तो यह क्षेत्र आपको वैश्विक स्तर पर काम करने के अवसर दे सकता है।



## सरकारी नौकरियां: सुरक्षित करियर की राह

हिन्दी साहित्य की डिग्री प्राप्त करने के बाद आप केंद्र और राज्य सरकार की अनेक नौकरियों के लिए पात्र बन जाते हैं। यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग और पीएसयू जैसी परीक्षाओं में हिन्दी विषय से जुड़े उम्मीदवारों के लिए अलग से पद और अवसर मौजूद रहते हैं। हिन्दी अधिकारी, राजभाषा अधिकारी, अनुवादक और कंटेंट विशेषज्ञ जैसे पद इस क्षेत्र में प्रमुख हैं।

## भाषण लेखन: प्रभावशाली शब्दों की कला

राजनीतिक नेताओं, उद्योग विशेषज्ञों और कई संस्थानों को ऐसे लेखकों की आवश्यकता होती है, जो प्रभावशाली और असरदार भाषण तैयार कर सकें। यदि आपकी लेखन शैली प्रभावशाली है और आप संवेदनशील मुद्दों को सरल भाषा में व्यक्त कर सकते हैं, तो भाषण लेखन आपके लिए एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन सकता है।

## अध्यापन: ज्ञान का सबसे सम्मानित मार्ग

हिन्दी साहित्य के छात्रों के लिए शिक्षण हमेशा एक सम्मानित और स्थिर विकल्प रहा है। आप स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय में अध्यापक बनकर नई पीढ़ी को भाषा का ज्ञान दे सकते हैं। इसके साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों में भी हिन्दी पढ़ाने के अवसर उपलब्ध हैं, जो इस क्षेत्र को वैश्विक बनाते हैं।

## वॉयस असिस्टेंट और बीपीओ: नई टेक्नोलॉजी के अवसर

वॉयस टेक्नोलॉजी के विस्तार के साथ हिन्दी वॉयस असिस्टेंट्स, कॉल सेंटर और कस्टमर सर्विस में हिन्दी बोलने वाले युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। यहां केवल स्पष्ट उच्चारण और संवाद कौशल की आवश्यकता होती है, जिससे यह अवसर शुरुआती करियर वालों के लिए भी उपयुक्त बन जाता है।

## स्क्रीन राइटिंग: रचनात्मकता का मंच

फिल्मों, टीवी धारावाहिकों और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती लोकप्रियता ने हिन्दी स्क्रीन राइटर्स की मांग को कई गुना बढ़ा दिया है। यदि आपके पास कहानी कहने का हुनर है, संवाद लिखने में निपुण हैं या गीत लेखन की समझ रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए सुनहरा अवसर है। हिन्दी साहित्य की पृष्ठभूमि वाले युवाओं को इस क्षेत्र में विशेष लाभ मिलता है, क्योंकि उनकी भाषा स्वाभाविक और प्रभावी होती है।



## कंटेंट राइटिंग और एडिटिंग: डिजिटल दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के विस्तार ने हिन्दी कंटेंट की मांग को शीर्ष पर पहुंचाया है। वेबसाइट्स, ब्लॉग्स, न्यूज पोर्टल्स, विज्ञापन एजेंसियां और पब्लिकेशन हाउस लगातार ऐसे कंटेंट राइटर्स और एडिटर्स की तलाश में रहते हैं, जो प्रभावशाली और शुद्ध हिन्दी लिख सकें। यह क्षेत्र उन लोगों के लिए बेहद उपयुक्त है, जिन्हें लेखन में आनंद आता है और जो भाषा के प्रति संवेदनशील हैं।





## जॉब अलर्ट

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)



- पद का नाम : कांस्टेबल (GD) और राइफलमैन (GD)
- पदों की संख्या : 25487
- योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या 10 वीं कक्षा पास
- आयु सीमा : 18 से 23 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 31/12/2025
- वेबसाइट https://ssc.gov.in

### इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (IIBF)

- पद का नाम : जूनियर एग्जीक्यूटिव
- पदों की संख्या : 10 पद
- योग्यता : संबंधित विषय में न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएट और पद के अनुसार अतिरिक्त योग्यताएं।
- आयु सीमा : 28 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 13/12/2025
- वेबसाइट : www.iibf.org.in

### इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

- पद का नाम : ट्रेड/टेक्नीशियन/ग्रेजुएट अप्रेंटिस
- पदों की संख्या : 509
- योग्यता : ITI/डिप्लोमा/ग्रेजुएट/कक्षा 12वीं (विषय के अनुसार)
- आयु सीमा : 18 से 24 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि : 09/01/2026
- वेबसाइट : www.iocl.com/apprenticeships

### इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम : प्रोजेक्ट इंजीनियर और टेक्निकल ऑफिसर
पदों की संख्या :23
योग्यता : B.E./B.Tech CSE/IT/ECE/EEE/E&I/इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स में, डिप्लोमा
आयु सीमा : 33 वर्ष तक
वॉक-इन इंटरव्यू की तारीख : 16/12/2025
वेबसाइट : www.ecil.co.in

## कैंपस में पहला दिन

# जब दादाजी पहले दिन कॉलेज छोड़ने गए

कॉलेज का पहला दिन यह सोचकर ही मन में कुछ सिरहन सी होने लगी कि अब बचपन के पायदान से निकलकर युवा अवस्था की श्रेणी में पहुंच रहे हैं, कुछ उत्साह, कुछ घबराहट और एक नई शुरुआत की उमंग भी। यह सोच-सोचकर मन में खुशी थी कि अब स्कूल के अनुशासित जीवन से मुक्ति मिलेगी, अब कोई स्कूल ड्रेस नहीं होगी और न ही समय की पाबंदी वाला वो स्कूल का घंटा। अब मैं स्वतंत्र होंगी। अपने नए माहौल में नए रंग-ढंग से रहूंगी, फैशनेबल कपड़े पहन सकूंगी, अब कोई रोक-टोक नहीं होगी। कॉलेज में कैंटीन होगी, वहां दोस्तों के साथ बैठकर स्नेक्स खाऊंगी, गप्पे लगाऊंगी। मन होगा तो पढ़ेंगे, नहीं होगा तो क्लास बंक। अब कोई बंधन न होगा और इस तरह से मेरा मन तरह-तरह के सपने बुनने लगा। मैं कॉलेज के स्वच्छंद वातावरण में तितली की भांति उड़ने के लिए बेहद ही उत्साहित थी।



कॉलेज जाने का पहला दिन आ गया था। मैं सुबह से ही तैयारी में लग गई और अति उत्साह में जल्दी ही तैयार हो गई थी। मैं कॉलेज के लिए चलने लगी। मेरे मम्मी, पापा, भाई सब मुझे शुभकामनाएं देने लगे। मैं जाने के लिए अपनी स्कूटी निकल रही थी कि तभी दादाजी की आवाज आई, ' रुको बेटा !, मैं तुम्हें छोड़ने चलता हूं।' यह सुनकर मैं स्तंभित रह गई और संकोच में आ गई कि यह दादाजी क्या कह रहे हैं? वह मुझे अभी भी बच्ची ही समझ रहे थे, लेकिन वह मुझे छोड़ने जाने के लिए बेताब थे। मैं उनकी आज्ञा का उल्लंघन न कर सकी और अपनी भावनाओं को मन में दबाए हुए, चुपचाप उनके स्कूटर के पीछे बैठ गई। मेरे सपनों की उड़ान पर ब्रेक सा लग गया। मैं अपने आपको बड़ा ही परतंत्र सा महसूस कर रही थी। मुझे बड़ी सकुचाहत हो रही थी कि मेरे सहपाठी मेरे बारे में क्या सोचेंगे? वे मेरे ऊपर हसेंगे और मेरी खिल्ली उड़ाएंगे की यह तो अभी भी स्कूल की बच्ची ही है, जो अपने दादाजी के साथ आई है। इसी उधेड़बुन को सोचते-सोचते कॉलेज आ गया। मैं दादा जी को कॉलेज के गेट से ही विदा करना चाहती थी, पर वह मुझे क्लास तक ही छोड़ने चल पड़े। अब तो मेरा आत्मविश्वास बहुत ही डूब रहा था और मुझे लज्जा आ रही थी कि मेरे दोस्त मेरे बारे में क्या टिप्पणी करेंगे? तभी मैं क्लासरूम पहुंची, वहां बाहर खड़े सहपाठियों ने मुझे हेलो बोला और तपाक से पूछा, ' यह कौन हैं?' मैंने कुछ दबे हुए शब्दों और संकोच के साथ कहा, ' यह मेरे दादाजी हैं।' वे बोले, 'वाओ ! तेरे दादाजी तुझे छोड़ने आए हैं, तू तो बहुत लकी है कि तेरे दादाजी तुझे इतना प्यार करते हैं और तेरा इतना ख्याल रखते हैं।' यह सुनकर मैं आश्चर्यचकित रह गई और मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। दादाजी के प्रति मेरे मन में श्रद्धा और स्नेह और भी बढ़ गया। मुझे अपने घरवालों के प्यार की कद्र महसूस हुई और मुझे अपनी स्थिति भी मजबूत नजर आई। फिर मैं पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने सभी सहपाठियों, सभी प्रोफेसरों से मिली और पूरे कॉलेज में मस्ती से घूमी। इस प्रकार मेरा कॉलेज का पहला दिन खुशी, आनंद और आत्मविश्वास के साथ बीता।

**-श्रुति सुकुमार**, बरेली

## नोटिस बोर्ड

- कुमाऊं विश्वविद्यालय (नैनीताल) में पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी परिसर, महाविद्यालय और संस्थानों के वे विद्यार्थी, जिन्होंने स्नातक अंतिम वर्ष या अंतिम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा तो उत्तीर्ण कर ली है, लेकिन पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा अभी तक पास नहीं कर पाए हैं, वे इस विशेष परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kunainital.ac.in के माध्यम से 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं।



- पीलीभीत में 12 दिसंबर को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। यह जॉब फेयर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से जेपी होटल एवं वेडिंग स्क्वायर में लगेगा, जिसमें 15 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जॉब फेयर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। जॉब फेयर में जॉब के लिए इंटरमीडिएट, ओ लेवल, ए लेवल, डिप्लोमा, आईटीआई, स्नातक व स्नातकोत्तर शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई है।
- अमेठी में महिलाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर उपलब्ध होने वाला है। जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 दिसंबर को एक दिवसीय नि:शुल्क पिंक रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में लगभग देश की 10 प्रतिष्ठित प्राइवेट कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां 12 वीं, स्नातक, आईटीआई और विभिन्न तकनीकी योग्यताओं रखने वाली महिलाओं को अवसर प्रदान करेंगी। मेला सुबह 10 :30 बजे से राजकीय महिला पॉलिटेक्निक परिसर में शुरू होगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर, योग्यता के अनुसार उपलब्ध कंपनियों में ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगी।

# हौसला हो तो छू लो आसमान

तामकीन फातिमा के हौसलों की उड़ान एक जीवंत प्रमाण है कि सपने, मेहनत और शिक्षा की ताकत से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। उनकी यात्रा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एसमयू) की कक्षाओं से शुरू होकर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं तक पहुंचना, युवाओं को कई महत्वपूर्ण संदेश देती है।


रूफिया खान
शिक्षिका

तामकीन की सफलता साबित करती है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाएं न केवल प्रवेश कर सकती हैं, बल्कि शीर्ष पर विराजमान हो सकती हैं। यूजीसी-नेट (जेआरएफ) में ऑल इंडिया रैंक 2, इसरो इंटर्नशिप और डीआरडीओ में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयन, ये सब उनकी प्रतिभा का प्रमाण हैं। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के दौर में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है, जहां वे राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी नवाचार में योगदान दे रही हैं।

तामकीन फातिमा एक उभरती हुई भारतीय वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक 'बी' के पद पर चयनित होकर देशभर में प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। वे अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पूर्व छात्रा हैं और उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि एसमयू की शिक्षा प्रणाली और महिलाओं की विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ती भूमिका का प्रतीक भी है।



## प्रेरणा और प्रभाव

तामकीन की यात्रा युवाओं, खासकर महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। एएमयू के फैकल्टी सदस्यों ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया, "यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संस्थागत गौरव भी है, जो एएमयू की उस विरासत को दर्शाता है, जो तकनीकी विशेषज्ञ और विद्वानों को जन्म देती है, जो भारत के विकास और रक्षा में योगदान देते हैं।" उनकी कहानी यह संदेश देती है कि शिक्षा, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना से देश के सबसे प्रतिष्ठित अवसरों के द्वार खुल सकते हैं। वे 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन के तहत भारत की तकनीकी संप्रभुता और रणनीतिक शक्ति में योगदान देने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या का प्रतीक हैं।

## भविष्य की योजनाएं

डीआरडीओ में शामिल होकर तामकीन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया है। वे भारत की रक्षा अनुसंधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हैं, जो उन्हें देश की वैज्ञानिक शक्ति का केंद्र बनाता है। उनकी यात्रा एएमयू के कक्षाओं से डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं तक पहुंची है और यह केवल शुरुआत मानी जा रही है। तामकीन फातिमा की कहानी साबित करती है कि मेहनत और शिक्षा से कोई सपना असंभव नहीं। तामकीन की उड़ान उन लाखों युवाओं के लिए मिसाल है, जो सोचते हैं कि 'मेरा बैकग्राउंड' या 'मेरा जेंडर' बाधा बनेगा। वह कहती हैं, "हौसला हो तो आसमान छू लो।"

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिकी विवि में चली गोली, छात्र की मौत

**फ्रैंकफर्ट।** अमेरिका की केंटकी स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय हॉल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में कम से कम एक छात्र की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध स्कूल का छात्र नहीं है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। फ्रैंकफर्ट के सहायक पुलिस प्रमुख स्कॉट ट्रेसी ने मंगलवार शाम को बताया कि दोपहर करीब तीन बजे हुई गोलीबारी का संदिग्ध केंटकी स्टेट का छात्र नहीं है। ट्रेसी ने बताया कि पुलिस ने गोलीबारी पर तुरंत कार्रवाई की। फ्रैंकफर्ट पुलिस का मानना है कि परिसर में सुरक्षा को लेकर इस समय कोई गंभीर चिंता नहीं है।

### भारतीय मूल के व्यक्ति को 25 साल की सजा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एक समुद्र तट पर 24 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 25 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। एबीसी न्यूज ने मंगलवार को अपनी खबर में बताया कि केर्न्स स्थित उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व नर्स राजविंदर सिंह (41) को टोया कॉर्डिंगली की हत्या का दोषी पाया। खबर के मुताबिक न्यायमूर्ति लिंकन क्रॉली ने कहा कि महिला की हत्या के पीछे राजविंदर सिंह का मकसद अज्ञात था। द गार्जियन ने बताया कि राजविंदर सिंह ने 21 अक्टूबर 2018 को केर्न्स के उत्तर में वांगेट्टी बीच पर कुत्ते को टहला रही कॉर्डिंगली की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सिंह भारत चला गया था।

### सूडान में ड्रोन हमले में दर्जनों लोगों की मौत

**जुबा।** सूडान के सशस्त्र बलों द्वारा मंगलवार शाम को देश की सबसे बड़ी तेल प्रसंस्करण ईकाई के पास किए गए ड्रोन हमले में दर्जनों लोगों की मौत हो गयी। 2023 से सूडान की सेना से लड़ रही आरएसएफ ने बताया कि दक्षिण सूडान की सीमा के पास हेगलिग स्थित तेल क्षेत्र पर उसके कब्जा करने के एक दिन बाद यह हमला हुआ। मृतकों और घायलों की सटीक संख्या की तुरंत पुष्टि नहीं की जा सकती। सात आदिवासी नेता और आरएसएफ के दर्जनों लड़ाके मारे गए हैं।

### मचाडो शांति पुरस्कार समारोह में नहीं जाएंगी

**ओस्लो।** नोबेल संस्थान के प्रमुख ने कहा है कि शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो बुधवार को ओस्लो में होने वाले पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं होंगी। मचाडो आखिरी बार 11 महीने पहले एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दी थीं। संस्थान के निदेशक क्रिस्टियन बर्ग हार्पविकेन ने बताया कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता समारोह के दिन नॉर्वे की राजधानी में मौजूद नहीं हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में किशोरों पर लागू हुआ सोशल मीडिया प्रतिबंध

- प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा- जिंदगियां बदल देगा यह सुधार

मेलबर्न, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध बुधवार से प्रभावी हो गया है और देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने दुनिया में इस तरह के पहले सोशल मीडिया प्रतिबंध का स्वागत किया है।

हालांकि अल्बनीज ने आगाह किया कि कार्यान्वयन कठिन हो सकता है। अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) को बताया कि आज वो दिन है जब ऑस्ट्रेलिया के परिवार इन बड़ी तकनीकी कंपनियों से अधिकार वापस ले रहे हैं और बच्चों के बच्चे होने के अधिकार और माता-पिता के मानसिक शांति के अधिकार पर जोर दे रहे हैं। अल्बनीज ने बाद में सिडनी में सुधार समर्थकों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा। ऑस्ट्रेलियाई बच्चों के लिए... उन्हें अपना बचपन जीने का मौका देगा। ऑस्ट्रेलिया के माता-पिता के लिए, उन्हें अधिक मानसिक शांति प्रदान करेगा जो हमारी ओर देख रहे हैं।

## पायलट ड्यूटी के नए नियम

भारत में पायलटों के लिए ड्यूटी और विश्राम के नियमों में बड़े बदलाव लागू होने के बाद पूरे विमानन क्षेत्र में हलचल मच गई है। नए नियम जहां विमानों, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माने जा रहे हैं, वहीं अन्य देशों से उन्हें कुछ ज्यादा सख्त बताया जा रहा है। नियमों का तुरंत असर विशेषकर इंडिगो जैसी बड़ी एयरलाइन पर स्पष्ट दिखाई दिया, जिसने सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं। अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। आइए जानते हैं पुराने नियम क्या थे, नए नियम कैसे बदले, दुनिया में क्या मानक हैं और भारत में विमानन नियामक डीजीसीए का क्या रुख है।

## आसमान में उथल-पुथल




### नए नियम में यह हुए बदलाव

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने 2025 में मौजूदा नियमों को पूरी तरह संशोधित कर दिया। सबसे अहम बदलावों में साप्ताहिक रेस्ट 36 से 48 घंटे, दो स्थानीय रातों के साथ कर दिया गया। नाइट ड्यूटी में भी बदलाव किया गया। रात की उड़ान अधिकतम 8 घंटे फ्लाइट टाइम, 10 घंटे ड्यूटी कर दिया गया। एक पायलट के लिए केवल 2 नाइट लैंडिंग कर दी गई जबकि पहले 6 तक अनुमति थी। एयरलाइंस को अब क्रू थकावट पर अनिवार्य रिपोर्टिंग करना होता है।

### दुनिया के अन्य देशों में नियम

अमेरिका, यूरोप और अन्य उन्नत विमानन बाजारों में पायलटों के लिए सख्त नियम पहले से लागू हैं। आईसीएओ भी सदस्य देशों को पायलटों की थकान को प्राथमिकता देने की सलाह देता रहा है। भारत के नए नियम अब वैश्विक मानकों से काफी हद तक मेल खाते हैं।

### ड्यूटी के पुराने नियम

पुराने विमानन नियमों के अनुसार भारत में पायलट को 36 घंटे का साप्ताहिक आराम मिलता था और रात की ड्यूटी 5 बजे तक ही थी यह ढांचा अंतर्राष्ट्रीय मानकों से कम सख्त माना जाता था।

### डीजीसीए ने कहा-सुरक्षा पहले

डीजीसीए का रुख साफ है। उसका कहना है कि नए नियम सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। पायलट थकावट एक गंभीर खतरा है। हालांकि अचानक संकट को देखते हुए नियामक ने इंडिगो सहित कुछ ऑपरेटरों को अस्थायी राहत/छूट दी, ताकि उड़ान संचालन सामान्य हो सके। साथ ही डीजीसीए ने स्पष्ट किया कि यह छूट अस्थायी है और सुरक्षा पर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### क्यों बिगड़ा हाल? उड़ानें रद्द होने का कारण

नए नियम लागू होने के तुरंत बाद कई एयरलाइंस, सबसे अधिक इंडिगो अपने रोस्टर को नए मानकों के अनुसार समायोजित नहीं कर पाईं। जिससे पायलट/केबिन क्रू की उपलब्धता अचानक कम हो गई। नाइट लैंडिंग और नाइट ड्यूटी सीमा से शेड्यूलिंग बाधित हुई। एयरलाइंस ने डीजीसीए को बताया कि नए नियम से तकनीकी दिक्कतें आईं जिससे हवाईअड्डों पर भीड़ हो गई। परिचालन में बाधा देश भर में महसूस की गई।

### अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की चिंता

भारत द्वारा एक एयरलाइन को ड्यूटी नियमों में छूट देने पर वैश्विक पायलट संघों ने सुरक्षा संबंधी चिंता जताई। उनका कहना है कि थकावट-रोधी नियमों में छूट देना लंबी अवधि में जोखिम पैदा कर सकता है। भारत के नए पायलट ड्यूटी नियम सुरक्षा की दृष्टि से एक सकारात्मक और आवश्यक बदलाव हैं। लेकिन अचानक परिवर्तन और सभी एयरलाइंस की तैयारियों में अंतर के कारण इसका असर सीधे उड़ान संचालन पर पड़ा। अगले कुछ महीनों में यह साफ हो जाएगा।

# भारत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देगा इटली : तजानी

## उप प्रधानमंत्री बोले-आर्थिक संबंधों की मजबूती को बढ़ाएंगे औद्योगिक सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि भारत की वृद्धि में इटली महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम एवं सह-विकास परियोजनाओं को मजबूत करने पर विचार कर रहा है। ताजानी अमेरिका की शुल्क नीतियों के मद्देनजर दुनिया भर में व्यापार संबंधों के पुनर्गठन की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उनके पास विदेश मंत्रालय का प्रभार भी है।

उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इतालवी विदेश मंत्रालय ने स्थानीय बाजार में प्रवेश करने और संयुक्त उद्यम बनाने वाली इतालवी कंपनियों का समर्थन करने के लिए भारत के लिए 50 करोड़ यूरो की एक समर्पित वित्तपोषण सुविधा (लाइन) शुरू की है। उन्होंने कहा कि अपनी इस यात्रा के माध्यम से मैं भारत में इटली की और इटली में भारत की मौजूदगी बढ़ाना चाहता हूं। भारत एक विशाल बाजार है, एक तेजी से विकसित होती आर्थिक शक्ति है। बुनियादी ढांचे से लेकर नई प्रौद्योगिकियों तक, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं से



नई दिल्ली में इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो ताजानी व सीओएनआई के अध्यक्ष लुसियानो के साथ केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा।

लेकर अंतरिक्ष तक विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं।

मंत्री ने कहा कि इतालवी कंपनियां इस असाधारण अवसरों से भरपूर देश में तेजी से रुचि दिखा रही हैं। मेरा मुख्य लक्ष्य उन्हें महत्वाकांक्षी और ठोस परिणाम प्राप्त करने में मदद करना है। ताजानी ने भारत को प्राथमिकता वाला देश बताया और उसे इटली का लंबे समय से भरोसेमंद मित्र करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक रणनीतिक साझेदार है और अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश एवं नवाचार के क्षेत्रों में एक विशेषाधिकार प्राप्त वार्ताकार है। इटली, भारत का यूरोप में एक प्रमुख साझेदार है और पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष नवंबर में दोनों पक्षों ने रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा एवं संपर्क जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशिष्ट पहलों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक महत्वाकांक्षी पांच वर्षीय रणनीतिक कार्य योजना पेश की थी। दोनों देशों के बीच वर्तमान में वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार करीब 14 अरब यूरो है और दोनों पक्ष एक मजबूत व्यापार ढांचे के तहत इसे बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हाल ही में इतालवी विशेषज्ञता को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के लिए एक निर्यात योजना भी शुरू की है और भारत रणनीतिक रूप से हमारी प्राथमिकता वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में 50 करोड़ यूरो का अतिरिक्त इतालवी निवेश हमारी कंपनियों की प्रतिबद्धता का एक ठोस संकेत है। उप प्रधानमंत्री ने कहा कि इटली की निर्यात ऋण एजेंसी ने पहले से जारी की गई दो अरब यूरो से अधिक की गारंटी के अतिरिक्त, स्थानीय मुद्रा में देश में अपना निवेश करीब 20 करोड़ यूरो तक बढ़ा दिया है। ताजानी ने कहा कि इटली न केवल अधिक निर्यात करना चाहता है बल्कि औद्योगिक सहयोग, संयुक्त उद्यम, सह-विकास और सह-उत्पादन परियोजनाओं को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखता है।

### व्यापार और निवेश को करेंगे संतुलित

तजानी ने कहा कि हम भारत से इटली सहित अपने व्यापार एवं निवेश लेन-देन को बढ़ा और संतुलित कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि हम एक स्थिर देश हैं। यूरोप में दूसरे सबसे बड़े विनिर्माता हैं और हम भारतीय उद्योग एवं विनिर्माण विशेष रूप से मशीनरी व उद्योग की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। ताजानी ने कहा कि इतालवी कंपनियां डिजाइन से लेकर उन्नत विनिर्माण तक, कृषि मशीनरी से लेकर रक्षा उद्योग और कई अत्याधुनिक क्षेत्रों में अग्रणी हैं।

## यूक्रेन-रूस शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अहम

**रोम।** पोप लियो 14वें ने कहा कि यूक्रेन शांति समझौते में यूरोप की भूमिका अनिवार्य है और उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन की उस कोशिश की आलोचना की जिसका उद्देश्य लंबे समय से बरकरार अमेरिका-यूरोप गठबंधन को तोड़ना है। लियो यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। जेलेंस्की कीव के लिए यूरोपीय समर्थन जुटाने के मकसद से एक बार फिर दौरे पर हैं। अमेरिकी पोप ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान युद्धविराम की जरूरत और रूसी अधिकारियों द्वारा ले जाए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में वेटिकन की मध्यस्थता के प्रयासों पर चर्चा हुई।

पोप से अमेरिकी शांति प्रस्ताव और वार्ता प्रक्रिया में यूरोपीय शक्तियों को किनारे किए जाने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यूरोप को बातचीत में शामिल किए बिना शांति समझौता करना अव्यावहारिक है क्योंकि युद्ध यूरोप में ही चल रहा है। आज और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी गारंटियों की तलाश की जा रही है। यूरोप को इसका हिस्सा होना चाहिए और दुर्भाग्य से हर कोई इसे नहीं समझता, लेकिन मुझे लगता है कि यूरोपीय नेताओं के एकजुट होकर समाधान खोजने का यह बड़ा अवसर है। पोप से अमेरिका की शांति योजना पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने यह टिप्पणी की।

# भारत में नए उड़ान नियम कार्यावधि को घटाने वाले : वॉल्श

- आईएटीए प्रमुख बोले-विमान सुरक्षा नियामक की जिम्मेदारी

जिनेवा, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि पायलटों के लिए नए उड़ान ड्यूटी नियम अन्य देशों की तुलना में कार्यावधि को सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं और स्थिति सामान्य होने में समय लगेगा। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के समक्ष पिछले एक सप्ताह में पेश हुई परिचालन संबंधी बाधाओं की पृष्ठभूमि में वॉल्श ने यह बात कही है। इन व्यवधानों के कारण इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द की गईं और हजारों यात्री प्रभावित हुए।

वॉल्श ने कहा कि भारत के नए नियम अन्य देशों के नियमों की तुलना में (कार्यावधि को) सीमित करने वाले प्रतीत होते हैं लेकिन मुझे लगता है कि आपको हमेशा यह स्वीकार करना होगा कि नियामकों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उद्योग सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये बदलाव सही कारणों से लागू किए गए हैं। अब बस कुछ समय की बात है जब सब कुछ सामान्य हो जाएगा। जेनेवा में एक मीडिया गोलमेज सम्मेलन में वॉल्श ने यह भी कहा कि पायलट की थकान के मानदंड एक ऐसा मुद्दा है जिस पर यूरोप और अमेरिका में हर समय




बहस होती रहती है। वॉल्श ने कहा कि भारत ने निर्णय लिया है कि वे उपाय करना चाहते हैं। खासतौर पर रात्रिकालीन परिचालनों के दौरान संभावित थकान को दूर करने के लिए, जिसका स्वाभाविक रूप से कम लागत वाली विमानन कंपनियों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि उनका व्यवसाय मॉडल ऐसा है... यह निराशाजनक है कि इस बदलाव के परिणामस्वरूप इतने यात्री प्रभावित हुए हैं। आईएटीएकरीब 360 विमानन कंपनियों का एक वैश्विक समूह है जो वैश्विक हवाई यातायात के 80 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करती हैं। आईएटीए के सदस्यों में एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट शामिल हैं। अन्य पहलुओं के अलावा, उड़ान ड्यूटी समयसीमा मानदंडों के दूसरे चरण ने पायलट द्वारा रात में की जाने वाली लैंडिंग की संख्या को सीमित कर दिया।

# दो चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1000 करोड़ रुपये के टोकन घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एचपीजेड टोकन निवेश धोखाधड़ी घोटाले के सिलसिले में दो चीनी नागरिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, जिसमें कोरोनाकाल के दौरान फर्जी कंपनियों के जरिये लोगों से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी किए जाने का आरोप है।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि चीनी नागरिकों के स्वामित्व एवं नियंत्रण वाली कंपनी 'शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड' ने कोविड लॉकडाउन के दौरान




'एचपीजेड टोकन' नाम के एक फर्जी मोबाइल एप का इस्तेमाल करके लोगों के साथ ठगी की।

जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपियों ने यह दावा करते हुए लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया कि उक्त रकम का इस्तेमाल 'क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग' में किया जाएगा, जिससे काफी उच्च रिटर्न हासिल होगा। सीबीआई की जांच में पता चला कि यह कोई छुटपुट घटना नहीं थी, बल्कि विदेशी नागरिकों द्वारा संचालित एक बड़े, सुनियोजित साइबर अपराध गिरोह से जुड़ी हुई थी। जांच एजेंसी ने पाया कि यह गिरोह कोविड-19 के बाद के दौर में भारतीय नागरिकों को निशाना बनाकर की गई कई साइबर धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार था, जिनमें कर्ज देने वाले एप, फर्जी निवेश एप और ऑनलाइन नौकरी की फर्जी पेशकश करने वाले मंचों का इस्तेमाल किया गया था।

# चंद्रयान की खोज ने चांद और मंगल मिशन तैयारियों को दी नई दिशा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चंद्रयान-3 द्वारा चांद पर उच्चस्तरीय तापमान और सक्रिय विद्युत वातावरण ने चंद्रमा और मंगल पर बस्ती बसाने के इरादों की दिशा बदल दी है। साथ ही नई सोच विकसित करने के लिए मजबूर कर दिया है। अब वैज्ञानिकों को चांद के वातावरण के अनुकूल इंसान को ढालने के लिए नए उपाय तलाशने होंगे।

हमारे नजदीक होने के कारण चंद्रमा ही एकमात्र ऐसा उपग्रह है, जो हमें दूसरे ग्रहों पर इंसान को ले जाने वाली अंतरिक्ष योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सहयोगी के रूप में बेहद मददगार साबित हो सकता है। चंद्रमा पर आगामी मिशन चलाने वाली स्पेस एजेंसियों में नासा, ईसा और चायना समेत इसरो प्रमुख हैं, जिनमें सर्वाधिक सक्रिय अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा है, जो आर्टेमिस मिशन के जरिए सबसे पहले चांद पर मानव दल पहुंचाना चाहता है और मंगल पर पहुंचने से पहले चांद को अपना पड़ाव बनाना चाहता है। मगर इसरो की नई खोज से आर्टेमिस मिशन में विलंब तो होगा। साथ ही, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तीन हजार केल्विन से अधिक तापमान में खुद को जिंदा



- चांद के अनुकूल इंसान को ढालने को नए उपाय तलाशने होंगे

रखने के लिए उपाय तलाशने होंगे। इसके अलावा चंद्रमा प र सक्रिय विद्युत वातावरण में रह पाना भी बड़ी समस्या चंद्रयान-3 के जरिए सामने आई है। दरअसल, माना जाता था कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव ठंडा है और तापमान शून्य से नीचे रहता है। लिहाजा इंसान के ठहरने के लिए चांद का दक्षिणी ध्रुव माकूल जगह हो सकती थी। मगर अब यह धारण बदल चुकी है। अब वैज्ञानिकों को सक्रिय विद्युत वातावरण से संचार और नेविगेशन में बदलाव करना होगा। वहां मौजूद प्लाज्मा रेडियो तरंगों में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अब उन्नत एंटीना और फ्रीक्वेंसी-एडाप्टिव सिस्टम नए तरीके से डिजाइन करने होंगे और रेडिएशन शील्डिंग व प्लाज्मा रेसिस्टेंट मटेरियल्स उपयोग में लाना होगा ताकि चन्द्रमा पर मौजूद रेडिएशन से बचा जा सके।

### चांद पर पहुंचने के लिए अहम है खोज

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, दूसरे ग्रहों पर मानव मिशन को सफल बनाने के लिए चंद्रमा की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। वैज्ञानिक मंगल पर जीवन की प्रबल संभावनाओं को लेकर आश्वस्त है। मंगल का रास्ता चंद्रमा से होकर जाता है जिस कारण चन्द्रमा को एक डिपो के रूप में तैयार करने की योजना दुनियाभर के वैज्ञानिकों की है।

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 दिसंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 13 .56 तक तत्पश्चात अष्टमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 12 दिसंबर 03 .55 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। ऑनलाइन कार्यों से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**वृष** — आज जोखिम भरे निवेश करने से पहले जानकारी लेलें। व्यापार में आपको एक से अधिक अवसर मिल सकते हैं। आपको त्वरित निर्णय नहीं लेने चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मिथुन** — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच अति उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

**कर्क** — आज दूसरों की सहायता करने से आपको सुकून मिलेगा, किंतु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहें। कोई शुभ समाचार आपका दिन बना देगा। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह** — आज दांपत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा में परेशानी होने की संभावना है। आपकी वाणी में सौम्यता आपको परिवार में विशेष सम्मान का हकदार बनाएगी। आपके रुके हुए कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या** — आज व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य आरंभ नहीं करना चाहिए। नाक, कान और गला संबंधी समस्या हो सकती है।

**तुला** — आज पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। विद्यार्थी अपनी रणनीति में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आज आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है। आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनाएंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है।

**धनु** — आज मस्तिष्क में नई योजनाओं का प्रवाह बढ़ता जाएगा। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पिता की बातें बुरी लग सकती हैं। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों में सावधानी रखें। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं।

**मकर** — आज गृहकार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। व्यापारिक डील में हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बना सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर रखें। खानपान में आप परिवर्तन कर सकते हैं।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आप अत्यंत प्रसन्न रहने वाले हैं। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

## सुडोकू-187

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| | | | | | 7 | 3 | | |
| | | 3 | | | | | | |
| | | 1 | 5 | | | | | |

### सुडोकू - 186 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |



मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से ज्यादा मैं किसी चीज से प्यार करती हूं। भारतीय जर्सी पहनना ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। आप अपनी सारी परेशानियां एक तरफ रख देते हैं और सिर्फ यही आपको जीवन पर ध्यान लगाने में मदद करता है।

-स्मृति मंधाना


# स्टेडियम

मुरादाबाद, गुरुवार, 11 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट

### मेसी को एमएलएस में दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)। इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेसी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मंगलवार को उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेसी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था। वह लीग के इतिहास में दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं।

### भारत ने स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया

**चेन्नई :** भारत ने स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पूल बी के पहले मैच में पहली बार खेल रही स्विट्जरलैंड को 4-0 से हराया। एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए मुकाबले में राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने दुनिया की 296वें नंबर की खिलाड़ी रॉबिन गडोला पर 3-0 (7-6, 7-6, 7-5) से कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ भारत को जीत की राह पर ला खड़ा किया। स्विस खिलाड़ी ने पहले गेम में 6-5 की बढ़त बनाई, जिसके बाद वेलावन ने दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और बाकी गेम भी इसी तरह कम अंतर से बराबर रहे। भारत की शीर्ष रैंक वाली 17 साल की अनाहत सिंह ने शांत प्रदर्शन करते हुए सेलीन वाल्सर को 3-0 (7-1, 7-4, 7-2) से हराया।

# दूसरे टी-20 में गिल पर रहेगी नजर

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज, छोटे प्रारूप में छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं शुभमन

मुल्लांपुर (चंडीगढ़), एजेंसी

अभी तक सबसे छोटे प्रारूप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। गिल के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चंडीगढ़ के ठंडे वातावरण में भारत का अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है।

समय शाम 7:00 बजे से



### संजू की जगह जितेश, अर्शदीप-कुलदीप को एक साथ फिट करना मुश्किल

**मुल्लांपुर (चंडीगढ़) :** ऑस्ट्रेलिया में खेले गए आखिरी तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में जितेश शर्मा को अंतिम एकादश में शामिल करना अगर प्रयोग जैसा लग रहा था तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन पर उन्हें प्राथमिकता देना अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले टीम प्रबंधन की सोच को स्पष्ट करता है। सैमसन की जगह निचले क्रम के किसी विशेषज्ञ फिनिशर को तरजीह देने के लिए थिंक टैंक को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। सैमसन को शुभमन गिल की वापसी के बाद बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष स्थान से हटा दिया गया था, जिसमें उनकी कोई गलती नहीं थी। तब से वह अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जितेश टीम में फिनिशर की अपनी भूमिका को अपनी रोजी-रोटी मानते हैं। अगर वह दक्षिण अफ्रीका और उसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला में खराब प्रदर्शन नहीं करते हैं तो यह तय है कि वह टी-20 विश्व कप में शुरुआती मैचों में विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। इस समय टीम में विकेटकीपर के विकल्पों के लिए सैमसन और जितेश के अलावा किसी और के नाम पर विचार करना भी मुश्किल है। क्रिकेट विशेषज्ञों का भी मानना है कि अगर सैमसन को शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिलता है तो फिर निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाले जितेश को ही टीम में रखना सही होगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में खेलने वाली टीम से यह भी संकेत मिला कि दो प्रमुख गेंदबाज अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव एक साथ अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं हो सकते हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक अच्छे बल्लेबाज को रखने के पक्ष में है। अर्शदीप को संयुक्त अरब अमीरात में स्पिन गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट पर अधिकतर मैच में बाहर बैठना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया में भी पांच मैच में से तीन मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में अर्शदीप को मौका मिला और इस प्रारूप में भारत की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करते हुए एक बार फिर टीम को शुरुआती विकेट दिलाए।

#### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

### सूर्यकुमार का सहज रवैया खिलाड़ियों को करता है प्रेरितः स्टेन

**कटक :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहज रवैया खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। स्टेन ने जियोस्टार पर कहा जब आपको अपनी टीम का समर्थन मिल रहा होता है और आप अपने माहौल में सहज महसूस करते हैं, तो आप अपने खिलाड़ियों के साथ खुलकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी जगह या कप्तानी को लेकर कोई खतरा महसूस नहीं होता। उन्होंने कहा जब आप टीम को सर्वोपरि रखते हैं। जब आप यह कहते हैं किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से सर्वश्रेष्ठ क्या है। टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। हर कोई इसी तरह का कप्तान चाहता है, जो आत्मविश्वास से भरा हो, मिलनसार हो और व्यापक हित के लिए समायोजन करने को तैयार हो।

# चोटें मानसिक मजबूती की परीक्षा लेती हैं: हार्दिक

- बोले- सकारात्मक सोच से ही दमदार वापसी में रहा सफल

कटक, एजेंसी



भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का मानना है कि चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने के बाद वह सकारात्मक मानसिकता से ही 'दमदार और बेहतर वापसी' करने में सफल रहे। एशिया कप के दौरान चोटिल होने वाले इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम में शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 28 गेंद पर नाबाद 59 रन की तूफानी पारी खेली और फिर 16 रन देकर एक विकेट लिया। भारत ने इस मैच में 101 रन से बड़ी जीत हासिल की।

हार्दिक ने बीसीसीआई टीवी पर जारी किए गए एक वीडियो में कहा मेरी सोच यह थी कि मैं पहले की तुलना में अधिक दमदार और बेहतर वापसी करूं। चोटें मानसिक रूप से आपकी परीक्षा लेती हैं और साथ ही कई तरह के संदेह भी पैदा करती हैं। इससे उबरने में अपने करीबी लोगों का भी बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा मैंने खुद को मजबूत बनाए रखा जिससे मुझे अधिक आत्मविश्वास मिला तथा खुद पर भरोसा करने और अपनी क्षमताओं पर पूरी तरह से विश्वास करने में मदद मिली है। मुझे एक खिलाड़ी के रूप में खुद पर पूरा भरोसा है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं, तो दूसरे आप पर कैसे विश्वास करेंगे। टी20 विश्व कप में भारतीय अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हार्दिक ने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं जो आत्मविश्वास अपने भीतर से प्राप्त करता है और लोग क्या सोच रहे हैं इसकी ज्यादा परवाह नहीं करता है।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं जीवन में बेहद ईमानदार और यथार्थवादी इंसान रहा हूं जिससे मुझे बहुत मदद मिली है। मुझे घुमा फिरा कर बात करना पसंद नहीं है। मैं इसकी परवाह नहीं करता कि अन्य लोग मेरे बारे में क्या सोच रहे हैं। मैं हमेशा इस पर ध्यान देता हूं कि मैं खुद के बारे में क्या सोच रहा हूं। हार्दिक ने कहा अब वो समय आ गया है जब हार्दिक पंड्या सिर्फ खेल खेलना चाहता है, मैदान पर हर पल का आनंद लेना चाहता है। अब बड़ा और बेहतर बनना ही मेरे जीवन का ध्येय है।

### संजू से प्रतिस्पर्धा करनी है तो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : जितेश

**कटक :** टी20 विश्व कप शुरू होने में अब जबकि दो महीने से भी कम समय बचा है तब खेल के इस छोटे प्रारूप में जितेश शर्मा विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत की पहली पसंद के रूप में उभरे हैं, लेकिन उन्होंने संजू सैमसन के साथ किसी तरह की प्रतिस्पर्धा को खास तवज्जो नहीं दी और कहा कि इससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में संजू के बजाय जितेश को अंतिम एकादश में रखा।

# भारत ने नौ साल बाद जीता कांस्य पदक

जूनियर हॉकी विश्व कप

- प्लेआफ मुकाबले में अर्जेंटीना को 4-2 से हराया

चेन्नई, एजेंसी



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

आखिरी 11 मिनट में चार गोल करके भारत ने 2021 की चैंपियन अर्जेंटीना को बुधवार को कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में 4-2 से हराकर नौ साल बाद जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पदक जीत लिया। दो बार (होबार्ट 2001 और लखनऊ 2016) में चैंपियन रही भारतीय टीम ने आखिरी बार नौ साल पहले कोई पदक जीता था। पिछले दो बार टीम कांस्य पदक का मुकाबला हारकर चौथे स्थान पर रही थी। भारत के लिए अंकित पाल (49वां), मनमीत सिंह (52वां), शारदानंद तिवारी (57वां) और अनमोल इक्का (58वां) ने गोल दागे। वहीं, अर्जेंटीना के लिये निकोलस रौद्रिगेज (पांचवां) और सैंटियागो फर्नांडिस (44 वां) ने गोल किए।

तीन क्वार्टर तक दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर में दनादन चार गोल करके खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मानो जान फूंक दी। पहले 49वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अंकित ने गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। वहीं, 52वें मिनट में भारत को फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनमोल इक्का के शॉट पर गेंद डिफ्लैक्ट होकर मनमीत की स्टिक से टकराकर गोल के भीतर गई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद लग रहा था कि मैच शूटआउट में जाएगा, लेकिन आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट बाकी रहते भारत को अहम पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे शारदानंद तिवारी ने गोल में बदलकर पहली बार भारत को बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना को अगले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस टूर्नामेंट की खोज रहे गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। भारत को 58वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को अनमोल इक्का ने गोल में बदला। पहले तीन मिनट में ही गोल गंवाने से स्तब्ध भारतीय टीम पहले पूरे क्वार्टर में दबाव में नजर आई। टूर्नामेंट के राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल करने वाली मेजबान टीम कठिन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ गोल करने के लिए जूझती दिखी। पिछले मैच में जर्मनी ने उसकी फॉरवर्ड पंक्ति को बांधे रखा तो वहीं इस मुकाबले में पहले हाफ में अर्जेंटीना के गोल में ज्यादा घुस नहीं पाये और एक भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में नाकाम रहे।

भारत को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में मिला। पेनल्टी कॉर्नर पर भारत की कमजोरी उजागर हुई जब लगातार चार मौकों में से एक भी तब्दील नहीं हो सका। अर्जेंटीना को इस बीच जवाबी हमलों में 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप ने एक बार फिर शानदार बचाव किया। तीसरा क्वार्टर खत्म होने से एक मिनट पहले सैंटियागो फर्नांडिस ने भारतीय डिफेंस को पूरी तरह चकमा देकर गोल कर दिया।

# जूनियर महिला विश्व कप हॉकी में भारत ने उरुग्वे को हराया

सैंटियागो (चिली), एजेंसी



जीत का जश्न मनाती भारतीय हॉकी जूनियर महिला टीम। एजेंसी

गोलकीपर निधि के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराकर जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में में नौवें स्थान पर रहने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले गए इस क्लासिफिकेशन मैच में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी।

भारत की तरफ से मनीषा ने 19वें मिनट जबकि उरुग्वे के लिए जस्टिना अरेगुई ने 60वें मिनट में गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में भारत की तरफ से पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे के तीन गोल का बचाव करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा रहा और उसने शुरुआत में ही कई मौके बनाए। हालांकि उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।

भारत ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन साक्षी राणा का शॉट विपक्षी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके कुछ क्षण बाद ही मनीषा ने हालांकि भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद अगले दो क्वार्टर में दोनों टीम ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए नहीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। जब मैच समाप्त होने में दो मिनट का समय बचा था तब उरुग्वे ने गोलकीपर की जगह एक फील्ड खिलाड़ी को मैदान में उतारा और उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई। अब खेल समाप्त होने में केवल दो सेकंड का समय बचा था कि तभी उरुग्वे को पेनल्टी मिली। जस्टिना अरेगुई ने इसे गोल में बदलकर मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया, जिसमें निधि के शानदार खेल से भारत जीत हासिल करने में सफल रहा।

# भारतीय निशानेबाजी लीग 16 फरवरी से

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारूप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने विज्ञप्ति में कहा एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है। इस प्रतियोगिता में कई वर्ग में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी जिसमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर थ्री पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। फ्रेंचाइजी आधारित टीम को लीग चरण के लिए दो पूल में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट दौर होंगे। खिलाड़ियों को चार टियर में चुना जाता है जिसमें एलीट चैंपियंस, विश्व एलीट, राष्ट्रीय चैंपियंस, और जूनियर और युवा वर्ग शामिल हैं जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्टार, शीर्ष भारतीय निशानेबाजों और उभरते हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों का मिश्रण सुनिश्चित होता है।

# अगले साल भारत में होगी राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप

**नई दिल्ली :** अगले साल नौ से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो खो विश्व कप की तरह होगा जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था। अहमदाबाद को हाल में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए मेजबान शहर के तौर पर आधिकारिक रूप से पुष्टि किए जाने के बाद यह भारत में पहला राष्ट्रमंडल खो खो टूर्नामेंट होगा।

सुधार

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन का मिला लाभ

# विराट कोहली वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे

दुबई, एजेंसी



भारत के महान क्रिकेटर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय बल्लेबाज का स्थान फिर हासिल करने की कवायद में आगे बढ़ते हुए बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। कोहली अप्रैल 2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा शीर्ष से हटाए जाने के बाद से दोबारा एकदिवसीय बल्लेबाजों सूची में नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाए हैं। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन की बदौलत दाएं हाथ का यह बल्लेबाज एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल करने के करीब पहुंच गया है।

सैंतीस साल के कोहली को तीन मैच में 302 रन बनाने के लिए सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और वह नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के सुधार से टीम के अपने साथी रोहित शर्मा के बाद दूसरे स्थान पर आ गए। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में 146 रन बनाकर रैंकिंग के शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी। कोहली विशाखापत्तनम में श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 65 रन की पारी की बदौलत रोहित से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। रोहित के 781 जबकि कोहली के 773 अंक हैं। शुभमन गिल चोट के कारण तीन मैच की सीरीज में नहीं खेल पाने के बावजूद पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई करने वाले लोकेश राहुल दो स्थान के फायदे से 12वें पायदान पर हैं।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), अर्शदीप सिंह (तीन पायदान ऊपर 20वें स्थान पर) और जसप्रीत बुमराह (छह पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) की भारत की तिकड़ी ने कटक में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 101 रन की जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया। यशस्वी जायसवाल टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बल्लेबाज बने हुए हैं। गिल और ऋषभ पंत एक-एक पायदान आगे बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो एशेज टेस्ट में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया बाएं हाथ का यह गेंदबाज तीन स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर है। स्टार्क ने दो मैच में 18 विकेट लिए हैं और इस वजह से वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक और सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार हैं। मोहम्मद सिराज (12वें), रविंद्र जडेजा (13वें) और कुलदीप (14वें) की भारतीय तिकड़ी को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। मौजूदा एशेज श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे इंग्लैंड के हैरी ब्रूक बल्लेबाजों की सूची में दो पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गए जबकि केन विलियमसन (दूसरे) और स्टीव स्मिथ (तीसरे) को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है।

### कुलदीप को तीन स्थान का हुआ फायदा



बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से तीसरे नंबर पर आ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक (तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर), एडेन मारक्रम (चार पायदान ऊपर 25वें स्थान पर) और तेम्बा बावुमा (तीन पायदान ऊपर 37वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।